ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 29 मई 2024
वर्ष 4, अंक 101, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमयी ग्रह 14

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे 13

विमान में बम की सूचना, यात्रियों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई2211) में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले बाथरूम में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। यह खबर विमान में बैठे यात्रियों में फैल गई और अफरातफरी मच गई। जिसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कई यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे वॉशरूम में पायलेट को टिशू पेपर मिला था। यह पेपर वॉशरूम में कैसे पहुंचा, इसकी जांच चल रही है।

● दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

सभी प्रोटोकॉल का पालन किया : इंडिगो प्रवक्ता

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डा सुरक्षा एजेंसियों के दिशानिर्देशों के अनुसार विमान को हवाई अड्डे के एक दूरस्थ स्थान पर ले जाया गया। सभी यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वाराणसी के लिए उड़ान पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

राजकोट अग्निकांड : गेम जोन का एक और साझेदार गिरफ्तार

अहमदाबाद। राजकोट अग्निकांड में जान गंवाने वाले 27 लोगों के मामले में गुजरात पुलिस ने टीआरपी गेम जोन के एक और साझेदार को गिरफ्तार किया है। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि धवल कॉर्पोरेशन के मालिक धवल ठक्कर को पड़ोसी राजस्थान के आबू रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह रेसवे इंटरप्राइज के पांच साझेदारों के साथ मिलकर टीआरपी गेम जोन चलाता था। मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

● मृतक के परिजन को दो लाख रुपये देगी केंद्र सरकार

मृतक के परिजनों को राज्य सरकार देगी चार लाख : राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। केंद्र सरकार ने भी प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

राम रहीम रणजीत मर्डर केस में बरी साध्वी रेप मामले में रहेगा जेल में

सिरसा, एजेंसी

हरियाणा में सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। मामले में 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था।

राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है और उस मामले में सजा बरकरार रहेगी। कुरुक्षेत्र के कोलिया गांव निवासी डेरा साधु रणजीत सिंह की 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि जो गुमनाम चिठी डेरा प्रमुख के खिलाफ जारी हुई वह रणजीत सिंह ने अपनी बहन से लिखवाई थी। हत्या के बाद हुई पुलिस जांच में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को इस केस में क्लीन चिट दे दी गई। जिसे मृतक रंजीत सिंह के पुत्र ने हाइकोर्ट में चुनोती दी जिससे बाद सीबीआई जांच हुई जिसमें रणजीत सिंह हत्याकांड में डेरा प्रमुख का नाम जुड़ गया।

● पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने दी बड़ी राहत, सीबीआई कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

कोर्ट ने बिभव को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी बिभव को 31 मई तक हिरासत में भेज दिया है। बिभव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी हैं। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है।

एक नजर

आपत्तिजनक पोस्ट पर केंद्रीय मंत्री के खिलाफ केस

राजकोट। फर्जी इंस्टाग्राम आईडी का उपयोग करके भ्रामक तस्वीरों और वीडियो के जरिए केंद्रीय मंत्री और राजकोट से भाजपा के उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला की छवि धूमिल करने के आरोप में पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता योगेश पंचानी की शिकायत के आधार पर साइबर सेल ने 26 मई को पांच इंस्टाग्राम उपयोगकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

राजस्व अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

जम्मू। सीबीआई ने मंगलवार को कहा कि उसने जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में एक राजस्व अधिकारी को जमीन संबंधी एक आवेदन पर कार्रवाई करने के एवज में कथित रूप से 18000 रुपये रिश्वत लेने को लेकर गिरफ्तार किया है। बनिहाल तहसीलदार के कार्यालय कानूनगो मोहम्मद इशाक भट शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

वोट जिहाद के लिए तृणमूल ने छीने ओबीसी के अधिकार : मोदी

प. बंगाल के बारासात में चुनावी रैली में ममता बनर्जी पर बरसे प्रधानमंत्री

● मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए ममता बनर्जी की आलोचना की

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और वोट जिहाद को बढ़ावा देने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं के अधिकार छीनने का आरोप लगाया।

बारासात में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए उनकी आलोचना की और आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या तृणमूल कांग्रेस प्रतिकूल फैसलों के बाद अब न्यायधीशों के पीछे भी अपने गुंडे छोड़ देगी?

उन्होंने कहा बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया, उसकी पोल अदालत ने खोल दी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का हक रातों-रात वोट जिहाद वालों की मदद के लिए लूट लिया। तृणमूल ने राज्य के ओबीसी समुदाय को धोखा दिया है।

दुमका में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री को सम्मानित करते भाजपा पदाधिकारी।

झारखंड में घुसपैठ बड़ा संकट

दुमका (झारखंड)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा घुसपैठ के कारण संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने सुना है कि लव जिहाद शब्द का ईजाद झारखंड के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के एक जिले में ईसाई समुदाय से जुड़े साप्ताहिक अवकाश का दिन रविवार से बदलकर शुक्रवार करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा अब झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता

मोदी ने कहा तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता। जो कोई भी तृणमूल के गुनाह सामने लाता है, वह उनको निशाना बनाती है। आपने भी देखा है कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक ने साफ-साफ कहा कि हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। इस पर बंगाल के संतों ने तृणमूल को गलती सुधारने के लिए कहा। लेकिन उसने हमारे संत समाज को ही गालियां देनी शुरु कर दी। मोदी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ दुनिया भर में सेवा और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस उन्हें खुलेआम धमकी दे रही है, उन्हें खुले मंच से चेतावनी दे रही है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के घटक दलों पर निशाना साधा।

अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा रेमल तूफान का असर

बारिश के दौरान मिजोरम में पत्थर खदान धंसने से 17 लोगों की मौत

आइजोल, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 17 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने बताया कि हमने अब तक 17 शव बरामद कर लिए हैं और बचाव अभियान जारी है। हमें आशंका है कि मलबे में अभी भी लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण आपदा स्थल पर बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्ला ने कहा कि बारिश के कारण राज्य में कई अन्य स्थानों पर भूस्खलन हुआ और कम से कम दो लोग बह गए। आइजोल के उपायुक्त नाजुक कुमार ने कहा कि जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक तलाश अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा हमने घटनास्थल से दो लोगों को जिंदा बचाया है। एक अधिकारी ने बताया कि आइजोल के सेलम वेंग में भूस्खलन से एक इमारत नष्ट हो गई, जिसके बाद से तीन लोग लापता हैं, और उनकी तलाश की जा रही है। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर भूस्खलन के कारण आइजोल का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया है। इसके अलावा कई अंतर-राज्य राजमार्ग भी भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं।

आइजोल में राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान धंसने और बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने खदान धंसने से मारे गए 8 मिजो लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और कहा कि शेष राशि उन्हें जल्द ही दी जाएगी। गृह मंत्री के सपडांगा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'चार गैर-आदिवासी लोगों की पहचान का सत्यापन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ हुई। हार्डकोर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान मौके के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह करीब 20 मिनट तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई है।

मुठभेड़ रुकने के बाद जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। सूचना मिली थी कि गोगुंडा की पहाड़ी पर नक्सली कमांडर जगदीश समेत भारी संख्या में हथियारबंद नक्सली हैं। इसी सूचना के आधार पर सुकमा से डीआरजी के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जवान जब इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

दंतेवाड़ा में 15 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

रायपुर/दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गिरसापारा की पहाड़ियों में सुरक्षाबल के जवानों ने पंद्रह नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए नक्सलियों में सात महिला और आठ पुरुष नक्सली हैं। इनमें से एक नक्सली बीजापुर और 14 नक्सली नारायणपुर जिले के हैं। सुरक्षाबलों को मिली इस कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई दी है।

स्याल्दे में खाई में गिरी कार, पति-पत्नी व बेटी की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के स्याल्दे विकास खंड में चचरेटी के पास कार तीन सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में सीएचसी देघाट में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी उनके चिकित्सक पति और आठ साल की बेटी की मौत हो गई। सोमवार शाम को हुए इस हादसे की सूचना मंगलवार तड़के तब मिली जब जैसे-तैसे ऊपर पहुंचे उनके ग्यारह साल के घायल बेटे ने आपबीती बताई। हादसे की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और आनन-फानन में स्थानीय लोग व राहत दल बचाव को पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार रुड़की में निजी क्लीनिक चलाने वाले डॉ. मुनेंद्र सिंह (46) पुत्र ईश्वर सिंह निवासी निजामपुर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देघाट में कार्यरत अपनी पत्नी नर्सिंग अधिकारी शशि सैनी (41) को छोड़ने के लिए कार (यूके08 यू 6028) से देघाट की ओर आ रहे थे। कार में बेटा अर्णव (11) और बेटी अदिति (8) भी थी। शाम करीब पांच बजे के आसपास अचानक स्याल्दे के चचरोटी के पास डॉ मुनेंद्र कार से नियंत्रण खो बैठे और कार करीब तीन सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतने सुनसान इलाके में हुआ था कि किसी को इसका पता नहीं चला। इधर, शाम से ही रुड़की में रह रहे परिजन मुनेंद्र व शशि का फोन मिला रहे थे। तीन बजे के बाद से उनका संपर्क नहीं हो रहा था। घंटों कॉल करने के बाद कोई रिस्पांस नहीं मिला तो शशि के भाई ने इस बारे में अल्मोड़ा पुलिस को सूचित किया।

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को लोकेशन के अनुसार मौके पर भेजा, पर सर्च अभियान चलाने के बाद भी किसी का कोई पता नहीं चला। न ही कहीं हादसा होने जैसे संकेत ही मिले। इधर, मंगलवार की तड़के तुराचौरा मार्ग पर एक बाइक सवार को अर्णव घायल हालत में मिला। जिसने बाइक सवार को हादसे की जानकारी दी। बाइक सवार ने तत्काल देघाट सीएचसी में इसकी जानकारी दी। हादसे की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और स्थानीय लोग रेस्क्यू में जुट गए। रेस्क्यू टीम बमुश्किल मौके पर पहुंची।

हादसे में मुनेंद्र, उनकी पत्नी शशि और मासूम बेटी अदिति की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। रेस्क्यू टीम ने शवों को खाई से निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भिजवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे की सूचना परिजनों को दे दी गई है। जबकि घायल अर्णव का अस्पताल में उपचार कराया गया। हादसे का कारण पता नहीं लग पा रहा है। जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां सड़क काफी चौड़ी है।

स्याल्दे के चचरोटी में खाई में गिरी कार।

● मंगलवार तड़के घायल 11 वर्षीय बेटे के ऊपर आने पर हादसे का पता चला

● सोमवार शाम से हो रही खोज, 12 घंटे बाद हादसे की सूचना से मचा हड़कंप

● हादसे का मंजर देख दहल गए स्थानीय लोग व राहत कर्मी

केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

फुलप्रूफ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की स्थायी व्यवस्था करें सुनिश्चित : रतूड़ी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि चारधाम यात्रा के साथ ही प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु फूलप्रूफ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की स्थायी व्यवस्था विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने चारधाम यात्रा प्रबंधन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए प्रतिष्ठित आईटी कन्सलटेन्सी कंपनी की मदद लें। चारधाम यात्रा के सुव्यवस्थित प्रबंधन तथा स्थायी समाधान में टेक्नोलॉजी ही मददगार हो सकती है।

मुख्य सचिव ने मंगलवार को ऋषिकेश स्थित यात्रा रजिस्ट्रेशन ऑफिस तथा ट्रांजिट कैंप पहुंचकर सभी अधिकारियों विशेषकर फील्ड पर कार्य करने वाले कनिष्ठ अधिकारियों से यात्रा प्रबंधन हेतु बनने वाली एसओपी के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि फील्ड अधिकारियों के कुशल प्रबंधन से राज्य में चारधाम यात्रा आरंभ में कुछ चुनौतियों के बाद पुनः सुचारू, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। वर्तमान में ऋषिकेश हरिद्वार के हॉलडिंग प्वाइंट में लगभग 3000 श्रद्धालु मौजूद हैं, जिन्हें धामों में भेजा जा रहा है। चारधाम से सभी श्रद्धालु यात्रा के पश्चात सकुशल वापस लौट रहे हैं।

हरिद्वार से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पुनः शुरू किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा से संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को नए ठहराव स्थलों को चिन्हित करने के साथ ही वहां पार्किंग स्थल विकसित करने के निर्देश दिए।

● मुख्य सचिव ने किया ऋषिकेश रजिस्ट्रेशन ऑफिस का दौरा

मिला तकनीक का साथ

आरबीआई ने शुरू किया रिटेल डायरेक्ट एप, सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रवाह पोर्टल भी लांच

एप से हो सकेगी सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री

मुंबई, एजेंसी

रिजर्व बैंक ने सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागदारी के लिए मंगलवार को मोबाइल ऐप और सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन को लेकर प्रवाह पोर्टल शुरू किया गया। खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। प्रवाह पोर्टल से विभिन्न नियामकीय मंजूरियों के लिए सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि यह पोर्टल रिजर्व बैंक की तरफ से नियामकीय मंजूरी देने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को सुगम बनाएगा।

● वर्तमान में रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की प्रदान करता है सुविधा

● खुदरा प्रत्यक्ष योजना के तहत भारतीय रिजर्व बैंक ने मुहैया कराई है यह सुविधा

गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा शुरू की गई इस तीसरी पहल का मकसद नियामकीय दृष्टिकोण से क्षेत्र की बेहतर समझ के लिए भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के आंकड़ों का भंडारण करना और उचित नीति दृष्टिकोण तैयार करने में सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने बयान में पोर्टल की विशेषताओं को साझा करते हुए कहा कि विभिन्न नियामक और निगरानी विभागों से जुड़े 60 आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा किये जा सकते हैं। संबंधित इकाई पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को देख सकती है। साथ ही आरबीआई किसी आवेदन से संबंधित निर्णय समयबद्ध तरीके से भेज सकता है। इसमें कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर और आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री से जुड़े 'रिटेल डायरेक्ट' मोबाइल ऐप के संबंध में बयान में कहा गया है कि इसके जरिये खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। मोबाइल ऐप को एंड्रॉयड यूजर प्ले स्टोर और आईओएस यूजर ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

वर्तमान में, रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को भारतीय रिजर्व बैंक के साथ खुदरा प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है। खुदरा प्रत्यक्ष योजना के तहत यह सुविधा दी गयी है। पोर्टल नवंबर, 2021 में शुरू किया गया था। यह खुदरा निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने के साथ-साथ द्वितीयक बाजार में उसे खरीदने और बेचने की सुविधा देता है।

मोबाइल की ठीक लोकेशन नहीं मिलने पर 12 घंटे के सर्च के बाद मंगलवार तड़के घटनास्थल पर पहुंची टीम, रातभर नहीं मिली कामयाबी

घायल अर्णव पूरी रात छानता रहा जंगल, रेस्क्यू टीम होती रही गुमराह

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सोमवार की शाम चचरोटी के पास हुए कार हादसे के बाद देर रात होश में आए अर्णव को पता नहीं था कि इस दर्दनाक हादसे में वह अपने माता-पिता और मासूम बहन को खो चुका है।

खाई से उठकर वह मदद के लिए रात भर जंगल की खाक छानता रहा। वहीं इस परिवार की खोजबीन कर रही पुलिस और एसडीआरएफ को मुनेंद्र के मोबाइल की लोकेशन गुमराह करती रही और वह रात भर उन्हें खोजते रह गए। भोर होने पर हल्का उजाला हुआ तो जैसे तैसे अर्णव सड़क तक पहुंचा। वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार को अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद इस दर्दनाक हादसे का पता चल सका। सोमवार की सुबह नर्सिंग अधिकारी शशि सैनी का परिवार उन्हें सीएचसी देघाट छोड़ने के लिए हंसी खुशी रुड़की से निकला। शशि के पति मुनेंद्र कार चला रहे थे, जबकि स्कूल की छुट्टियां होने के कारण उनका बड़ा बेटा अर्णव और मासूम बेटी अदिति भी उनके साथ हो चले। रास्ते में चारों हंसी ठिठौली करते कुछ दिन देघाट में ही रहने का मन बना चुके थे, लेकिन शायद नियति को उनकी यह खुशियां मंजूर नहीं थी। देघाट पहुंचने से कुछ दूर पहले ही जैनल देघाट मार्ग पर चचरोटी के पास मुनेंद्र कार से संतुलन खो बैठा और कार गहरी खाई में समा गई। सुनसान जगह होने के कारण किसी को हादसे का पता चला। देर रात हादसे में बेहोश अर्णव को होश आया तो वह मदद के लिए चिल्लाया, लेकिन बियावान जंगल में उसकी आवाज किसी ने नहीं सुनी। हिम्मत कर वह रात भर जंगल छानता रहा और सड़क तक पहुंचने की कोशिश करता रहा। इधर किसी अनहोनी की आशंका के चलते मुनेंद्र के परिजनों ने अल्मोड़ा पुलिस से मदद मांगी तो तत्काल रेस्क्यू टीम ने अपना ऑपरेशन शुरू किया। शशि और मुनेंद्र के मोबाइल सर्विलांस पर डाले गए तो मुनेंद्र के मोबाइल फोन की लोकेशन डोटियाल देघाट मार्ग पर बाजखेत के आसपास की मिल रही थी। जिस कारण पुलिस और अल्मोड़ा से पहुंची एसडीआरएफ की टीम भटक गई। पूरी रात सर्च के बाद भी टीम के हाथ कुछ नहीं लगा, लेकिन सुबह होने जब अर्णव तुराचौरा के पास पहुंचा तो उसके वहां से गुजर रहे बाइक सवार को अपनी आपबीती सुनाई। जिसके बाद रेस्क्यू टीम को दुर्घटनास्थल का पता चल सका।

घटनास्थल पर बचाव कार्य करती टीम। ● अमृत विचार

समय पर पता चलता तो बच जाती जान

अल्मोड़ा : चचरोटी के पास हुए सड़क हादसे की जानकारी अगर समय से मिल जाती तो इस हादसे के मृतकों की जान बचाई जा सकती थी। आशंका जताई जा रही है कि यह हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे से पांच बजे के आसपास हुआ होगा, लेकिन सुनसान जगह और गहरी खाई होने के कारण किसी को हादसे का पता नहीं चला। अर्णव के अनुसार जब उसे होश आया तो अंधेरा हो चुका था, लेकिन वह फिर भी हिम्मत कर रात भर मदद मिलने की उम्मीद में वहां से निकलने की कोशिश करता रहा, लेकिन घने जंगल में उसकी कोशिश काम नहीं आई। घायल मुनेंद्र, शशि और उनकी बेटी अदिति रात भर गंभीर अवस्था में खाई में पड़े रहे और मदद ना मिलने के कारण उनकी जान चली गई।

पल भर में बिखर गया शशि के परिवार का ताना बाना

अल्मोड़ा : रुड़की निवासी शशि सैनी का परिवार हंसी शुशी अपनी जिंदगी व्यतीत कर रहा था। करीब तीन महीने पहले फरवरी माह में ही शशि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देघाट में बतौर नर्सिंग अधिकारी अपनी सेवाएं शुरू की थी, जबकि उनके पति मुनेंद्र रूड़की में अपना निजी क्लीनिक चला रहे थे। दो मासूम बच्चे अलग अलग कक्षाओं में रुड़की में ही शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। कुछ दिनों पहले शशि अपने घर रुड़की गई हुई थी और सोमवार को पूरा परिवार देघाट आ रहा था, लेकिन शशि और उसके परिजनों की खुशी नियति को रास नहीं आई और यह दर्दनाक हादसा हो गया और शशि के परिवार का ताना बाना बिखर कर रह गया।

बेटे अर्णव और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

अल्मोड़ा : मंगलवार की सुबह जब 11 वर्षीय मासूम अर्णव को जब अपने माता-पिता और बहन की मौत का पता चला तो तब से वह गहरे सदमे में है। रो-रोकर उसका बुरा हाल है। अर्णव को अब भी यकीन नहीं हो रहा है कि वह अपने माता-पिता और छोटी बहन को हमेशा के लिए खो चुका है। रुड़की से पहुंचे परिजन भी नियति के इस खेल को कोस रहे हैं, लेकिन अब कोई कर भी क्या सकता है। हादसे के बारे में जिसने भी सुना उसकी आंख नम हो जा रही है। मंगलवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव रानीखेत में उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। हादसे के बाद देघाट क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों समेत नर्सिंग अधिकारी संघ अल्मोड़ा ने भी इस हादसे पर गहरी संवेदना प्रकट की है।

सार-संक्षेप

डीएम से की कार पार्किंग और समस्याओं के समाधान की मांग

नैनीताल : नैनीताल में स्थानीय लोगों के लिए कार पार्किंग निर्माण की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी के नाम सुझाव ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द कार पार्किंग की व्यवस्था की मांग की। मंगलवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन नेगी और महासचिव त्रिभुवन फर्तियाल ने अपर जिलाधिकारी पिंचाराम चौहान के माध्यम से जिलाधिकारी के नाम भेजे ज्ञापन में कहा है कि शहर में रिक्त पड़े सरकारी, कैंट भूमि, गैर सरकारी, निजी भूमि, ग्रीन बेल्ट की भूमि का उपयोग कर स्थानीय व पर्यटकों के वाहनों के लिए पार्किंग बनाई जाए। मेट्रोपोल के ऊपरी भू-भाग में खंडहर हुए भवनों को ध्वस्त कर बहुमंजिली पार्किंग का निर्माण किया जाए, जिससे शहर में लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। साथ ही पूर्व की भांति नैनीताल क्लब से बीडी पांडे अस्पताल तक वाहनों की आवाजाही को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए।

रोटरी क्लब ने छात्राओं को वितरित की छात्रवृत्ति

नैनीताल : रोटरी क्लब की ओर से नैनीताल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की 40 छात्राओं को कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की पढ़ाई के लिए छात्रवृति प्रदान की गई। वहीं मंगलवार को बोट हाउस क्लब में एक कार्यक्रम के दौरान 18 छात्राओं के विद्यालयों के प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के रूप में चेक दिए गए। साथ ही 11 अन्य बालिकाओं को और उनकी माताओं को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 की ओर से संचालित कार्यक्रम बेटी शिक्षित, माता वंदित के अंतर्गत उपहार देकर समानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नीता बोरा ने विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, आरबी सिंह, विजय कृष्ण, मीडिया प्रभारी सुमित खन्ना, शैलेंद्र साह, हरीश नयाल, जेके शर्मा, हारुन खान, पम्मी आदि मौजूद रहे।

बिना लाइसेंस के पर्यटकों को गाइड करने पर होगी कार्रवाई

नैनीताल : बिना लाइसेंस के गाइड का कार्य कर रहे लोगों पर पालिका ने चालान की कार्रवाई शुरू कर दी है, जिसके बाद अब गाइडों की ओर से लाइसेंस के लिए पालिका में आवेदन शुरू कर दिया है। कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी ने बताया कि 45 गाइडों की ओर से लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया था, जिसमें से 35 का पुलिस सत्यापन व मेडिकल हो चुका है, 14 को लाइसेंस जारी भी कर दिए गए हैं। कहा कि गाइड के लाइसेंस के लिए नैनीताल की संपूर्ण जानकारी वाले गाइड को ही लाइसेंस दिया जाएगा। अगर बिना लाइसेंस के किसी भी गाइड को गाइडिंग करते पकड़ा जाता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में कुमाऊं विवि का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नैनीताल : संदीप विश्वविद्यालय नासिक में 17 से 20 मई तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ड्रॉप रोबॉल महिला एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंगलवार को क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने कुलपति प्रो. दीवान एस रावत को ट्रॉफी सौंपी। डॉ .नागेंद्र शर्मा ने बताया कि टीम में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुल 21 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टीम मैनेजर एवं टीम के कोच के रूप में लोकेश पांडे एवं ममता मलकानी सम्मिलित रहे।

कुलपति को ट्रॉफी सौंपते क्रीड़ाधिकारी।

ग्राम धूरा में महायज्ञ का भंडारे के साथ पारायण

भीमताल : आदि कैलाश धाम पिनरो के ग्राम धूरा में तीन दिवसीय महायज्ञ प्रारूप का भंडारे के साथ पारायण हुआ। आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया ने बताया कि धूरा निवासी सनातनी मुरली मनोहर जोशी महाराष्ट्र में निवास करते हैं और वहां से गुजरात तथा अन्य प्रदेशों में सनातनी धर्म का प्रचार प्रसार का कार्य भी करते हैं। उनके द्वारा नौ लाख चंडी मंत्र का अनुष्ठान किया गया था जिसके तहत 10वां हिस्सा हवन के रूप में आयोजित हुआ। इस दौरान भौर्सा, पिनरौ, बानना, पस्तोला, देवका धूरा, बूढ़ाधूरा, अमृतपुर, अमिया के श्रद्धालु मौजूद रहे।

ग्राम धूरा में आयोजित महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु।

आठ माह बाद भी परवान नहीं चढ़ सकी पेयजल योजना

जापान इंटरएक्टिव कॉरपोरेशन एजेंसी जायका से मिलनी थी धनराशि, भीमताल और भवाली में पानी उपलब्ध नहीं होने से त्राहि-त्राहि



संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल और भवाली में पानी उपलब्ध नहीं होने से त्राहि त्राहि मची है। यह त्राहि गर्मी प्रारंभ होने के साथ ही प्रारंभ हो जाती है और विभाग को उपभोक्ताओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के भी गुस्से का सामना करना पड़ता है।

इन सबसे बचने के लिए और उपभोक्ताओं को हर समय पानी उपलब्ध हो इसके लिए केन्द्र सरकार ने उत्तराखंड के 28 शहरों की सूची तैयार करवाई और इसी के तहत पेजयल निगम से भीमताल और भवाली के लिए एक विस्तृत योजना बनाने के लिए प्रस्ताव मांगा था। इस योजना को जापान इंटरएक्टिव कॉरपोरेशन एजेंसी जायका से फंडिंग होनी थी। इसके तहत एक बार आठ माह पूर्व जायका से शिष्टमंडल विभाग के द्वारा चिन्हित स्थानों का निरीक्षण भी कर गया, पर उसके बाद योजना परवान नहीं चढ़ सकी। विभागीय जानकारी के मुताबिक इस योजना के तहत जहां भवाली में विस्तृत कार्य होने थे वहीं अकेले भीमताल के वार्ड संख्या एक महरागांव से लेकर नौकुचियाताल तक और नए नगर पालिका में पांच वर्ष पूर्व सम्मिलित क्षेत्र में भी पानी उपलब्ध कराने की योजना थी। नए 10 पानी के टैंकों का निर्माण होना था। दस नए बोरिंग बनाए जाने थे। इतना ही नहीं पूरे शहर में नई डिस्ट्रीब्यूशन लाइन और मेन लाइन का निर्माण होना था। वहीं कई अन्य कार्य भी प्रस्तावित किए गए थे जिससे आने वाले कई दशकों तक पानी की समस्या का समाधान हो जाता पर विकास की यह महत्वपूर्ण योजना परवान नहीं चढ़ने के कारण हर वर्ष पानी की समस्या भीमताल और भवाली में विकराल रूप धारण कर रही है।

बोले लोग

नगर के लिए महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना को शीघ्र स्वीकृत कर देना चाहिए ताकि पेयजल की समस्या से निजात मिल सके।
-देवेन्द्र चनौतिया, निवर्तमान चेयरमेन, नगर पंचायत

भीमताल की महत्वपूर्ण समस्याओं में से एक पानी की समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए मंत्री और सचिव से मुलाकात कर योजना को स्वीकृत कराने का प्रयास करेंगे।
-दिनेश सांगुड़ी, पूर्व जिला मंत्री, भाजपा

गर्मी प्रारंभ होते ही पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस योजना के स्वीकृत होने के बाद पानी की समस्या का समाधान होगा। ऐसी क्षेत्र को आस है।
-कार्तिक कनार्टक, सामाजिक कार्यकर्ता

पानी से ही सब है। वर्तमान में पानी की समस्या काफी गंभीर होते जा रही है। इस योजना के तहत भीमताल का लगभग हर क्षेत्र लाभांवित होता।
-राकेश वृजवासी, कांग्रेस कार्यकर्ता

प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया था। उसके बाद जायका से शिष्टमंडल ने भीमताल और भवाली का निरीक्षण भी किया था। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ करने की कार्रवाई की जाएगी। **-संजय कुमार**, सहायक अभियंता, जल निगम भीमताल

महरागांव की पेयजल समस्या के समाधान के लिए करवाई बोरिंग

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल से लगती ग्राम पंचायत महरागांव में शीघ्र ही पेयजल समस्या का समाधान होगा। जल संस्थान ने वहां जल जीवन मिशन के तहत लगभग पांच फिट गहरी बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया है। विभाग के मुताबिक जिस स्थान में बोरिंग की गई है उस स्थान में विभाग को खासा पानी मिला है।

विभाग की माने तो वहां पर पांच सौ लीटर पानी प्रति मिनट उपलब्ध होने की संभावना है। विभाग की जानकारी के मुताबिक कुछ कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जाना बाकी है। उसके बाद पानी क्षेत्रवासियों को उपलब्ध हो जाएगा। मालूम हो कि महरागांव भीमताल नगर से लगा हुआ क्षेत्र है और यहां पर स्टार स्तर के होटल रिर्सोट गेस्ट हाउस आदि भी है। ऐसे में पानी की किल्लत के चलते यहां पर अधिकांश लोगों को पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर रहना होता है। ऐसे में विभाग के द्वारा किए गए बोरिंग के कार्य से क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलने की संभावना है। स्थानीय जनता ने बताया कि बोरिंग की मांग कई समय से लंबित थी। वहीं उन्होंने शीघ्र ही पानी मिलने की संभावना व्यक्त की है।

विभाग की ओर से बोरिंग का कार्य करा दिया गया है। इस बोरिंग से ग्राम पंचायत महरागांव के उपभोक्ताओं को लाभांवित किया जाएगा।
-आरपी डोबवाल, सहायक अभियंता, जल संस्थान

मौन पालन को बनाएं आजीविका का साधन

संवाददाता, नैनीताल

- गोविन्द बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ राज्यपाल ने की बैठक
- 31 मई को राजभवन में आयोजित होगा हनी उत्सव

अमृत विचार : उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि उत्तराखंड में मौन पालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। मौन पालन के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने और उन्हें इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया जाना जरूरी है।

राज्यपाल ने कहा कि मौन पालन आजीविका का बड़ा साधन बन सकता है। इसके उत्पादन से जहां आर्थिकी में बढ़ोत्तरी होगी वहीं यह रोजगार के लिए भी महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि मौन पालन के क्षेत्र में महिलाओं, युवाओं को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। मंगलवार को राजभवन में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान और निदेशक शोध अजीत नैन से बैठक कर राज्यपाल ने बताया कि मौन पालन के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए राजभवन नैनीताल में 31 मई को हनी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित उत्सव में वैज्ञानिक शहद उत्पादन की नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी देंगे। इसके साथ ही शहद की वैरायटी का प्रदर्शन और शहद उत्पादन के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि शहद उत्पादन के क्षेत्र में क्रांति लाने की जरूरत है। इसके लिए विश्वविद्यालय लीड ले और किसानों को मौन पालन के लिए प्रेरित करे। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि विश्वविद्यालय ने मौन पालन के क्षेत्र में रिचर्स किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में शहद उत्पादन के क्षेत्र में काफी अधिक संभावनाएं हैं और यहां 40 हजार टन तक के उत्पादन की क्षमता है। इसके साथ-साथ उत्तराखंड में प्रत्येक मौसम में अलग-अलग वैरायटी का शहद उत्पादन भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा शहद उत्पादन के क्षेत्र में स्लोवेनिया से एमओयू किया गया है जिसमें उत्तराखंड और स्लोवेनिया मौन पालन के क्षेत्र में बेस्ट प्रैक्टिसेज को साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि मौन पालन हेतु विश्वविद्यालय में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं जो मुख्य रूप से महिलाओं और युवाओं को मौन पालन के लिए प्रशिक्षित करेंगे।

राज्यपाल गुरमीत सिंह का स्वागत करते पंतनगर विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान। साथ में मौजूद निदेशक (शोध) अजीत नैन। ● अमृत विचार

पार्किंग निर्माण के संबंध में जानकारी ली

भीमताल : भीमताल में पिछले पांच साल से प्रस्तावित पार्किंग निर्माण की जानकारी लेने के लिए एक बार फिर जिला विकास प्राधिकरण के सचिव विजयनाथ शुक्ला ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग और मत्स्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। मालूम हो कि इस प्रार्किंग निर्माण स्थल को देखने के लिए दो बार सचिव उत्तराखंड शासन अरविंद हयांकि समेत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत भी निरीक्षण कर चुके हैं।

पहले काउंटर से लेना होगा टिकट, फिर मिलेगी बस में सीट

नैनीताल : रोडवेज की बसों में यात्रियों की भीड़ लग रही है। यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण बसों में यात्री ठूंस ठूंस कर यात्रा कर रहे हैं। जिस कारण बसों में धक्का-मुक्की होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसको लेकर अब नैनीताल रोडवेज बस स्टैंड में टिकट काउंटर खोल दिए हैं। रोडवेजज की स्टेशन अधीक्षक विमला रौतेला ने बताया कि पर्यटकों की भीड़ के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए टिकट सिस्टम लागू किया गया है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

श्रद्धा 15 जून को धूमधाम से होगा मुख्य आयोजन, 7 से 15 जून तक चलते रहेंगे विभिन्न कार्यक्रम, कलश यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा

मां नयना देवी मंदिर का स्थापना दिवस मनाने की तैयारियां तेज

धर्म

- 9 दिन तक हर रोज श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन होगा
- 11 जून को दोपहर में सुंदरकांड के पाठ में हिस्सा लेंगे श्रद्धालु

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से 15 जून को मंदिर का 141वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

मंगलवार को पत्रकार वार्ता में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने बताया कि 7 जून से 15 जून तक मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम होंगे, जिसमें 7 जून ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को सुबह जल पूजन व कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे आरती व प्रसाद वितरण होगा, जिसके बाद 9 दिन तक हर रोज श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन पंडित मनोज कृष्ण जोशी की ओर से किया जाएगा। वहीं 11 जून को दोपहर में सुंदरकांड का पाठ होगा, 15 जून शनिवार ज्येष्ठ शुक्ल नवमी पर स्थापना के मौके पर ब्रह्म मुहूर्त में मां नैना देवी की पूजा के उपरांत कुल पूजा, देव पूजन, पूर्णाहुति, कथा प्रवचन, व्यास पूजन, पुस्तक पूजन, कन्या पूजन, ब्रह्मांड पूजन होगा। दोपहर एक बजे से महा भंडारा लगेगा वहीं शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

इस दौरान सचिव हेमंत साह, उपसचिव प्रदीप साह, मुख्य पुजारी बसंत बल्लभ पांडे, ट्रस्टी मनोज चौधरी, मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, शैलू मेलकानी आदि मौजूद रहे।

पत्रकारों को आयोजन की जानकारी देते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

51 शक्तिपीठों में से एक है मां नयना देवी मंदिर

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पुराणों में वर्णित है कि अत्रि, पुलस्तय पुलह ऋषियों ने इस घाटी में तपस्या कर तपोबल से मानसरोवर का पानी खींचा। नैनीझील के जल को मानसरोवर की भांति पवित्र माना गया है।

झील के किनारे स्थित श्री मां नयना देवी मंदिर भारत के 51 शक्तिपीठों में से एक है। कहा जाता है कि देवी सती के पिता दक्ष प्रजापति ने विशाल यज्ञ कर उसमें भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया। इस बात से खिन्न होकर अगले जन्म में भी शिव की पत्नी बनने की कामना के साथ देवी सती ने यज्ञ कुंड में अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। इस भयानक घटना से स्तब्ध और दुखी होकर भगवान शिव अपने सारे कर्तव्यों से विमुख होकर देवी सती का पार्थिव शरीर अपने कंधे पर टांगे ब्रह्मांड में भटकने लगे। सृष्टि का संतुलन बिगड़ने से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। तब सृष्टि के संरक्षक भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को खंड-खंड कर दिया और देवाधिदेव शिव को इस दुस्सह यातना से मुक्ति दी। महादेवी सती के शरीर के अंग जहां जहां गिरे, कालांतर में वहां शक्तिपीठ बन गए। वहीं नैनीताल में देवी सती की बांई आंख गिरी जो एक रमणीक सरोवर में रूपांतरित हो गई। उन्नीसवीं शताब्दी में नैनीताल की खोज होने पर स्थानीय निवासी मोती लाल शाह की ओर से सरोवर के किनारे श्री नयना देवी मंदिर का निर्माण करवाया गया। दुर्भाग्यवश 1880 के भूस्खलन में यह मंदिर नष्ट हो गया। बताया जाता है कि मां नयना देवी ने मोतीलाल शाह के पुत्र अमरनाथ शाह को स्वप्न में उस स्थान का पता बताया जहां उनकी मूर्ति दबी हुई थी। तब अमरनाथ शाह द्वारा देवी की मूर्ति का उद्धार किया और नए सिरे से मंदिर का निर्माण किया तथा 1883 में मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हुआ।

नयना देवी मंदिर। ● अमृत विचार

एक नजर

उपराष्ट्रपति धनखड़ कल कैंची धाम के करेंगे दर्शन

पंतनगर/हल्द्वानी : देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को नैनीताल जिले के दौरे पर पहुंच रहे हैं। उनका भवाली में कैंची धाम में बाबा नीब करौरी आश्रम में दर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसको लेकर पंतनगर एयरपोर्ट की निदेशक मोनिका गुप्ता डेम्बला ने बताया कि उपराष्ट्रपति धनखड़ के आने का कार्यक्रम उन्हें मिल गया है। इसके तहत उनका विमान बरेली, पंतनगर अथवा हल्द्वानी में लैंड हो सकता है। हालांकि इसकी पुष्टि आज अधिकारिक कार्यक्रम आने के बाद होगी। इधर, हल्द्वानी के सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उपराष्ट्रपति धनखड़ गुरुवार को कैंची धाम जा सकते हैं। उनका विमान आर्मी कैंट में बने हेलीपैड पर उतर सकता है। हालांकि अधिकारिक कार्यक्रम आने के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकेगी।

साढ़े पांच घंटे देरी से पहुंची गरीब रथ एक्सप्रेस

हल्द्वानी : कानपुर से काठगोदाम रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस मंगलवार को साढ़े पांच घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची। आमतौर पर ट्रेन दोपहर 3.55 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंचती है। देरी से चलने के कारण ट्रेन रात करीब 9.30 बजे निर्धारित स्टेशन पहुंची। गरीब रथ एक्सप्रेस सोमवार को जम्मू से 8 घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची। इस कारण ट्रेन कानपुर के लिए देरी से रवाना हुई। वहीं कानपुर से ट्रेन देर से चली और करीब साढ़े पांच घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि गरीब रथ एक्सप्रेस को काठगोदाम से देरी से रवाना किया गया।

मतगणना के लिए 378 कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी : प्रशासन ने लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद मतगणना के लिए माइक्रोऑब्जर्वर, सुपरवाइजर, सहायक नियुक्त किए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि नैनीताल संसदीय सीट की मतगणना 4 जून को एमबीपीजी कॉलेज में होगी। इसी क्रम में ईवीएम से मतगणना के लिए 378 मतदान कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण देकर प्रथम रैंडमाइजेशन किया गया। इसके बाद 144 मतगणना माइक्रोऑब्जर्वर, 114 सुपरवाइजर और 120 मतगणना सहायक नियुक्त किए गए। उन्होंने बताया कि नैनीताल जिले की छह विधानसभा सीटों के लिए कुल 84 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल लगेंगी।

मंगलवार को मैदानी क्षेत्रों में सुबह से गर्म रहा पारा, पहाड़ों में बारिश के बाद भी चढ़ रहा तापमान

गर्मी से बेहाल हुए लोग, पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी में दिन के समय तेज गर्मी पड़ रही है। साथ ही रात के समय न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। पहाड़ों पर बारिश हो रही है, मगर मौसम साफ होने के बाद पारा फिर से चढ़ रहा है। मुक्तेश्वर में गर्मी ने पिछले चार साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

मंगलवार को मैदानी क्षेत्रों में सुबह से ही पारा गर्म रहा। सोमवार को हुई बारिश का भी कोई असर नहीं दिखा। दिन के समय तपिश से लोग परेशान रहे। बाजार में अपेक्षाकृत कम भीड़-भाड़ रही।

27 डिग्री रहा न्यूनतम तापमान, सामान्य से 4.8 डिग्री था ज्यादा

30 मई से मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इधर, मौसम विभाग ने 30 मई से मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है।

मुक्तेश्वर में टूटा गर्मी का चार साल का रिकॉर्ड

मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा था। मुक्तेश्वर में पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है। वर्ष 2020 में 27 मई को मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस था। इस बार मई में उससे ज्यादा तापमान रिकॉर्ड किया गया है। गर्मी ने यहां चार साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह बारिश भी हुई है। सामा में 47 मिमी, धारचूला में 9.6 मिमी, मुनस्यारी में 7.2 मिमी और घाट में 0.5 मिमी बारिश हुई है।

पहाड़ों में मूसलाधार बारिश का येलो अलर्ट

हल्द्वानी : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने पहाड़ों में मूसलाधार बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। केंद्र के अनुसार रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं और मूसलाधार बारिश हो सकती है।

भतीजी संग खरीदारी करने गई वृद्धा के गले से चेन लूटी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सोमवार की शाम भतीजी संग खरीदारी करने गई 61 वर्षीय महिला को स्कूटी सवार लुटेरों ने अपना शिकार बना लिया। लुटेरे महिला के गले से चेन लूट कर फरार हो गए। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई है।

दीपा देवी पत्नी सोबन राम यहां मोतीनगर बरेली रोड में परिवार के साथ रहती हैं। दीपा का बेटा टैंट कारोबारी है। सोमवार की शाम वह अपनी भतीजी के साथ घर से करीब तीन सौ मीटर दूर गोरापड़ाव बाजार में सब्जी खरीदने गई थीं। वह वापस लौट रही थीं कि तभी आदर्श नर्सरी के पास हेलमेट लगाए स्कूटी सवारों ने उनके गले से चेन लूट ली और लालकुआं की ओर फरार हो गए। घर पहुंचने पर दीपा ने बेटे को लूट की बात बताई। जिसके बाद सूचना डायल 112 पर दी गई। बाद में पता लगा कि घटना क्षेत्र लालकुआं कोतवाली है। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि पीड़ित को लालकुआं कोतावली जाकर तहरीर देने को कहा गया था। पुलिस ने लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

मामला

- गोरापड़ाव में स्कूटी सवार लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम
- लालकुआं की ओर भागे लुटेरे पुलिस तलाश में जुटी

दूसरे ही दिन फिर आ गए अतिक्रमणकारी, लगे ठेले, एंबुलेंस का जमावड़ा

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल प्रशासन कह रहा चिन्हित कर पुलिस में करेंगे रिपोर्ट, सोमवार को नगर निगम ने अतिक्रमण हटाकर अस्पताल प्रबंधन को सौंपा था पत्र

फॉलोअप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के आसपास से नगर निगम ने सोमवार की शाम अभियान चलाकर पूरे इलाके को अतिक्रमणमुक्त कराकर एक लिखित पत्र अस्पताल प्रबंधन को सौंपा था। जिसमें कहा था कि अब अतिक्रमण होने पर जिम्मेदारी उनकी होगी। लेकिन दिन निकलने के साथ ही मंगलवार को अस्पताल के मुख्य गेट के समक्ष अतिक्रमणकारियों का डेरा लगना शुरू हो गया। शाम तक ठेले, खोमचे और एंबुलेंस का अवैध अड्डा फिर से सज गया। अब अस्पताल प्रशासन कह रहा है कि अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर पुलिस में रिपोर्ट कराएंगे।

राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल कुमाऊं का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां कुमाऊं के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से लोग बड़ी संख्या में इलाज कराने आते हैं। अस्पताल में ओपीडी में प्रतिदिन 15 सौ से दो हजार मरीज आते हैं। इनके अलावा हर रोज चार से पांच हजार लोगों की आवाजाही होती है। दूरस्थ क्षेत्रों से बस या अन्य वाहनों के माध्यम से लोग अस्पताल पहुंचते हैं। मरीजों व उनके तीमारदारों को अक्सर अस्पताल के आसपास व गेट पर जाम व अन्य कई दिक्कतों से जूझना पड़ता है। अस्पताल के मुख्य गेट के पास जूस, चाय के ठेले और खाना बनाने वाले खोमचे वाले कब्जा जमाए रहते हैं। गेट पर टेंपो, टुकटुक वाले खड़े रहते हैं, जिससे गेट पर भीड़भाड़ रहती है। कई बार तो एंबुलेंस को भी आने-जाने में दिक्कत होती है।

अस्पताल के मुख्य गेट के सामने एंबुलेंस का अड्डा बन गया है, जहां हर वक्त दर्जनभर एंबुलेंस खड़ी रहती हैं। अस्पताल में अंदर पार्किंग की क्षमता सीमित होने से तमाम वाहन हाईवे किनारे खड़े रहते हैं, जिससे उधर से गुजरने वाला ट्रैफिक बाधित होता है।

इधर, नगर निगम ने सोमवार को अभियान चलाकर अस्पताल के आसपास पूरे इलाके से अतिक्रमण हटाकर अस्पताल प्रशासन को लिखित में सौंप दिया था। कॉलेज प्रशासन को कहा गया कि अब अतिक्रमण हुआ तो इसकी जिम्मेदारी उनकी होगी। लेकिन, नगर निगम की इस कार्रवाई का अतिक्रमणकारियों पर कोई असर नहीं दिखा। अतिक्रमण हटाने के बाद रात बीती और मंगलवार सुबह से अतिक्रमणकारियों ने अपने ठिकाने संवारने शुरू कर दिए। दोपहर तक अस्पताल के मुख्य गेट के पास तमाम फल, जूस ठेले व खाने के खोमचे लग गए थे। सामने एंबुलेंस की पार्किंग बन चुकी थी। गेट के पास पहले जैसी ही अराजकता हो गई। दिनभर टेंपो, टुकटुक जहां-तहां खड़े हो रहे थे। अस्पताल के सुरक्षा कर्मी इन ठेले और फड़ वालों को हटाने के लिए पहुंचे तो वे नहीं माने। सुरक्षा कर्मियों की अतिक्रमणकारियों से बहस भी हुई। जिसके बाद वह वापस लौट आए।

15 सौ से दो हजार मरीज प्रतिदिन आते हैं ओपीडी में, अस्पताल के मुख्य गेट पर जाम से पड़ता है जूझना

04 से पांच हजार तीमारदारों की प्रतिदिन होती है आवाजाही अस्पताल के अंदर पार्किंग सीमित

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर अतिक्रमण हटाने के बाद मंगलवार को फिर से लगे ठेले।

सुरक्षा नहीं हो पाती अतिक्रमण कैसे रोकेंगे

हल्द्वानी : नगर निगम ने डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल प्रशासन को जिम्मेदारी दी थी कि वह अस्पताल के आसपास लोगों को अतिक्रमण करने से रोके, मगर अस्पताल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था ही चौपट है। आये दिन चोर-उचक्के वारदात करते रहते हैं। रोजाना नलों से टोंटी और तीमारदारों की जेब कटने की घटनाएं सामने आती हैं। अस्पताल परिसर में उपनल की ओर से सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं। जब कभी सुरक्षा कर्मी अतिक्रमणकारियों को हटाने जाते हैं तो वे उनसे भी उलझ जाते हैं।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने खड़ीं एम्बुलेंस। ● अमृत विचार

मैंने स्वयं देखा की अतिक्रमण फिर से शुरू हो गया है। कब्जेदारों को चिन्हित कर सूची तैयार की जा रही है। जिनके खिलाफ पुलिस में शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। - **डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास पुन: लगे जूस के ठेले। ● अमृत विचार

एक वर्ष पहले भी हटाया था अतिक्रमण

डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल के आसपास से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरी बार हुई है। करीब एक वर्ष पूर्व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई थी। उस दौरान पुलिस प्रशासन व नगर निगम ने अभियान चलाकर अस्पताल के आसपास से फड़-ठेले वालों को हटाने के साथ ही एंबुलेंस संचालकों के अवैध कार्यालय को भी तोड़ दिया था। बताया जाता है कि एंबुलेंस चालकों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि इन्होंने टीम के जाते ही रातों-रात फिर से अतिक्रमण कर अवैध तरीके से कार्यालय बना लिया। अस्पताल के मुख्य गेट के पास अवैध तरीके से एंबुलेंस स्टैंड बनाया गया है।

नैनीताल में जिला गंगा समिति की बैठक लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

सार्वजनिक भूमि डंपिग साइट बनी तो अफसर होंगे जिम्मेदार

ब्यूरो, नैनीताल

बैठक

- जिला गंगा समिति की मासिक बैठक में डीएम ने दिए निर्देश
- कहा-नाली सफाई का सत्यापन अधिकारियों से करवाया जाएगा

अमृत विचार : जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मंगलवार को जिला कार्यालय में जिला गंगा समिति की मासिक बैठक ली। उन्होंने चिन्हित नदियों व जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

डीएम वंदना ने कहा कि जनपद में कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर अवैध डंपिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। यदि जिले में कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर डंपिंग साइट बनती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष की होगी। निर्माण के बाद मलबे के निस्तारण के लिए स्थल चयन समिति से चिन्हीकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में नाली सफाई का सत्यापन अधिकारियों से करवाया जाएगा।

नगर निगम के अंतर्गत सभी वार्डों में अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर नाली सफाई का निरीक्षण होगा। इसके लिए 30 जिला स्तरीय अधिकारियों को चिन्हित करने और प्रत्येक अधिकारी को 2-2 वार्ड की नालियों की सफाई का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। सभी नगर पालिका ईओ को नगर पालिका के अंतर्गत आने वाली नालियों, सड़कों और कलमठों की साफ सफाई कराने को कहा।

उन्होंने स्वजल, नगर पालिका नैनीताल, पीसीबी और पेयजल विभाग को जल संरक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। नगर निगम हल्द्वानी ने बताया कि वार्ड-49 में सोर्स सेग्रीगेशन से जागरूकता अभियान चलाया गया और घर-घर जाकर गीला और सूखा कूड़ा अलग करने की जानकारी दी गई। बैठक में नैनीताल डीएफओ चंद्रशेखर जोशी, तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी, कोश्याकुटोली एसडीएम विपिन चन्द्र पन्त, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी आदि मौजूद रहे।

घायल लकड़ी तस्कर लखविंदर एम्स रेफर

हल्द्वानी, अमृत विचार : तराई केंद्रीय वन प्रभाग की टांडा रेंज में बीते रविवार को लकड़ी तस्करों और वन विभाग की टीम के बीच मुठभेड़ हो गई थी। जिसमें लकड़ी तस्कर लखविंदर सिंह लक्कू जांघ में गोली लगने से घायल हो गया था। वन विभाग की टीम ने तस्कर को घायल अवस्था में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। मगर सर्जन न होने के चलते चिकित्सकों ने उसे एक्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है।

तराई केंद्रीय वन प्रभाग के डीएफओ यूसी तिवारी ने बताया कि तस्कर लखविंदर को एम्स रेफर किया गया है। उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

भोलानाथ गार्डन में आग से धधकी दुकान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सोमवार की देर रात मेवे की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने घर की पानी की मोटर चला कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा माल राख हो चुका था।

गली नंबर पांच आदर्श नगर मुखानी निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि भोलानाथ गार्डन क्षेत्र में उनकी अंजनी इंटरप्राइजेज के नाम से मेवे की दुकान है। रोज की तरह वह सोमवार को भी दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 11 बजे अचानक उनकी दुकान में आग लग गई। लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा तो इसकी सूचना प्रदीप को दी।

जानकारी मिलते ही वह भी मौके पर पहुंच गए। इससे पहले ही स्थानीय लोगों ने घरों में लगी पानी की मोटर से पानी डालकर आग बुझाना शुरू कर दिया था। हालांकि आग लगने की सूचना लोगों ने दमकल विभाग को नहीं दी। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक दुकान का सारा माल जलकर राख हो चुका था। प्रदीप के मुताबिक आग से करीब 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

अध्यापकों के रिक्त पदों पर भर्ती जल्द

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत सहायक अध्यापक (बेसिक) के लगभग 3600 पद रिक्त चल रहे हैं। इन पदों पर शीघ्र ही भर्ती की जायेगी। शिक्षा विभाग ने आचार संहिता के दौरान भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी थी, जिस पर विभाग को अनुमति मिल गई है।

इस संबंध में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को जनपदवार विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिक स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है। प्रदेश के नौनिहालों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिये सरकार प्रत्येक प्राथमिक विद्यालयों में सभी संसाधन मुहैया कराने के साथ ही प्राथमिक शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर प्रदेश के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती की जायेगी। उन्होंने बताया कि नये प्राविधानों के तहत डीएलएड व डीएड योग्यताधारी अभ्यर्थी ही बेसिक शिक्षक पद के लिये योग्य होंगे।

पुराने अभ्यर्थियों को मिलेगी आवेदन में छूट

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वर्ष 2020 व 2021 में सहायक अध्यापक प्राथमिक के शेष रहे रिक्त पदों को नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया गया है। जिन डीएलएड व डीएड योग्यताधारी अभ्यर्थियों ने पूर्व की विज्ञप्तियों के लिये आवेदन किया था और उन्हें नियुक्ति नहीं मिली थी। ऐसे अभ्यर्थियों को नई विज्ञप्ति में फिर से आवेदन करने में छूट दी गई है। कहा कि ऐसे अभ्यर्थियों को पूर्व में किये गये आवेदन के आधार पर नई भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

सभी जिले के अधिकारियों को विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। शीघ्र ही कार्यवाही पूरी कर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। - **आरके उनियाल**, निदेशक, प्राथमिक शिक्षा

निरीक्षण — प्रशासन, पुलिस समेत विभिन्न विभागों ने संयुक्त रूप से सर्वे के बाद सुरक्षा ऑडिट में दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

काठगोदाम रेलवे स्टेशन के प्रवेश व निकासी द्वार अलग-अलग बनाएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रशासन, पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) ने संयुक्त रूप से काठगोदाम रेलवे स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा ऑडिट किया। ऑडिट के बाद यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।

मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के नेतृत्व में पुलिस, जीआरपी एवं आरपीएफ के अधिकारियों ने काठगोदाम स्टेशन का निरीक्षण किया। संयुक्त टीम ने स्टेशन के प्रवेश द्वार, प्लेटफार्म नंबर 1 से 3, अमानती सामान घर, फुट ओवर ब्रिज आदि चप्पे-चप्पे का जायजा लिया। इसके बाद यह सुझाव दिया गया की रेलवे स्टेशन के प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग बनाए जाए। हाई रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरा के साथ ही फेस रिकॉगनिशन कैमरे भी लगाए जाएं। अग्निशमन विभाग फायर सेफ्टी ऑडिट भी कराया जाए। रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग से अंदर आने वाले एंट्री पॉइंट को अधिक आकर्षक बनाया जाए। एंट्री पाइंट के आसपास किराये पर दी दुकानों के अतिक्रमण को हटाया जाए। अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया जाए। जरूरी स्थानों पर बाउंड्री वॉल के ऊपर फेंसिंग की जाए। पार्किंग सुव्यवस्थित करने व पुलिस की ओर से प्रीपेड टैक्सी बूथ संचालित किया जाए। इस दौरान सीओ नितिन लोहनी, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी चंद्रपाल सिंह, जीआरपी थानाध्यक्ष नरेश कोहली रहे।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व अन्य।

इन बिंदुओं पर भी हुई चर्चा

सुरक्षा ऑडिट के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद बैठक की। इसमें प्रवेश/निकास द्वार, सीसीटीवी की स्थिति, पार्सल कक्ष व अमानती सामान घर, फुट ओवर ब्रिज, पार्किंग, प्लेटफॉर्म, शौचालय, प्रतीक्षालय/ विश्राम घर, डॉरमेट्री, ट्रैक सुरक्षा, सर्कुलेटिंग एरिया, पैसेंजर होल्डिंग एरिया, पोस्ट ऑफिस, ओवरहेड वॉटर टैंक, शौचालय, फायर सेफ्टी, रूट रिले केबिन, रेलवे ट्रैक सुरक्षा, पोस्ट ऑफिस, विद्युत आपूर्ति, दुर्घटना मानव रहित रेलवे गेट, वॉच टावर, बाउंड्री वॉल फेंसीसिस, अनाउंसमेंट सिस्टम, आपातकाल कमांड व कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरा का कंट्रोल रूम आदि पर विस्तार से चर्चा हुई।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन का सुरक्षा ऑडिट किया गया था। यह पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ, विभिन्न जांच एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है। सुरक्षा को लेकर विभिन्न सुझाव दिए गए हैं। साथ ही इसकी रिपोर्ट आला अधिकारियों को भेजी जाएगी। - **एपी वाजपेयी**, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी

टक्कर मार जेब काट ले गया बाइक सवार

हल्द्वानी, अमृत विचार : हंस विहार कॉलोनी निवासी विपिन बिहारी ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह बाजार से घर जा रहे थे। सरगम सिनेमा के पास पीछे से आए एक मोटर साइकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिर गए। तभी मोटर साइकिल सवार ने बाइक रोकी और मदद के नाम पर उन्हें उठाने लगा। उसने गलती के लिए माफी मांगी और फिर चलता बना। विपिन ने घर पहुंच कर अपनी जेब देखी तो वह कटी हुई थी। उसमें रखी 10 हजार की नगदी, पर्स, दस्तावेज गायब थे। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से संदिग्ध की फुटेज मिली है। तकनीकि टीम आरोपी बाइक सवार युवक की तलाश कर रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सार-संक्षेप

मंडलायुक्त से की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

नैनीताल : भीमताल के चुनौती गांव में गुरुग्राम के लोगों पर महिला ने अपनी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाकर मंडलायुक्त दीपक रावत और सचिव जिला विकास प्राधिकरण को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। आयुक्त के नाम लिखे पत्र में शिकायतकर्ता रामप्यारी मल्होत्रा का कहना है कि उसने वर्ष 2020 में चुनौती गांव में भूमि खरीदी और उसकी रजिस्ट्री भी कराई, लेकिन इन दिनों उनकी भूमि पर गुरुग्राम के कुछ लोग कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि बीमार होने की वजह से कुछ समय से वो अपनी जमीन की देखरेख के लिए नहीं आ पाईं। बीते कुछ दिनों पहले उन्हें बेटे से जमीन पर निर्माण की सूचना मिली। विरोध पर भी निर्माण जारी रखा। इसकी शिकायत जिला विकास प्राधिकरण भीमताल कार्यालय में की लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वहीं अब शिकायतकर्ता ने उनकी जमीन पर दबंगों द्वारा किए जा रहे कब्जे की शिकायत मंडलायुक्त दीपक रावत से की है। साथ ही शिकायती पत्र उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी भेजा है।

फेक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट को लेकर पत्रकार वार्ता आज

रामनगर : आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा और आगजनी पर फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट का खुलासा बुधवार को कौमी एकता मंच पत्रकार वार्ता के दौरान करेगी। उत्तराखण्ड के प्रधान सचिव प्रभात ध्यानी ने बताया कि बनभूलपुरा हिंसा का असली गुनाहगार कौन" को पत्रकार वार्ता के माध्यम से साझा किया जा जाएगा। कौमी एकता मंच की संयोजिका रजनी जोशी एवं मंच से जुड़े अन्य संगठनों के प्रतिनिधि घटना एवं उसके बाद की स्थिति को पत्रकार वार्ता के माध्यम से रखेंगे।

उपचार के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

रामनगर : डिलीवरी के दौरान 45 वर्षीय महिला व उसके बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गयी। बताया गया है कि मोहल्ला इंद्रा कालोनी मदरसा गुलशन रजा के समीप निवासी इकबाल अंसारी की 45 वर्षीय पत्नी फरजाना को मंगलवार को प्रसव पीड़ा के चलते संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, परंतु उपचार के दौरान जच्चा व उसके पेट में पल रहे बच्चे की मौत हो गयी। मृतका के परिजन शव को बिना किसी कार्रवाई के घर ले गये।

मुरलीधर को योग विज्ञान में पीएचडी की उपाधि

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग प्रशिक्षक मुरलीधर कापड़ी को 'वैदिक वांगम्य में प्राण तत्व का यौगिक अनुशीलन' शीर्षक पर योग विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। मुरलीधर कापड़ी को पीएचडी उपाधि जगदीश प्रसाद झावरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय झुंझुनू राजस्थान ने प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य योग विज्ञान विभाग के शोध निदेशक डॉ .राजेश कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया। इससे पूर्व मुरलीधर कापड़ी ने पीजी डिप्लोमा इन योग, एमए योग की उपाधि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के योग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ .नवीन चंद्र भट्ट के दिशानिर्देशन में प्राप्त की। डॉ .मुरलीधर को उपाधि मिलने पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे, चीफ प्रॉक्टर प्रो . एसएस मौर्य, प्रो .जेएस नेगी, डॉ .सुमन कुमार, डॉ .मूलचन्द्र शुक्ल, डॉ .डीएन जोशी, डॉ . नितिन ढोमने सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामना दी।

दीपक प्रदेश सचिव और मुजाहिद बने उपाध्यक्ष

हल्द्वानी : क्यो कुसिन कराटे फाउंडेशन का दीपक रावल को प्रदेश सचिव और मुजाहिद इस्लाम को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। मंगलवार को फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार सिंह के निर्देश पर दोनों को यह जिम्मेदारी दी है।

योग प्रतियोगिता में हर्षिता ने जीता स्वर्ण

हल्द्वानी : देवलचौड़ बंदोबस्ती निवासी सात वर्षीय हर्षिता रिखाड़ी ने वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित योग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। कोच नीरज धपोला ने बताया कि हर्षिता ने हरिद्वार में बीती 26 मई को आयोजित प्रतियोगिता में 5 से 10 आयु वर्ग के ट्रेडिशनल योगा में स्वर्ण पदक जीता है।

गौजाजाली में 14 घंटे गुल रही बिजली

हल्द्वानी : भीषण गर्मी में बिजली विभाग की ओर से लोगों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। कभी अघोषित बिजली कटौती तो कभी लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मरों के खराब होने से लोग परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को गौजाजाली इलाके में ट्रांसफार्मर खराब से करीब 14 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे चौधरी कॉलोनी और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के करीब 300 परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं होने के चलते लोगों के राजमर्रा के कार्य भी बाधित रहे। स्थानीय निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने बताया कि देर रात ट्रांसफार्मर में फाल्ट आने के चलते ट्रांसफार्मर खराब गया, जिससे क्षेत्र में 14 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इसकी सूचना जब विभाग के अधिकारियों को दी गई तो शाम साढ़े पांच बजे दूसरे ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गई। जिसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो पाई।

आग जलाकर रातभर हुड़दंग, व्यापारी आक्रोशित

गरमपानी : पर्यटन सीजन के साथ ही अब अव्यवस्थाएं भी हावी होने लगी हैं जिससे पहाड़ के बाशिंदों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समीपवर्ती पातली क्षेत्र में बाहरी प्रदेश से आए पर्यटकों के दल ने देर रात तक सड़क किनारे आग जलाकर हो हल्ला शुरू कर दिया। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी मौके पर पहुंचे और युवा पर्यटकों को फटकार लगाई। आग को भी बुझाया। बामुश्किल युवाओं का दल वहां से आगे की ओर रवाना हुआ। व्यापारी नेता गजेन्द्र नेगी ने सड़क किनारे आग जलाकर सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

तकनीक का प्रयोग कर खेती करने के टिप्स दिए

गरमपानी : अल्मोड़ा–हल्द्वानी हाईवे से सटे सुनियाकोट गांव में स्टार ग्लोबल सोसायटी के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में किसानों को उन्नत खेती के गुर सिखाए गए। दस से ज्यादा किसानों को पॉलीहाउस योजना से जोड़ने का भरोसा दिलाया गया। कृषि विभाग के रमेश सिंह बिष्ट ने कई विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान राजेंद्र रौतेला, खुशाल बिष्ट, उपप्रधान शांति देवी, कैलाश सिंह, नारायण सिंह, गोपाल सिंह, हीरा सिंह, पान सिंह, जीवन सिंह, देव सिंह आदि मौजूद रहे।

विधायक कैड़ा ने पार्किंग निर्माण शुरू कराने की मांग की

हल्द्वानी : भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने डीएम वंदना सिंह ने भीमताल में पार्किंग का निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की है। विधायक कैड़ा ने कहा कि भीमताल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने करोड़ों रुपये की पार्किंग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी पार्किंग का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। पार्किंग के लिए भूमि का भी कई बार चयन कर लिया गया है, लेकिन काम शुरू नहीं होने से नगर में जाम का झाम रहता है। जाम से पर्यटकों व क्षेत्रीय नागरिकों को परेशानी होती है। उन्होंने डीएम से पार्किंग का निर्माण शीघ्र शुरू करने की मांग की। इसके बाद जिला विकास प्राधिकरण के सचिव विजय नाथ शुक्ल ने भूमि का निरीक्षण किया।

ऑपरेशन के दौरान बच्चे की आंख की रोशनी जाने का आरोप, हंगामा

पीपीपी मोड में चल रहे अस्पताल में कराया था 11 साल के बच्चे की आंख का उपचार

रोष

- परिजनों का दावा, ऑपरेशन से पूर्व बच्चे को दिखाई देता था
- हंगामे के बीच ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर ने दिखाई पूरी रिपोर्ट

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पीपीपी मोड में चल रहे अस्पताल में 11 साल के बच्चे की आंख के ऑपरेशन के बाद रोशनी जाने का आरोप है। इस पर मंगलवार दोपहर परिजनों ने संयुक्त चिकित्सालय में हंगामा किया।

सीएमएस कार्यालय में पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में पहुंचे परिजनों ने कहा कि ऑपरेशन से पूर्व बच्चे को दिख रहा था। हंगामे के बीच ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर ने ऑपरेशन से पूर्व रिपोर्ट दिखाई। पीपीपी मोड पर अस्पताल चला रहे प्रबंधन ने कहा कि उन्होंने सारे तथ्य सामने रख दिए हैं। वह किसी भी जांच का सामना करने को तैयार है।

जानकारी में आया है कि 19 मई को भवानीगंज गिहार बस्ती निवासी आयुष (11 वर्ष) पुत्र सुनील कुमार को आंख में लकड़ी से चोट लगने के कारण संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, 20 मई को डॉ. संयम अग्रवाल ने आयुष का ऑपरेशन किया। तीन दिन बाद पट्टी खुलने के बाद बच्चे को दिखना बंद हो गया। परिजनों ने कहा कि चोट लगने के बाद भी बच्चे को दिख रहा था। हंगामे के दौरान छात्र संघ अध्यक्ष ललित कडाकोटी, सचिव चेतन पंत, धीरू चौहान, सुनील फुलारा, जतिन आर्य, डॉ. जफर सैफी समेत लोग मौजूद रहे।

अस्पताल में पीड़ित बच्चे के साथ हंगामा करते परिजन व अन्य लोग। ● अमृत विचार

बोले सीएमएस

मामले में डॉक्टरों ने परिजनों के समक्ष अपनी बात रखी है। यदि फिर भी परिजन जांच के लिए लिखित में देते हैं, तो मामले की जांच कराई जाएगी।
–डा . चंद्रा पंत, सीएमएस, संयुक्त चिकित्सालय, रामनगर

डॉक्टर ने रिपोर्ट और सहमति पत्र दिखाया

रामनगर : सीएमएस कार्यालय में हंगामे के बीच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ . संयम अग्रवाल ने ऑपरेशन से पूर्व की रिपोर्ट और सहमति पत्र दिखाए। इसमें दावा किया गया है कि लकड़ी के गहरे घाव से बच्चे की एक आंख की रोशनी चली गई है, यदि ऑपरेशन नहीं कराया गया तो दूसरी आंख की रोशनी जाने का भी खतरा है। उन्होंने ऑपरेशन के लिए सहमति पत्र में परिजनों के हस्ताक्षर भी दिखाए। बाद में डॉ . संयम ने बताया कि मामले की जांच एम्स के विशेषज्ञों का पैनल से करा ली जाए, अगर वह दोषी साबित होंगे तो सजा भुगतने को तैयार हैं।

निवर्तमान सभासद की पुत्री की मौत

रामनगर, अमृत विचार : नगर पालिका की निवर्तमान सभासद आसमा परवीन की 12 वर्षीय पुत्री फिजा की जीने की सीढ़ी की नोक पेट में घुसके से मौत हो गयी।

बताया जाता है कि वार्ड 8 मोहल्ला खताड़ी की निवर्तमान सभासद की पुत्री खेलते समय जीने की सीढ़ी से गिर गयी, जिससे उसके पेट में सीढ़ी की नोक (कोना) घुस गया। मगर बालिका को दर्द का एहसास नहीं हुआ। सोमवार रात अचानक उसके पेट मे दर्द हुआ तथा उल्टियां हुईं। प्राइवेट चिकित्सक को दिखाया गया, जिन्होंने फिजा को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गयी। फिजा के निधन पर नगर पालिका के निवर्तमान सभासद मो.मुजाहिद, निवर्तमान सभासद मुन्तज़िर राजा, निवर्तमान सभासद मो.अजमल, निवर्तमान सभासद दीपक चंद्र डीसी, पूर्व सभासद शिपलेंद्र बंसल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

सख्ती: यूकेलिप्टिस की लकड़ी से लदा डम्पर और ट्रॉली पकड़ी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रामनगर वनप्रभाग की टीम ने रेंजर शेखर तिवारी के नेतृत्व में मंगलवार सुबह शिवलालपुर चुंगी के पास यूकेलिप्टस की लकड़ी और पेड़ की जड़ों से भरा डंपर व ट्रॉली को संदिग्ध पाए जाने पर पकड़कर पूछताछ की। सूत्र बताते हैं कि बरामद लकड़ी को हाथी डंगर से लाया जा रहा था, जहां वन निगम द्वारा लौट का कटान हो रहा था। प्रकाष्ठ वन निगम का बताया जाता है लेकिन वहां चालक वन कर्मियों को निगम के कागजात नहीं दिखा पाया इसलिए यह कार्रवाई की गई।

बता दें कि रामनगर वन प्रभाग की टीम द्वारा लगातार अवैध पातन व अवैध कटान को लेकर कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में रामनगर वनप्रभाग की टीम द्वारा रामनगर के शिवलालपुर चुंगी के पास एक डंपर को रोककर दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, जिसमें यूकेलिप्टिस के गिल्टे भरकर ले जाये जा रहे थे। वहीं ड्राइवर यूकेलिप्टस की लकड़ी से संबंधित कोई भी दस्तावेज विभाग के सामने प्रस्तुत नहीं कर पाया। उसके साथ ही विभाग द्वारा एक ट्रैक्टर ट्रॉली को भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर रामनगर वन विभाग परिसर में खड़ा करा दिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

वन कर्मियों की ओर से पकड़ा गया लकड़ी से लदा वाहन। ● अमृत विचार

इस प्रकरण पर फिलहाल जांच चल रही है। वन निगम से इस सम्बंध में आवश्यक डाक्यूमेंट मंगाए गए हैं। कागजात प्राप्त होने पर बरामद प्रकाष्ठ को रिलीज कर दिया जाएगा। –दिगंत नायक, डीएफओ, रामनगर वन प्रभाग

अनियंत्रित कार खेत में पलटी, सात घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मंगलवार को अल्मोड़ा कोसी मोटर मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से पलट कर खेत में जा गिरी। हादसे में सात लोग घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मंगलवार को अल्मोड़ा से कौसानी की ओर जा रही कार आरटीओ ऑफिस से कुछ दूरी पर खेत में गिर गई। हादसा होते ही कार में सवार लोग चीखने चिल्लाने लगे। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर सभी लोगों को कार से बाहर निकाला और आपातकालीन सेवा 108 व निजी वाहन से बेस अस्पताल पहुंचाया। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. अशोक ने बताया कि हादसे में घायल हरीश सिंह (48) के पैर में फ्रैक्चर व यासिका (14) के कान से खून निकल रहा था। जबकि भगवत सिंह (46), शांति देवी (62), कविता नयाल(32),हेमा नयाल(40) और अक्षत(14) को भी चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद 6 घायलों को छुट्टी दे दी गई है। जबकि घायल हरीश सिंह का अस्पताल में उपचार जारी है। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने बताया कि सभी घायल भगतोला, सोमेश्वर के रहने वाले है, जो मुरादाबाद से लौट रहे थे।

कोसी में दुर्घटनाग्रस्त कार।

अधिक खनन सामग्री मिलने पर वाहन जब्त

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : गौला नदी से खनन तस्करी के मामले बढ़ने के बाद हरकत में आए वन महकमे ने हल्दूचौड़ गेट से निकले डंपर को रोककर उसकी जांच की। वाहन में निर्धारित मानकों से 40 कुंतल अधिक खनन सामग्री प्राप्त हुई। जिस पर वन विभाग ने वाहन को जब्त कर निकासी गेट में तैनात धर्मकांटे में कार्यरत दो कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी।

वनक्षेत्राधिकारी गौला चन्दन सिह अधिकारी के मुताबिक वन अपराधों पर नियंत्रण के लिए गौला नदी के उपखनिज निकासी गेटों के आसपास अवैध खनन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को नियमित गश्त के दौरान प्रातः पौने दस बजे करीब बेरीपड़ाव हल्दूचौड़ क्षेत्र में डम्पर को जांच के लिए रोका। वाहन चालक द्वारा उपखनिज अभिवहन सम्बन्धी प्रपत्र दिखाए, तो उसमें 106.90 कुन्तल आरबीएम अंकित पाया गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में प्रपत्रों से अधिक उपखनिज होने का संदेह होने पर वाहन का नजदीकी धर्मकांटे पर वजन कराया गया तो वाहन में 144.80 कुन्तल उपखनिज पाया गया, जो अभिवहन प्रपत्रों में अंकित मानक से 37.90 कुन्तल उपखनिज अधिक पाया गया। गश्ती टीम ने वाहन को अपनी अभिरक्षा में ले कर वन परिसर गौला रेंज हल्द्वानी में खड़ा कर दिया गया, जिस पर वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शराब की दुकान के आगे महिलाओं का धरना

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : धौलछीना ब्लॉक के काफलीखान चौराहे में शराब की दुकान खुलने के बाद से क्षेत्र की महिलाओं में खासा आक्रोश है। गुस्साई महिलाएं मंगलवार को दुकान के बाहर नारेबाजी कर धरने पर बैठ गई। महिलाओं ने कहा कि अगर शीघ्र शराब की दुकान को बंद नहीं किया तो आंदोलन शुरू कर देंगी।

हाईवे में स्थित काफलीखान चौराहे पर शराब की दुकान खुलने के बाद से ही क्षेत्र की महिलाएं इसका विरोध कर रही हैं। मंगलवार को दुकान को बंद करने की मांग पर कोई कार्रवाई न होने से गुस्साए ग्रामीणों ने शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर नाराजगी व्यक्त की। शराब नही शिक्षा दो, शराब नही शिक्षा चाहिए, उत्तराखंड सरकार शर्म करो जैसे नारों से प्रशासन को चेताया। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में शराब की दुकान खुलने का कई बार विरोध कर चुके हैं। जिसके लिए प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था। विरोध के बाद प्रशासन ने आबकारी विभाग से वार्ता करने और समस्या का समाधान निकालने की बात कही थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने बीते दिनों जुलूस भी निकाला था, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। महिलाओं और क्षेत्रीय ग्रामीणों ने चेताया कि अगर शराब की दुकान को शीघ्र बंद नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। धरना और सभा के दौरान राजेंद्र प्रसाद, नवीन लाल, चंदन लाल, गोविंदी देवी, कलावती देवी, चंपा देवी, अमन कुमार, गुड्डी देवी, तारा देवी, राजंती देवी, भगवती देवी समेत महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

काफलीखान में शराब की दुकान के बाहर धरने पर बैठीं महिलाएं और ग्रामीण। ● अमृत विचार

दो विधायकों के विधानसभा क्षेत्र में कई सड़कें बदहाल

जवाहर ज्योति दो वार्ड 37 का हाल :- भीषण गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे लोग

जनसंख्या: 05 हजार पांच सौ | मतदाता: 03 हजार पांच सौ

मुख्य कॉलोनियां :- बिठोरिया नंबर 2, चौफुला चौराहा, मित्रपुरम, हरीपुर शील, हल्दीखाल, हरीपुर गांगू, ग्रीन वैली एनक्लेव आदि।

चौफुला चौराहे से जवाहर ज्योति को जाने वाली सड़क है क्षतिग्रस्त, रौतेला कॉलोनी के निकट टूटी पेयजल लाइन से लीक होता पानी और हरिपुर शील बिठौरिया नं 2 में सड़क बनने के इंतजार में क्षेत्रवासी।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में शामिल होने तथा दो विधायकों का विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद जवाहर ज्योति दो वार्ड 37 की तस्वीर नहीं बदल पाई है। यहां रहने वाले कुछ प्रभावशाली लोगों ने अपनी कॉलोनियों की सड़कें तो दुरुस्त कर ली हैं, मगर अन्य कॉलोनियों में सड़कें बदहाल हैं। लोग आज भी टूटी-फूटी सड़कों पर चलने को मजबूर हो रहे हैं।

वार्ड 37 कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश का विधानसभा क्षेत्र है, इसके बावजूद क्षेत्र विकास के मामले में काफी पीछे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मित्रपुरम कॉलोनी में कालिका मंदिर के पास रहने वाले गंगोलीहाट विधायक फकीर राम और क्षेत्र में नशामुक्ति केंद्र संचालित करने वाले सत्ता की करीबी नेता ने अपनी सड़कें दुरुस्त कर ली हैं, मगर मल्ला चौफुला, हल्दीखाल, मित्रपुरम फेज-1 के लोग कई वर्षों से सड़कें बनने का इंतजार कर रहे हैं। वार्ड में बिजली की लो वोल्टेज की समस्या भी है। भीषण गर्मी में लो वोल्टेज के कारण लोगों का बुरा हाल हो रहा है। वहीं वार्ड में पानी की समस्या भी विकराल है। लोगों को टैंकर मंगवाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। हल्दीखाल और मित्रपुरम क्षेत्र में नलकूप निर्माण का कार्य चल रहा है।

ग्रीन वैली एनक्लेव में पानी की सबसे ज्यादा दिक्कत है। समूचे वार्ड में 500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, इनमें से ज्यादातर लाइटें कई माह से खराब पड़ी हैं। वार्ड में नए लगाए गए 100 पोलों में अब तक स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई हैं।

लोगों से बातचीत



रौतेला कॉलोनी में सड़क काफी अच्छी बनी है। कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने इसे बनाने में मदद की। नए पोलों पर स्ट्रीट लाइट अभी तक नहीं लगी हैं।
-डीएस नेगी

पेयजल की सुविधा ठीक है। नियमित रूप से पानी की आपूर्ति होती है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी भी आती है, लेकिन सफाई कर्मचारी कभी-कभी ही दिखते हैं।
-सीमा रायल

चौपला मल्ला में सड़क बहुत खराब है। अधिकांश स्ट्रीट लाइटें स्वयं के खर्च से ठीक करवाई हैं। देखरेख के अभाव में लाइटें दिन-रात जलती रहती हैं।
-प्रकाश डिमरी

चौफुला चौराहा क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या है। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलता है। लो वोल्टेज के कारण गर्मी के मौसम में परेशानी हो रही है।
-शाहिल कुमार

वार्ड में काफी समय से बिजली की समस्या है। बीते दिन विद्युत विभाग के कर्मचारी नया ट्रांसफार्मर लगाने आए थे, लेकिन उन्हें कहीं जगह नहीं मिली।
-रोहित मौर्य

मल्ला चौपला क्षेत्र में पेयजल और बिजली की सुविधा में सुधार हुआ है। पहले पंखे तक नहीं चलते थे। अब काफी राहत है। सड़कें भी धीरे-धीरे ठीक हो रही हैं।
-नवीन आर्या

सार-संक्षेप

एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते युकां के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू व अन्य।

गली नंबर-एक से खनन वाहनों की आवाजाही पर लगे रोक

हल्द्वानी : युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर राजेंद्र नगर गली नंबर-एक से खनन वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गौला नदी में खनन के लिए जाने वाले वाहनों का तिकोनिया से सीधा रास्ता है, लेकिन ये वाहन घनी आबादी के बीचों-बीच गली नंबर-एक से गुजरते हैं। ऐसे में कोई अनहोनी होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने इन वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही वाहनों के आवागमन पर रोक नहीं लगी तो उग्र आंदोलन होगा।

वाहन की टक्कर से मादा हिरण की मौत

कालाढूंगी : कालाढूंगी-कोटाबाग मोटर मार्ग में अज्ञात वाहन ने मादा हिरण को टक्कर मारकर रौंद दिया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने शव कब्जे में ले लिया। मंगलवार की देर शाम रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज की मूसाबंगर बीट में अज्ञात वाहन ने मादा हिरण को टक्कर मारी, जिससे उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर कालाढूंगी रेंज कार्यालय लाई। वन क्षेत्राधिकारी मुकेश जोशी ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

शिविर में योजनाओं के बारे में जानकारी दी

हल्द्वानी : टनकपुर रोड जवाहर नगर वार्ड 14 में मंगलवार को विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 78 लोगों को नालसा व सालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही लोगों का स्वास्थ्य जांच, ई-श्रम कार्ड विधिक जानकारी और लोगों के अधिकार व उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होने वाली विशेष लोक अदालत की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव बीनू गुलयानी, पीएलवी उमा भंडारी, निवर्तमान पार्षद महेश चंद्र, ध्रुव कश्यप, मनोज जोशी, वैभव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

कैंची धाम मेले में बसों व टैक्सियों की उपलब्धता पर चर्चा

हल्द्वानी : कैंची धाम में शटल सेवा चलाये जाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। इस संबंध में मंगलवार को परिवहन विभाग ने उत्तराखंड परिवहन निगम, केमू और टैक्सी यूनियन के साथ बैठक की और बसों व टैक्सियों की उपलब्धता के बारे में चर्चा की। 15 जून को कैंची धाम में मेला होना है। मेले के दौरान लगने वाले जाम को देखते हुए शटल सेवा चलाई जानी है। साथ ही वीकेंड में भी शटल सेवा चलाई जाएगी, जिससे जाम से निजात मिल सके। आरटीओ प्रवर्तन नंद किशोर ने बताया कि बैठक में रोडवेज, केमू और टैक्सी कैब और कितनी उपलब्ध हो सकती हैं, इसके लिए प्रस्ताव बनाया जा रहा है। शीघ्र ही प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। बैठक में हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट, काठगोदाम डिपो के एआरएम आलोक बनवाल और केमू व टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

25 खेलों के लिए 25 नोडल अधिकारी नियुक्त

हल्द्वानी : खेल निदेशालय की ओर से विभिन्न खेलों के लिए 25 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए 25 खेलों के लिए 25 नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। इसमें हॉकी, तीरंदाजी, फुटबॉल, कुश्ती, वॉलीबाल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कबड्डी, हैंडबॉल, बॉस्केटबॉल समेत अन्य खेलों के लिए नोडल अधिकारी निदेशालय स्तर से नामित किए गए हैं। ये सभी नोडल अधिकारी खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास, उपकरण, तकनीकी प्रशिक्षण, डाइट समेत अन्य बिंदुओं पर कार्य करेंगे। इनका लक्ष्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ ही बेहतर माहौल देना रहेगा, जिससे राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ी उकृष्ट प्रदर्शन कर पाएं।

पाल कॉलेज में आयोजित सेमिनार में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

रसायन और उनकी गुणवत्ता के बारे में बताया

हल्द्वानी, अमृत विचार : हिमालयन सोसायटी ऑफ जियो साइंटिस्ट और पाल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने एडवांस्मेंट इन कंस्ट्रक्शन केमिकल्स इन सिविल इंजीनियरिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें सिविल इंजीनियरिंग संरचनाओं में उपयोग होने वाले रसायन और उनकी गुणवत्ता के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई। सेमिनार में सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, जमरानी बांध के अभियंता, पर्यावरणविद्, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विश्वविद्यालय के प्राचार्यों ने भाग लिया। पाल कॉलेज के निदेशक डॉ. शुभो चट्टोपध्याय और प्रो. केके पांडे ने वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजन के लिए कॉलेज हमेशा सहयोग करेगा। फॉसरोक इंडिया सीका और अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने उत्पादों का विस्तृत वर्णन कर उनका उपयोग बताया। लोनिवि के मुख्य अभियंता जीसी आर्या ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन नारायण पाल, सीईओ निर्भयान, अतुल पाल, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला, बीसी पाटनी मौजूद रहे।

अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी और निजी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि अस्पतालों को अग्नि सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए और राज्य अग्निशमन विभाग से वैध अग्नि अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करनी चाहिए। साथ ही नियमित तौर पर अग्नि सुरक्षा ऑडिट और ऑन-साइट निरीक्षण होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को प्रत्येक जरूरी स्थानों पर अग्निशामक, धुआं डिटेक्टर और अग्नि अलार्म स्थापित करने चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नवजात और गहन चिकित्सा इकाइयों का नियमित निरीक्षण करने को कहा।

कालाढूंगी क्षेत्र की विकास योजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए: बंशीधर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : विधायक बंशीधर भगत ने सोमवार को ऊंचापुल स्थित आवास में कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए जन समस्याओं खासकर पेयजल से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से निपटारा करने को कहा।

विधायक भगत ने सर्वप्रथम लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की समीक्षा करते हुए नैनीताल-कालाढूंगी-बाजपुर मोटर मार्ग पर नया गांव चंदन सिंह में बाबूलाल के आवास तक तीन किमी मार्ग निर्माण के लिए लोनिवि व वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त सर्वे कर निर्माण में आ रही सभी बाधाओं को दूर करने को कहा। उन्होंने लालडांठ पुलिया के विस्तारीकरण में हो रही देरी पर लोनिवि अधिकारियों को फटकार लगाई। इस पर लोनिवि अधिकारियों ने आज (मंगलवार) से ही काम शुरू करने का आश्वासन दिया। विधायक ने जल निगम के अधिकारियों को लामाचौड़ खास में नलकूप निर्माण एवं ओवरहेड टैंक निर्माण पूर्ण होने पर हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने खुशालपुर, बच्चीनगर, कुरियागांव, गुजरौड़ा, देवलचौड़, हल्दूपोखरा में पाइप लाइन बिछाने एवं जल्द कनेक्शन देने को कहा। जल संस्थान ईई को बैलपोखरा, हरिपुर फुटकुआं, करायल चतुर सिंह समेत सभी प्रोजेक्ट में अधूरे काम पूरे करने के निर्देश दिए।

विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि ऊंचापुल से त्रिमूर्ति तक नहर कवरिंग एवं सड़क चौड़ीकरण का काम विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग में देरी की वजह से धीमी गति से चल रहा है। मौसम अनुकूल होने पर कार्य तीव्र गति से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला महामंत्री नवीन भट्ट, जिला कोषाध्यक्ष प्रताप बोहरा, मंडल अध्यक्ष धीरज पांडे, सुरेश गौड़, त्रिलोक निगलटिया, प्रमोद पंत, प्रकाश पटवाल, गणेश शाह, प्रधान ललित मोहन नेगी मौजूद रहे।

पांच हजार घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

संवाददाता, हल्द्वानी

पहल

- पहले चरण में इंदिरानगर, बनभूलपुरा, राजेंद्रनगर, बाजार क्षेत्र और रेलवे बाजार में लगेंगे मीटर

अमृत विचार : विद्युत विभाग शहर के करीब पांच हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद में जुट गया है। पहले चरण में शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य होगा। इसके लिए विभाग ने प्रस्ताव का अनुमोदन तैयार कर लिया है। आचार संहिता समाप्त होने के तुरंत बाद मीटरों के लिए निविदा निकाली निकाली जायेगी।

लो वोल्टेज और बिजली चोरी की समस्या से निपटने के लिए विद्युत विभाग शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी कर रहा है। पहले चरण में इंदिरानगर, बनभूलपुरा, बाजार क्षेत्र, रेलवे बाजार, राजेंद्रनगर क्षेत्र के कई घरों में स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे। विभाग के अनुसार शहर में करीब 55 हजार घरेलू व कमर्शियल विद्युत उपभोक्ता हैं। सर्वे के आधार पर करीब 5 हजार घरों में मीटर लगेंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद संबंधित उपभोक्ता जितने का रिचार्ज करेगा उतना ही बिजली का उपयोग उपभोक्ता कर पाएगा। मीटर से रीडिंग की भी गणना होगी और बिजली बिल की जानकारी घर बैठे ही मोबाइल पर अपडेट होगी।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट ने बताया कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद स्मार्ट मीटर के लिए निविदा जारी कर दी जायेगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद पहले चरण में शहरी इलाकों में स्मार्ट मीटरों को लगाया जाएगा।

निशुल्क लगेंगे स्मार्ट मीटर

हल्द्वानी : विद्युत विभाग घरों में शुरुआत में स्मार्ट मीटर निशुल्क लगाएगा। उपभोक्ताओं से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। मीटर खराब होने, फुंकने व दूसरी बार लगवाने की स्थिति में उपभोक्ता को 10 से 12 हजार रुपये खर्च करने होंगे।

दो दिन पहले ठीक हुआ नलकूप फिर से खराब

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौलापार के खेड़ा क्षेत्र में दो दिन पहले ठीक हुआ नलकूप फिर से खराब हो गया है। जिससे क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। करीब एक सप्ताह पूर्व खेड़ा क्षेत्र में नलकूप की मोटर खराब हो गई थी। जिसकी मरम्मत करने में विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बीते रविवार को नलकूप का संचालन शुरू हो गया था। लेकिन मंगलवार को नलकूप की मोटर फिर से जाम हो गई।

जल संस्थान के जेई शेखर जोशी ने बताया कि नलकूप की मोटर में तकनीकी दिक्कत आने से सप्लाई बाधित रही। नलकूप को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। तब तक के लिए इलाके में टैंकर से पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है।

इधर, इंदिरानगर, राजपुरा, गौलागेट, बच्ची नगर, करायल जौलासाल, भगवानपुर समेत कई इलाकों में पानी की किल्लत बरकरार है। इन स्थानों पर पेयजल की आपूर्ति के लिए जल संस्थान टैंकरों के जरिए पानी पहुंचा रहा है, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है।

अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित की जाए नगर निगम हल्द्वानी की सीट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शिल्पकार वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा को सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम के चुनाव में हल्द्वानी सीट को अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित करने की मांग की।

ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में नगर पालिका के समय सीट को अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया गया। अब यह नगर निगम बन चुका है और दो बार निकाय चुनाव भी चुके हैं। दोनों बार सीट अनारक्षित रही। हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के करीब 40 हजार मतदाता हैं, इसलिए इस बार नगर निगम हल्द्वानी की सीट को अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित किया जाए। जिससे समाज के लोगों के संवैधानिक हितों की रक्षा हो सके। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष मुकेश चंद्र बौद्ध, जीआर टम्टा, दीपक चनियाल, राजेंद्र कुटियाल, गंगा प्रसाद, अंजू राज, हरीश चंद्र, निर्मला, सुंदर लाल बौद्ध, विनोद बौद्ध, जितेंद्र, जगदीश चंद्र, सुरेंद्र कोहली, आरपी गंगोला शामिल रहे।

उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते सोसायटी के पदाधिकारी।

कार्यक्रम | उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में पत्रकारिता दिवस पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

हर व्यक्ति के लिए मीडिया साक्षरता जरूरी : सुरेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाषा के बिना पत्रकारिता अधूरी है। आज के दौर में भाषा का क्षरण हो गया है। मीडिया शिक्षार्थियों का साहित्य से नाता टूट गया है। ये बात माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व जनसंचार विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में कही।

यूओयू में सेमिनार को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रो. केजी सुरेश। ● अमृत विचार

जनसंचार व पत्रकारिता विभाग की ओर से हुए सेमिनार में केजी सुरेश ने कहा कि आजादी के समय राष्ट्रीयता पत्रकारिता का अभिन्न अंग थी। हिंदी का पहला अखबार उदंत मार्तंड 9 माह में बंद हो गया था, लेकिन उसका प्रभाव बहुत गहरा पड़ा। उन्होंने देश के हर व्यक्ति के लिए मीडिया साक्षरता को जरूरी बताया। मुख्य वक्ता भारतीय जन संचार संस्थान नई दिल्ली में प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के 200 सालों में हमें आत्मअवलोकन करने की जरूरत है। यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि पत्रकारिता ही समाज को दिशा देती है। एक पत्रकार को संवेदनशील, दूरदृष्टिवान होना बहुत जरूरी है। सेमिनार के सहप्रायोजक एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने भी पत्रकारिता में जनसरोकारों को जरूरी बताया। वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला ने हिंदी पत्रकारिता के लिए उत्तराखंड के पत्र पत्रिकाओं पर विस्तार से बात रखी। डॉ. गणेश पाठक ने पत्रकारिता के अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर शोधार्थियों ने विभिन्न विषयों पर शोध पत्र पढ़े। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. पीडी पंत, एसोसिएट प्रोफेसर डा. शशांक शुक्ला, संगोष्ठी के सह सयोंजक राजेंद्र क्वीरा, डा. ममता पंत, डा. कल्पना लखेड़ा, डा. अखिलेश सिंह, डा. मनोज पांडे, डा. डिगर सिंह फर्सवाण, विपिन चंद्रा, भूपेंद्र सिंह, सुमित सिंह, अनिल नैनवाल, विभु कांडपाल आदि मौजूद रहे।

अघोषित कटौती व जाम से बदनाम हो रहा पर्यटन प्रदेश

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य आंदोलनकारी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ललित जोशी ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश में विद्युत कटौती से आम नागरिक एवं व्यापारी बेचैन हैं तो जाम से पर्यटक परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन को आड़े हाथों लेते कहा कि रोज लगने वाले जाम से पर्यटन प्रदेश का नाम बदनाम हो रहा है। आरोप लगाया कि जाम की वजह से स्थानीय लोग ऑफिस और नियमित काम तक नहीं निपटा पा रहे हैं।

वहीं पुलिस और प्रशासन की ओर से जाम से निपटने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। देवभूमि में आने वाले पर्यटकों के मन में उत्तराखंड की छवि दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी रोज नए रिकॉर्ड कायम कर रही है तो ऊर्जा प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज, ट्रिपिंग के भी नए रिकॉर्ड कायम हो रहे हैं। जिससे भीषण गर्मी में जनता त्रस्त हो रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

सार संक्षेप

व्यापारियों ने छबील लगाकर पिलाया शरबत

मुख्य बाजार में राहगीरों को शरबत वितरित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

रुद्रपुर : व्यापारियों ने मुख्य बाजार में भीषण गर्मी को देखते हुए छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। इससे राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, गोविंद गुलाटी, साहिल आहूजा, आदित्य आहूजा, राहुल सरीन, राकेश डूडेजा, राकेश मिगलानी, बॉबी टुटेजा, राकेश तनेजा, सिमरन सिंह, पंकज लूथरा, आकाश भुसारी, अशोक कुमार, कार्तिक आहूजा, जसवंत सिंह, संदीप सिंह, कपिश सुखीजा आदि मौजूद रहे।

वीडियो वायरल करने के नाम पर 63 हजार की ठगी

खटीमा : स्थानीय निवासी टीकाराम पांडे ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि सोमवार को करीब 10 बजे उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाला स्वयं को क्राइम ब्रांच गुड़गांव का डीआईजी बता रहा था और कहने लगा कि उसका कोई अश्लील वीडियो उसके पास है। जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल करने जा रहा है। अगर तुम 63 हजार रुपये मेरे खाते में डाल दो तो वीडियो डीलीट कर दूंगा। पीड़ित ने डरकर 63 हजार रुपये खाते में डाल दिए। तहरीर में यह भी कहा है कि आज सुबह पुन: दूसरे नंबर से कॉल आई और कॉल करने वाला स्वयं को आईबी का इंचार्ज बताया और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए पैसे की मांग करने लगा। जिसपर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कारवाई करने और रकम वापस दिलाने की मांग की है।

हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई

काशीपुर : युवती पर जानलेवा हमला करने के आरोपी व अन्य लोगों के हुडदंग करने को लेकर बार एसोसिएशन ने बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिस से मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सोमवार को बार एसोसिएशन भवन में अध्यक्ष अवधेश चौबे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बार प्रांगण में चाय की दुकान चलाने वाले खूब सिंह की बेटी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी के द्वारा अपने दोस्तों के साथ हुडदंग करने पर गहरी चिंता जताई गई है। साथ ही आरोपी के द्वारा सोशल मीडिया पर भी वीडियो अपलोड करने पर सौहार्द बिगड़ने का डर जताया। बार एसोसिएशन ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान सचिन निपेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उप सचिव सूरत, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कामिनी श्रीवास्तव, अर्पित कुमार सौदा, नरेंद्र कुमार पाल, अमित गुप्ता, अमृतपाल सिंह, अविनाश कुमार, नरदेव सैनी समेत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

पदोन्नति आदेश जारी नहीं होने से कर्मचारियों में रोष

रुद्रपुर : चयन समिति की ओर से पदोन्नति की संस्तुति किए जाने के कई माह बाद भी पदोन्नति के आदेश जारी नहीं करने से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला शाखा के पदाधिकारियों में आक्रोश है। इसके लेकर जिला मंत्री पवन कुमार शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष को एक ज्ञापन भेजा है। इसमें उनकी मांगों का जल्द समाधान करने की मांग उठाई है। मंगलवार को परिषद के जिला मंत्री की ओर से भेजे गये ज्ञापन में कहा गया है कि चयन समिति ने पदोन्नति की संस्तुति की है। बावजूद कई माह तक इसके आदेश जारी नहीं किये गये हैं। इससे कार्मिकों को आर्थिक नुकसान, ज्येष्ठता संबंधी समस्याओं के साथ मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उनकी समस्या का समाधान करने की मांग की। ताकि समय पर कार्मिकों को पदोन्नति का लाभ मिल सके।

एक माह से बुजुर्ग लापता, गुमशुदगी दर्ज

बाजपुर : ग्राम कनौरा निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग अब्दुल वहीद 23 अप्रैल को बिना बताए घर से लापता हैं। काफी तलाशने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो बेटे समीर अहमद ने कोतवाली में गुमशुदगी तहरीर देकर पिता को खोजने में मदद की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी है।

आत्मा का परमात्मा से मधुर मिलन ही योग

अलविदा तनाव कार्यक्रम में प्रवचन देतीं ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी। ● अमृत विचार

काशीपुर : प्रजापति ब्रह्माकुमारी आयोजित 9 दिवसीय अलविदा तनाव शिविर के छठे दिन के सत्र में मेडिटेशन द्वारा समस्याओं का समाधान विषय को स्पष्ट किया गया। ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने कहा कि परमपिता परमात्मा से सारे रिश्तों का अनुभव मेडिटेशन में करते हैं। इसमें परमात्मा से मांगा नहीं जाता, बल्कि संबंध जोड़ने से स्वत: प्राप्तियां होती हैं। आत्मा का परमात्मा से मधुर मिलन ही योग है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

एक साल पूरा होने के बाद भी पतरामपुर के लोगों को न्याय की आस, कोर्ट में एक साल में 9 तारीखें पड़ चुकी हैं, कार्रवाई नहीं हुई

अतिक्रमण के नाम पर उजाड़े गए लोगों को नहीं मिल पाया न्याय

ग्राउंड रिपोर्ट

सुशील चौहान, जसपुर

अमृत विचार : एक साल के बाद भी ग्राम पतरामपुर में अतिक्रमण के नाम पर उजाडे.गए लोगों को न्याय नहीं मिल पाया है।

प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान पिछले वर्ष 29 मई को जसपुर क्षेत्र के गांव पतरामपुर के मेन रोड स्थित बाजार में करीब दो दर्जन लोगों के मकान व दुकान तोड़े थे। पीड़ितों के मकान व दुकान देखते ही देखते मलबे में तब्दील हो गए थे। इनका मलबा आज भी पड़ा हुआ है। पीड़ित लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को अनुचित व गैरकानूनी ठहराया था। उनका कहना था कि प्रशासन द्वारा आबादी में दर्ज खसरा नंबर 287 को खसरा नंबर 290 बता कर उनके मकान व दुकान तोड़ दिए। कार्रवाई के दौरान भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध किया था। तब विरोध करने वाले कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार भी किया गया था। पीड़ित लोगों ने शासन-प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलाए जाने की मांग की थी। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर इस गैर कानूनी कार्रवाई को अंजाम दिए आज 29 मई को एक साल पूरा हो गया है लेकिन अभी तक उन्हें इंसाफ नहीं मिल पाया है। एक साल से इस मामले में केवल जांच चल रही है। पीड़ितों द्वारा न्याय पाने के लिए न्यायालय में भी एक याचिका दर्ज कराई गई है। इसकी 1 साल के भीतर 9 बार तारीखें पड़ चुकी हैं लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से न्यायालय में पतरामपुर अतिक्रमण को लेकर कोई भी जवाब नहीं दिया गया और न ही सरकार की तरफ से कोई भी व्यक्ति या एडवोकेट न्यायालय में पेश हुआ। पीड़ितों के अनुसार इससे यह साफ जाहिर है कि पतरामपुर में जो अतिक्रमण के नाम पर लोगों के घर और दुकान तोड़ी गई हैं, वे पूरी तरह से गलत कार्रवाई थी।

पतरामपुर में अतिक्रमण के नाम पर तोड़ी गईं दुकानें व मकान। ● अमृत विचार

बेघर भी हुए, रोजगार भी छिना

जसपुर : प्रमुख रूप से अतिक्रमण की चपेट में आए सरदार कुलदीप सिंह ने कहा कि सबसे ज्यादा नुकसान उन्हीं का हुआ था। अपनी खेती की जमीन बेचकर पतरामपुर में नीचे दुकान और ऊपर मकान बनाया था। लेकिन उनकी दुकान व मकान दोनों तोड़ दिए गए। जिससे वे बेघर हो गए और उनका रोजगार भी छिन गया। उन्होंने अपने एक रिश्तेदार के घर में शरण ले रखी है। दुकान टूट जाने से उनकी आमदनी का जरिया खत्म हो गया है।

दुकान टूटने से आमदनी खत्म हुई

जसपुर : पीड़ित जसवंत सिंह ने बताया कि पतरामपुर में उनकी दुकान थी और उसके ऊपर मकान था। जो अतिक्रमण की चपेट में आ गए और उनके परिवार बेघर हो गया। दुकान टूटने से आमदनी भी खत्म हो गई। इसके कारण उनका परिवार परेशान है।

पीड़ितों के साथ खड़ी है भाकियू



जसपुर : युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने इस संबंध में कहा है कि भारतीय किसान यूनियन इस मामले में पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाए खड़ी है। वह न्याय न मिलने तक उनका पूरा सहयोग करेंगे।

रोजी-रोटी के लिए हैं परेशान

जसपुर : पीड़ित गज्जन सिंह ने कहा कि उसकी भी नीचे दुकान और ऊपर मकान था। जो प्रशासन ने नाजायज रूप से तोड़ दिया। इससे वे भी बेघर हो गए और उनका रोजगार भी छिन गया। ऐसे में वे रोजी-रोटी के लिए परेशान हैं।

अनुचित थी कार्रवाई

जसपुर : पीड़ित नजीर अहमद व इस्माइल ने बताया कि उन दोनों की पतरामपुर में दुकानें थीं। दुकान टूटने से रोजगार खत्म हो गया। सभी पीड़ितों ने अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई को अनुचित व गैर कानूनी ठहराया।

होटल और रेस्टोरेंट से लिये आठ खाद्य पदार्थों के सैंपल

खाद्य विभाग की टीम ने होटल और रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार को शहर के विभिन्न होटल और रेस्टोरेंटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने होटल और रेस्टोरेंट से 8 खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए।

जिला अभिहित अधिकारी ऊधमसिंह नगर डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि निरीक्षण की कार्रवाई के दौरान कई होटल और रेस्टोरेंट से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। सभी नमूनों को राज्य खाद्य एवं औषधि जांच प्रयोगशाला रुद्रपुर को भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने होटल और रेस्टोरेंट के स्वामियों को गुणवत्ता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि एफएसएस एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय, संग्रहण और निर्माण किये जाने पर उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

रुद्रपुर के एक होटल में कार्रवाई करते जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा।

एक खाद्य कारोबारी पर 35 हजार का अर्थदंड

रुद्रपुर : न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त व राजस्व) ऊधमसिंह नगर अशोक कुमार जोशी के न्यायालय में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने जीरा (पैक्ड) को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया था। न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई के बाद इन खाद्य पदार्थों को एफएसएस एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाये जाने पर विक्रय, संग्रहण और निर्माण करने वाले एक खाद्य कारोबारी पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। मामले की सुनवाई के बाद मंगलवार को जिला अभिहित अधिकारी ऊधमसिंह नगर डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि पूर्व में जीरा (पैक्ड) का सैंपल लिया गया था। इसके बाद सभी नमूनों को राज्य खाद्य एवं औषधि जांच प्रयोगशाला रुद्रपुर को भेजी गयी थी। यह नमूने जांच रिपोर्ट में मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए थे। इसको लेकर न्यायालय में वाद दायर किया गया था। इसकी सुनवाई न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट ने की।

बहन से मिलने किच्छा आए अधेड़ की मौत

किच्छा: बहन से मिलने किच्छा आए अधेड़ का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

मूल रूप से बनबसा (चंपावत) तथा वर्तमान में खेड़ा, रुद्रपुर निवासी 44 वर्षीय बलवीर सिंह किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि किच्छा के ग्राम बंडिया निवासी बहन से मिलने के लिए बलबीर सिंह घर से निकला था। शाम को कुछ लोगों ने बलबीर सिंह को संदिग्ध अवस्था में हल्द्वानी मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। बलवीर सिंह के सिर पर चोट लगी हुई थी। राहगीरों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान की गई। घटना की सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और परिजनों को घटना से अवगत कराया। पुलिस की सूचना पर मृतक का छोटा भाई राकेश सिंह सहित अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक बलवीर सिंह सिडकुल की एक कंपनी में काम करता था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

काशीपुर में डेढ़ गुना बढ़ी बिजली की मांग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर में बीते लंबे समय से बारिश न होने व तापमान बढ़ने से बिजली का लोड डेढ़ गुना तक बढ़ गया है। भीषण गर्मी के चलते लोगों ने सुबह से ही एसी कूलर चलाना शुरू कर दिया है। वहीं बीते एक माह में बिजली के लोड में डेढ़ गुना तक बढ़ोतरी होने से गड्ढा कॉलोनी, कचनालगाजी, मानपुर रोड समेत कई स्थानों पर वोल्टेज कम पहुंच रही है।

काशीपुर में ऊर्जा निगम के 87780 उपभोक्ता हैं। इनमें 10247 कॉमर्शियल जबकि 77533 उपभोक्ता घरेलू शामिल हैं। वहीं बीते एक माह में गर्मी के चलते बिजली का लोड 436446 किलोवाट तक पहुंच गया है। यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि अब तक डेढ़ गुना तक बिजली का लोड बढ़ा है। लोगों को बिजली संबंधित किसी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके लिए विद्युत कर्मियों को सतर्क रहने के साथ तुरंत कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

हालात

- काशीपुर में 87 हजार से अधिक हैं उपभोक्ता
- चार लाख 36 हजार किलोवाट बिजली की हो रही मांग

अघोषित कटौती बंद करने की मांग, ज्ञापन

खटीमा : युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री रमेश सिंह रौतेला ने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर नगर और ग्रामीण क्षेत्र में हो रही है अघोषित विद्युत कटौती पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी हो रही है जबकि विद्युत विभाग द्वारा अघोषित कटौती की जा रही है जिससे आम आदमी को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने अघोषित कटौती से तत्काल निजात दिलाने की मांग की है।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

बाजपुर : जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के चार लोगों के चोटें आई हैं। केलाखेड़ा पुलिस ने दोनों ओर से सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम गुमसानी शांति कॉलोनी निवासी रविंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि 24 मई को ग्राम बेरिया दौलत निवासी भूपेंद्र सिंह अपने बेटे जगप्रीत सिंह, इंदिरा कॉलोनी बाजपुर निवासी गुरमीत सिंह सोडी एवं कुछ अन्य व्यक्तियों के साथ लाठी-डंडे, धारदार हाथियार लेकर उसके घर पर आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। पिता ने विरोध किया तो हमलावर हो गए। शोर सुनकर बड़े भाई राजीव सिंह बेदी अपने पिता को बचाने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई है। दूसरे पक्ष के ग्राम बेरिया दौलत निवासी भूपेंद्र सिंह ने भी शांति कॉलोनी गुमसानी निवासी गुरचरण सिंह, रविंद्र सिंह, ग्राम चकरपुर निवासी राजीव सिंह व बेदी फार्म निवासी त्रिलोचन सिंह पर आरोप लगाए हैं।

खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: खाटू श्याम बाबा की स्मृति में 16वें श्याम वंदना महोत्सव की तैयारी के बीच श्याम मित्र मंडल बाजपुर के तत्वावधान में मंगलवार देर सायं नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे श्रद्धालु हाथों में ध्वज पताका लेकर शामिल हुए। साथ ही सबसे पीछे रथ में सजाई गई श्री श्याम प्रभु खाटू नरेश की मनोरम झांकी को श्रद्धालु खुद हाथों के खींचकर ले जा रहे थे। इस दौरान श्री श्याम प्यारे की जय, श्री खाटू नरेश की जय के उद्घोष से वातावरण भक्तिभाव में सराबोर हो गया। इस मौके पर सत्यवान गर्ग, श्रीनिवास गर्ग, संजय मित्तल, चंद्रप्रकाश मित्तल, पं.शिवकुमार शास्त्री, सुधीर सिंघल, मीना बुआ, गगनदीप गर्ग, विकास गर्ग गांधी, दर्शन लाल गोयल, सचिन गर्ग, भोला कौशिक, पं.अंकुश शर्मा, गौरव गर्ग, अजय जिंदल, तरसेम गर्ग, अर्चित, अनुराग गर्ग आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में निकली निशान शोभायात्रा में शामिल उत्साहित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली कर रहे युवक को पकड़ा

किच्छा : नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने के नाम पर आवेदन फॉर्म भरकर अवैध वसूली कर रहे युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद नगर पालिका में पहुंचकर लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पीड़ित वार्ड वासियों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि युवक द्वारा करीब 52 लोगों से पीएम आवास दिलाने के नाम पर ढाई हजार रुपए प्रति मेंबर वसूले गए थे। पूछताछ में पता चला कि आरोपी युवक यूपी के बरेली जिला अंतर्गत नवाबगंज का रहने वाला है।

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरा पुत्र सुमित एवं पुत्रवधू दीपांशी आये दिन मेरे साथ अभद्रता, मारपीट एवं गाली-गलौज करते हैं। जिससे आये दिन घर में कलह/कलेश होता रहता है। जिससे आहत होकर मैं अपने पुत्र सुमित एवं पुत्रवधू दीपांशी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उनसे सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में वे किसी भी तरह से लेन-देन एवं वाद-विवाद के स्वयं जिम्मेदार होंगे। - हरीओम पुत्र महावीर नि .वार्ड नं 12 नगर पालिका परिषद बाजपुर (उधमसिंहनगर)

पूर्व कर्मी पर नियुक्ति के लिए गलत तरीके अपनाने का आरोप

पंतनगर, अमृत विचार : उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् (बायोटेक) के कर्मियों ने वहीं के पूर्व कर्मी पर बैकडोर नियुक्ति के लिए शासन-प्रशासन को भ्रमित करने सहित ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। कहा कि इससे कर्मचारियों का तो मानसिक उत्पीड़न हो ही रहा है, बायोटेक की छवि भी धूमिल हो रही है। बायोटेक में उपनल कर्मी सचिन शर्मा व अनुज कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि मल्ला गोरखपुर हल्द्वानी निवासी एक कर्मी वर्ष 2018 से 2022 तक परियोजना के माध्यम से जेपीएफ के पद पर कार्यरत था। इसी दौरान बायोटेक में खाली पदों पर बैकडोर नियुक्ति के लिए आरोपी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और अपनी राजनीतिक व शासन में पहुंच का फायदा उठाकर बायोटेक निदेशक को पत्र लिखवाकर नियुक्ति का दबाव बनाया। 2022 में भी सांसद अजय भट्ट से पत्र लिखवाकर बायोटेक के निदेशक पर दबाव बनाया।

सितारगंज में लगे स्वास्थ्य शिविर में शिरकत करते लोग। ● अमृत विचार

नेकी फाउंडेशन ने चिकित्सा शिविर लगाया

सितारगंज : इस्लामनगर वार्ड नंबर 3 में इश्तियाक अंसारी, नेकी फाउंडेशन और आस्था मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शहर के 100 से अधिक लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया। वहीं चिकित्सा शिविर में आस्था हॉस्पिटल की ओर से हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, महिला रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। शिविर में मौजूद हड्डी रोग विशेषज्ञ मयंक प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर में 100से अधिक लोगों का मौके पर ही उपचार किया गया है। जिन मरीजों को जांचों की आवश्यकता थी उन्हें आस्था अस्पताल में भेजा गया है। साथ ही बताया कि अधिकतर लोगों को शिविर में ही निशुल्क दवाएं और सलाह दी गईं। वही नेकी फाउंडेशन के संस्थापक इस्तियाक अंसारी ने बताया कि आगे भी नेकी फाउंडेशन की ओर से शिविर का आयोजन होता रहेगा। इस दौरान रेहान अंसारी युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष, छोटा अंसारी, इकराम अल्वी, भैया अंसारी, मोहम्मद अनीस, सुधीर श्रीवास्तव, डॉक्टर मयंक प्रताप सिंह मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321

अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488

काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

बाइक लूटने की फिराक में घूम रहे युवक को दबोचा

काशीपुर : कुंडा पुलिस ने क्षेत्र में बाइक लूटने की फिराक में तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार की देर रात कुंडा थाने में तैनात एसआई मनोज सिंह धोनी पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान हरियावाला चौक के पास एक संदिग्ध युवक घूमता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद आरोपी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रिंकू निवासी गंगापुर तालाब थाना कुंडा बताया। कहा कि वह यह तमंचा लेकर बाइक लूटने की फिराक में था। कुंडा थाना प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

40 पाउच कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

शक्तिफार्म : पुलिस ने 40 पाउच कच्ची शराब के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी, हेड कांस्टेबल कुंदन सिंह आदि पुलिस टीम के साथ जेल कैंप क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान ललिता राय निवासी जेल कैंप नंबर दो को 40 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

एसपी सिटी से मिले खनन व्यापारी

काशीपुर : काशीपुर के खनन व स्टोन क्रशर स्वामियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसपी सिटी से मुलाकात की। साथ उन्होंने समस्याओं का निस्तारण कराने की एसपी सिटी से मांग की। सोमवार को काशीपुर के खनन व स्टोन क्रशर स्वामी एसपी सिटी के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एसपी सिटी अभय सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैलाश रिवर द्वारा लगाए गए बैरियर में रॉयल्टी व रवन्ने को लेकर आए दिन दिक्कत हो रही है। वहीं एसपी सिटी अभय प्रताप ने खनन व्यापारियों को मामले के निस्तारण के लिए डीएम को पत्र भेजने को कहा है।

गर्मी में नल सूखे, पेयजल के लिए लोग परेशान

नानकमत्ता : क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और सैकड़ों एकड़ जमीन पर लगे बेमौसमी धान से नल सूखने से पेयजल के लिए लोग परेशान हैं। उधर, बिजली की दिन रात पांच-पांच घंटे की कटौती ने लोगों का और बुरा हाल कर दिया है। किसानों द्वारा सैकड़ों एकड़ बेमौसमी धान के खेतों में चल रही पानी की मोटर के लगातार चलने से जलस्तर गिर गया है। गर्मी के चलते गांवों में लगे नलों से पानी आना बंद हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना भी धरातल पर नहीं उतर पाई है। सरकार के पास गांव में पीने के पानी के लिये और कोई व्यवस्था नहीं है।

टेंपो चालक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

रुद्रपुर : 15 मार्च को टेंपो की भिड़ंत में घायल महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। बरेली निजी अस्पताल में चल रहे उपचार के दौरान आठ लाख का खर्च आ चुका है। जिस पर घायल के पति ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मूल रूप से ग्राम जसौली दिवाली परसिया पीलीभीत व हाल निवासी राजा कॉलोनी के चंद्रपाल ने बताया कि 15 मार्च को उसकी पत्नी नन्ही देवी टेंपो संख्या यूके-06 टीए-6901 में बैठकर गोल मढैया से सिडकुल कंपनी में काम करने जा रही थी। अचानक टेंपो संख्या यूके-06 टीए-3880 के चालक ने तेज गति से टेंपो को टक्कर मार दी थी। जिसमें उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

पंतनगर में मजदूर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना पंतनगर इलाके के रहने वाले एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया है।

सोनू।

मूलरूप से मीरगंज बरेली व हाल निवासी मस्जिद कॉलोनी पंतनगर निवासी 32 वर्षीय सोनू श्रीवास्तव परिवार के साथ रहता था और मजदूरी कर भरण पोषण करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम को पड़ोसी की बेटी का जन्मदिन था और पत्नी निकिता बेटे के साथ रात 10 बजे खाना लेकर लौटी तो देखा कि युवक दुपट्टे के फंदे से लटका हुआ है।

जिसे देख कर परिवार में चीख पुकार मच गई और आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पंतनगर राजेंद्र सिंह डांगी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मौके पर किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आत्महत्या की जांच शुरू कर दी है।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

खटीमा: चकरपुर में रेलवे क्रॉसिंग पार कर घर जाते समय एक वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सोमवार देर शाम पचौरिया चकरपुर निवासी राम दत्त फुलेरा (82) पचौरिया के पास रेलवे ट्रैक के पास टहल रहे थे। वह रेलवे क्रासिंग को पार कर घर जाने लगे। इसी दौरान टनकपुर से खटीमा की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीण उन्हें नागरिक अस्पताल लाए। जहां चिकित्सों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी गोविन्दी देवी, पुत्र पुष्कर दत्त फुलेरा, पुत्री किरन को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

रामदत्त फुलेरा।

दूसरे रेंडमाइजेशन में होगा विधानसभा का आवंटन, 4 जून को मतगणना होगी

रेंडमाइजेशन के बाद कार्मिकों की हुई तैनाती

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष व पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन हुआ। इसमें 153 मतगणना सुपरवाइजर, 162 मतगणना सहायक और 180 माइक्रोआब्जर्वर की तैनाती की गई। इसी तरह पोस्टल मतगणना के लिए 41 मतगणना सुपरवाइजर, 82 मतगणना सहायक और 41 माइक्रोआब्जर्वर की तैनाती की गई।

मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में पहले रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना कार्मिकों के पहले रेंडमाइजेशन के बाद तैनाती की गयी है। दूसरे रेंडमाइजेशन में मतगणना कार्मिकों को विधानसभा आवंटन की जाएगी, जबकि तीसरे रेंडमाइजेशन में विधानसभा वार मतगणना टेबल आवंटित होगी।उन्होंने बताया कि 4 जून को मतगणना होनी है। इसके लिए विधानसभावार 14-14 टेबल लगाई जाएंगी।

इसके अलावा पोस्टल मतों की गणना के लिए 34 टेबल लगाई जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल कार्मिक मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि मौजूद थे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

जमानत मिलने पर निकाला विजय जुलूस, आठ पर रिपोर्ट

विगत माह युवती पर धारदार हथियार से वार करने के मामले में जेल गए थे आरोपी, दो आरोपियों की जमानत के बाद परिजनों ने मनाया जश्न

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : फरवरी में एक युवती पर धारदार हथियार से वार करने के मामले में जेल गए मुख्य आरोपी सहित कई आरोपियों में से दो को जमानत मिल गई। जमानत पर बाहर आए दोनों आरोपियों का आतिशबाजी व जुलूस निकालकर स्वागत करने पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सोमवार की देर शाम काशीपुर के खालसा क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में दो आरोपियों के जेल से जमानत मिलने के बाद घर लौटने पर परिजन व परिचित जश्न मनाते दिखाई दिए। इसमें आतिशबाजी कर आरोपियों को लेकर जुलूस निकाला गया। वीडियो की सूचना मिलने के बाद आरोपियों का स्वागत करने वाले 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस का कहना है कि वर्तमान में आचार संहिता भी लगी हुई है और आरोपी के जेल से छूटने पर उसके साथी हुड़दंग मचा रहे थे। मामले में पीड़ित युवती के पिता ने भी पुलिस को तहरीर देकर जश्न के दौरान आरोपियों द्वारा उन्हें धमकी देने की बात कही गई है। इसके बाद पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की।

एसपी सिटी को ज्ञापन देते हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आरोपी के घर अवैध कब्जे पर बुलडोजर भी चला था

काशीपुर : फरवरी माह में काशीपुर के खालसा क्षेत्र की युवती के साथ अन्य धर्म के तीन युवकों ने मारपीट कर धारदार हथियार से हमला किया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था और आरोपी के घर अवैध कब्जे पर बुलडोजर भी चलाया था। इसके बाद सोमवार को कोर्ट ने मुख्य आरोपी को छोड़कर दो अन्य आरोपियों को जमानत दे दी।

पीड़िता के पिता की तहरीर पर हुआ मुकदमा

काशीपुर : सोमवार देर पुलिस ने हुड़दंगियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आठ लोगों के खिलाफ 41 सीआरपीसी के नोटिस के तहत कार्रवाई करते हुए। आरोपियों को जमानत देकर रिहा कर दिया था। वहीं मामले में पीड़िता के पिता खूब सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 188/268/147 के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की।

आरोपियों की जमानत रद्द करने की तैयारी

काशीपुर : कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें 41 सीआरपीसी के नोटिस देकर रिहा कर दिया था। उन्होंने बताया कि पीड़ित युवती के पिता के तहरीर के बाद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ऐसे में आरोपियों की जमानत रद्द करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

पुलिस की गिरफ्त में हुड़दंग मचाने वाले आरोपी। ● अमृत विचार

हिन्दू संगठनों ने एसपी सिटी को सौंपा ज्ञापन

काशीपुर : काशीपुर के हिन्दूवादी संगठनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी सिटी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने जमानत मिलने का जश्न मनाकर आपराधिक गतिविधि को बढ़ावा देने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही उन्होंने पीड़िता व उसके परिवार को सुरक्षा देने की एसपी सिटी से मांग की है।

इन आठ लोगों पर हुआ मुकदमा

काशीपुर : मामले में पुलिस ने खालसा निवासी रउफ, अरबाज खान, अनस, साहिल, सुभान, फैसल आलम, अयान अली, वसीम पर मुकदमा दर्ज किया है।

> जमानत पर बाहर आए आरोपियों का स्वागत करने का वीडियो संज्ञान में आया था। इसके आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।
> **-अभय कुमार**, एसपी सिटी, काशीपुर।

पुत्री के साथ दुष्कर्म के आरोपी पिता को जेल

खटीमा: पुलिस ने नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने वाले पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जिसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

झनकईया थाना छेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव की नाबालिग के साथ सोमवार शाम थाने पहुंची एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि नाबालिग का पिता पिछले दो तीन वर्ष से इसके साथ दुष्कर्म करता आ रहा है। पुलिस ने पीड़िता से पूछताछ और तहरीर के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ धारा 376/506 आईपीसी और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपी का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। इससे वह कई साल से दिल्ली में रहकर नौकरी करती है। जबकि घर पर आरोपी और उसकी दो पुत्रियां रहती हैं जिसमें छोटी पुत्री को उसने अपनी हवस का शिकार बनाया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक रूबी मौर्य को सौंपी गई है। विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक लक्ष्मण दत्त जोशी, उपनिरीक्षक रूबी मौर्य, विनीत कुमार शामिल रहे।

बाइक सवार पर तेंदुए का हमला

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: मोटरसाइकिल सवार युवक पर एक तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जसपुर क्षेत्र के पतरामपुर जंगल के पास स्थित गांव भोगपुर डाम गुरुद्वारा नंबर 3 निवासी बलकार सिंह के पैर में चोट लग गई थी। वह अपने पैर की मरहम-पट्टी कराने के लिए पास के गांव बढ़ियों वाला में डॉक्टर के पास आया था। जब वह शाम को करीब 7:30 बजे अपने गांव को मोटरसाइकिल से लौट रहा था, तभी पतरामपुर गुरुद्वारे से भोगपुर डाम गुरुद्वारा नंबर 3 को जाने वाले रास्ते पर स्थित श्मशान घाट के पास अचानक एक तेंदुए ने उसकी मोटरसाइकिल पर झपट्टा मार दिया। इससे वह नीचे गिर गया। तेंदुए ने उसका बायां हाथ अपने जबड़े में दबा लिया। घबराए युवक ने अपनी जान बचाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के घरों में रहने वाले लोग तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचे। इस पर तेंदुआ लोगों को देखकर बलकार को छोड़कर भाग गया। गंभीर रूप से घायल बलकार को जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इधर घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल युवक के परिजनों ने जसपुर दक्षिणी वन रेंज के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

जसपुर के गांव पतरामपुर के पास तेंदुए के हमले में घायल बलकार।

हिस्ट्रीशीटर ने दी प्रापर्टी डीलर को जान से मारने की धमकी

काशीपुर : प्लॉट की पैमाइश समय पर नहीं होने पर हिस्ट्रीशीटर ने एक प्रापर्टी डीलर को फोन पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चामुंडा विहार निवासी सौरभ अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी दीप्ति अग्रवाल के नाम ग्राम कचनालगुसाई में करीब एक 1 एकड़ जमीन है। इसमें से एक 2350 वर्ग फीट एक महिला के नाम बैनामा किया गया था। बताया कि प्लाट की पैमाइश उसके द्वारा की जानी थी। लेकिन उसकी पत्नी के सहखातेदार कमल अरोरा व मनोज गुप्ता के नहीं होने के कारण प्लॉट की पैमाइश समय से नहीं हुई। आरोप लगाया कि सोमवार को उसके फोन पर कौशल यादव का कॉल आया और प्लॉट की पैमाइश नहीं होने पर उसके साथ गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दी।

जीएसटी चोरी के आरोपी की जमानत खारिज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जमानत पर रिहा करोड़ों की जीएसटी चोरी के मुख्य साजिशकर्ता का जमानत आदेश रद्द होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी मार्च माह में जमानत पर रिहा चल रहा था। उसके खिलाफ जीएसटी जांच टीम ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में याचिका डाली थी। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत द्वारा जमानत आदेश को रद्द करते हुए मुख्य आरोपी को एक सप्ताह के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है।

विशेष अनुसंधान शाखा एसआईबी द्वारा उपायुक्त रजनीश यशवस्थी और विनय प्रकाश ओझा के नेतृत्व में बनी टीम ने 22 अक्टूबर 2023 को रहमानिया मदीना एनक्लेव जसपुर निवासी शाहनवाज हुसैन को गिरफ्तार किया था। जीएसटी विभाग का आरोप था कि मुख्य आरोपी द्वारा 28 कंपनियों के फर्जी जीएसटी बिल बनाकर 113 करोड़ के आय-व्यय पर 20 करोड़ की जीएसटी चोरी की और अपने नेटवर्क के माध्यम से जीएसटी चोरी का गिरोह संचालित किया। गिरोह का मुख्य साजिशकर्ता शाहनवाज ही है।

विशेष अनुसंधान शाखा के डिप्टी कमिश्नर विनय कुमार ओझा ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद मुख्य आरोपी द्वारा 11 दिसंबर 2023 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत याचिका डाली थी, लेकिन सुनवाई के दौरान याचिका खारिज हुई। बावजूद मार्च 2024 को मुख्य आरोपी को जमानत मिल गई। जमानत के खिलाफ 22 फरवरी 20 24 को अनुसंधान ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में याचिका दायर की। 27 मई को याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनी और करोड़ों की जीएसटी चोरी के मुख्य साजिशकर्ता शाहनवाज हुसैन की जमानत आदेश को रद्द करते हुए आदेशित किया कि मुख्य आरोपी एक सप्ताह के अंदर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आत्मसमर्पण करे।

मामला

- मार्च में जमानत पर रिहा चल रहा था आरोपी
- जीएसटी विभाग की याचिका पर डीजे ने की सुनवाई

पांच हादसों की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

- उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा जांच अधिकारी नामित
- जिला मजिस्ट्रेट ने दिए जांच के आदेश

अमृत विचार: जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने ऊधमसिंह नगर में हुई पांच सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा को सभी सड़क दुर्घटनों की जांच के लिए जांच अधिकारी नामित किया गया है। वहीं जांच अधिकारी ने कहा कि इन घटनाओं के संबंध में अगर कोई व्यक्ति जानकारी रखता हो तो वह 3 जून 2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बयान के लिए साक्ष्य के साथ उप जिलाधिकारी किच्छा के समक्ष उपस्थित हो सकता है।

जिला मजिस्ट्रेट ने जिन घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं इसमें पहली घटना किच्छा रोड रुद्रपुर में 21 नवंबर 2022 की है। इसमें वाहन संख्या यूके-06टीए-6641 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए आदित्य प्रताप नाम के व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। दूसरी घटना 18 जनवरी 2023 को शंकर फार्म एनएच रोड पुलभट्टा की है। इसमें वाहन संख्या यूके-06पीए-1469 के वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर तीन व्यक्तियों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसमें एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गयी थी।

तीसरी घटना 1 दिसंबर 2022 को हल्द्वानी-रुद्रपुर रोड संजयवन के पास पंतनगर की है। इसमें वाहन संख्या यूके-04टीए-6344 के वाहन चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए इकराम खां नामक व्यक्ति को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गयी थी। चौथी घटना 5 नवंबर 2022 को महालक्ष्मी कंपनी के पीछे, थाना पंतनगर की है। यहां वाहन संख्या यूके-06टीए-6657 के वाहन चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए वीरपाल नामक व्यक्ति की मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसमें मोटर साईकिल क्षतिग्रस्त हो गयी थी। पांचवीं घटना 16 नवंबर 2022 को आनंदपुर मोड़ किच्छा की है। इसमें रोडवेज बस चालक ने प्रीतम कोहली (30) को टक्कर मार दी थी। इसमें उसकी मौत हो गयी थी।

जागरुकता मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर रुद्रपुर, खटीमा, गदरपुर में कार्यक्रमों का आयोजन, प्रश्नोत्तरी की विजेता सम्मानित

बालिकाओं में मासिक धर्म की भ्रांतियों को किया दूर

संवाददाता, रुद्रपुर/खटीमा/गदरपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रुद्रपुर के दरिया नगर आंगनबाड़ी केंद्र में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आरबीएसके की महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता बिष्ट ने मासिक धर्म को लेकर बालिकाओं एवं महिलाओं में होने वाली भ्रांतियां को दूर किया।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान मासिक धर्म प्रश्नोत्तरी की विजेता किशोरियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर कल्पना बिष्ट, सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज सी थ्री संस्था की कार्यक्रम अधिकारी शिल्पी पांडे, संध्या, लेखराज, जिला कार्यक्रम अधिकारी मो.आमिर खान, डोरी सिंह आदि उपस्थित रहे।

खटीमा में नागरिक चिकित्सालय के चिकित्साधीक्षक डॉ. केसी पंत और डॉ. वीपी सिंह के निर्देशन में जमौर आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला चिकित्साधिकारी डॉ. शैलजा और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर विजेता पांडे ने बताया कि इस वर्ष माहवारी को जीवन का सामान्य तथ्य बनाना है। कार्यक्रम में रेशमा बी, जैबुनिशा, सुनीता देवी, वन्दना देवी, सरिता, निर्मला धामी, देवकी, सुखजिंदर कौर मौजूद थे।

गदरपुर में ग्राम मजराशिला में आयोजित कार्यक्रम में महिला चिकित्साधिकारी डॉ. कल्पना पांडे, डॉ. रेखा रानी और डॉ. विकास, काउंसलर राधा मिगलानी ने कई जानकारियां दीं। कार्यक्रम में सी3 संस्था के दीपांशु एवं प्रियंका ने नव्या किट का वितरण किया। इस मौके पर विमला वैद्य, सोनिया वैद्य, एन जोशी, किरन विनायक, अंजू देवी, लक्ष्मी रावत, मंजू देवी मौजूद रहे।

रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा।

गदरपुर के ग्राम मजरा शिला में कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

एक नजर

भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष के भतीजे के निधन पर शोक

जसपुर : भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष सरदार जगीर सिंह के भतीजे का आकस्मिक निधन हो गया। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने उनके गांव बगवाड़ा पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, चौधरी किशन सिंह, बलजिंदर सिंह लाढी, शीतल सिंह, दीदार सिंह, जसवीर सिंह, मास्टर हरदेव सिंह, सुखदीप सिंह सहोता, जगजीत सिंह भुल्लर, सुरजीत सिंह ढिल्लो, संजीव चौधरी, रघुवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

आज होगी पंचायत

जसपुर : प्रत्येक माह की 28 तारीख को आयोजित होने वाली भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष सरदार जगीर सिंह के भतीजे का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण स्थगित कर दी गई। उक्त जानकारी भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपध्यक्ष प्रेमसिंह सहोता ने दी। उन्होंने बताया कि अब भाकियू की मासिक पंचायत 29 मई को होगी।

7 ग्राम स्मैक सहित एक आरोपी दबोचा

खटीमा : पुलिस ने इस्लाम नगर नई बस्ती फील्ड के पास बने खंडहर से समीर अंसारी निवासी नई बस्ती अमाऊं को 7 .06 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। टीम में चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी चौकी प्रभारी चकरपुर, नाथ सिंह, प्रेम प्रकाश शामिल रहे।

चलती बाइक का इंजन फटने से दो घायल

बाजपुर : चलती बाइक का इंजन व पेट्रोल की टंकी फटने से इस सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार को उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर निवासी संजय और उसका साथी दीपांशु बाइक से रुद्रपुर होते हुए किला खेड़ा में स्थित एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए आ रहे थे। ग्राम कनोरा महेशपुरा के समीप एक पुल के नजदीक ई रिक्शा सड़क क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान संजय की बाइक की भिड़ंत ई रिक्शे से हो गई। इसके बाद बाइक का इंजन फटने से बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार दोनों लोग बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने घायलों को बाजपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर भड़के गुरुनानक कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारी

डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, माध्यमिक शिक्षक संघ ने उठाया मुद्दा

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पांच माह से वेतन नहीं मिलने से भड़के गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज के अध्यापक व कर्मचारियों ने डीएम कार्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ ने आगाह किया कि यदि जल्द ही मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मिश्रा की मौजूदगी में शिक्षक-कर्मचारी डीएम कार्यालय पहुंचे और डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उनका कहना था कि पिछले पांच माह से कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारियों को वेतन जारी नहीं हुआ है। वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मियों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण पारिवारिक जिम्मेदारियों का तनाव बढ़ता जा रहा है, जबकि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षाफल भी बेहतर रहा।

आरोप था कि मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन से भी शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने डीएम से वेतन दिलाने की मांग की है। गुरुनानक शिक्षा समिति प्रबंधक गुरमीत सिंह ने बताया कि न्यायालय की ओर से वेतन देने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। जिला शिक्षा अधिकारी जानबूझकर कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं कर रहे हैं। उनके खिलाफ न्यायालय की शरण ली जाएगी, जबकि विद्यालय शिक्षक व कर्मचारियों को वेतन दिलवाने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर प्रीति अग्रवाल, विनीता न्याल, शोभा गहलोत, कुलदीप संधू, जानकी पंत, प्रवीण चौहान, परमजीत कौर, इंदु पांडे, कविता रानी छाबड़ा, निमिका टंडन, रीता जोशी, सतवंत कौर, लता कोटलिया, दीपिका गौड़, मंजू पांडेय आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारी। ● अमृत विचार

रंजिशन पत्थर फेंककर कार को क्षतिग्रस्त किया

काशीपुर : रास्ते में घात लगाए हमलावरों ने पत्थर फेंककर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्रांगत ग्राम जगतपुर निवासी राजकौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 20 मई की रात्रि करीब 9.28 बजे उसके पिता कुंडेश्वरी से अपनी पुत्री व बड़े दामाद सतनाम सिंह के साथ कार से जा रहे थे। रास्ते में ग्राम जगतपुर में अपने घर के बाहर योजनाबद्ध तरीके से जान से मारने की नीयत से सतपाल सिंह, राकेश सिंह, शुभम, भूपसिंह व ब्रजेश लाठी डंडे व हाथ में पत्थर लेकर खडे.थे और उन्होंने कार को रोकने का इशारा किया। लेकिन उनके हाथों में लाठी डंडे व अन्य सामान देखकर उन्होंने कार नहीं रोकी। इस दौरान आरोपियों ने कार पर पत्थर फेंके। जिससे कार के शीशे टूट गए। साथ ही उसके पिता का भी जान से मारने की नीयत से पीछा किया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसके पिता से रंजिश रखते हैं। जिससे उसे व उसके परिवार को खतरा बना हुआ है। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नानकमत्ता के साधूनगर स्थित कैलाश नदी में हो रहा अवैध खनन। ● अमृत विचार

कैलाश नदी में पट्टे की आड़ में हो रहा अवैध खनन

नानकमत्ता : साधू नगर कैलाश नदी में पट्टे की आड़ में अवैध खनन का खुलेआम खेल चल रहा है। इससे आने वाले बरसात के दिनों में बड़ी आपदा आ सकती है। अवैध खनन के कारण साधूनगर गांव व एसएसबी कैंप खतरे की जद में आ गए हैं। साधू नगर के पास कैलाश नदी में हर वर्ष रेत और आरबीएम के चुगान के लिए राजस्व विभाग से पट्टे स्वीकृत कर ठेकेदार को अनुमति दी जाती है। मजदूरों द्वारा डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉलियों में रेत बजरी, आरबीएम भरा जाता है। धर्म कांटे पर वजन कराने के बाद रॉयल्टी काटी जाती है। सूत्रों की मानें तो पट्टे के सीमांकन को छोड़ खनन माफिया अवैध रूप से बड़े बड़े गड्ढे कर उपखनिज निकाल रहे हैं। रनसाली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी ने बताया कि इस अवैध खनन को रोकने के लिए तहसीलदार सितारगंज को पत्र भेज चुके हैं लेकिन अभी तक विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

सचिन और गौरव राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम के ट्रायल में चयनित

खटीमा: डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म के सचिन सकलानी और गौरव भट्ट का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम में ट्रायल के लिए हुआ है। क्रिकेट एसोसिएशन ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में 19 मई को एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में अंडर-16 क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें गौरव भट्ट और सचिन सकलानी ने प्रतिभाग किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उनका चयन राज्य स्तरीय टीम के ट्रायल हेतु हुआ है जो 28 से 30 मई तक हेरिटेज क्रिकेट एकेडमी देहरादून में आयोजित होगा।

आर्य समाज के वार्षिक चुनाव में मनोज विश्नोई बने प्रधान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : आर्य समाज काशीपुर का वर्ष 2024-25 का वार्षिक चुनाव श्री आर्य समाज मंदिर मोहल्ला लहोरियान में संपन्न हुआ।

आर्य प्रतिनिधि सभा देहरादून, उत्तराखंड द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में भेजे गए प्रांतीय सभा के आय व्यय निरीक्षक एवं रुद्रपुर आर्य समाज के प्रधान पृथ्वीराज आर्य ने सारी चुनावी प्रक्रिया को कुल 17 पात्र सभासदों के मध्य संपन्न कराया।

चुनाव में एक बार पुनः सर्वसम्मति से प्रेम प्रकाश गुप्ता को प्रधान और संजय अग्रवाल मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं उपप्रधान पद पर अतुल कुमार आजाद एवं अजय अग्रवाल निर्वाचित किए गए। उप मंत्री पद पर मनोज कुमार विश्नोई, दूसरे उप मंत्री और प्रचार मंत्री पद पर विकल्प गुड़िया निर्वाचित घोषित किए गए, कोषाध्यक्ष पद पर अमरीश गर्ग, आय व्यय निरीक्षक पद पर सुरेश चंद्र तिवारी, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुनील कुमार उपाध्याय, अधिष्ठाता आर्यवीर दल के लिए मयंक अग्रवाल एवं द्रोणा सागर स्थित श्री मद्यानंद आश्रम के लिए एडवोकेट वीरेंद्र कुमार चौहान को प्रबंधक पद पर भी निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त सदस्य के रूप में अवध कुमार अग्रवाल, विजय कुमार शर्मा, मयंक गुप्ता, मनोज कुमार सक्सेना एवं प्रभाकर पाठक को चुना गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने सभासद शिवचरण विश्नोई को आर्य समाज काशीपुर का सर्वसम्मति से संरक्षक मनोनीत किया।

सार-संक्षेप

प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत का स्वागत करते पदाधिकारी।

सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधीक्षक का स्वागत किया

जसपुर : सामाजिक संस्था समदर्शी के कार्यकर्ताओं ने जसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनियुक्त प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत का स्वागत किया। साथ ही संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें भरपूर सहयोग देने का विश्वास दिलाया। पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रभारी चिकित्साधीक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं से भी अवगत कराया और उनका शीघ्र समाधान करने की मांग की। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल की समस्याओं का जायजा लिया है। उन्होंने अस्पताल की सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष आरपी सिंह, महासचिव डॉ. सुदेश कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष हरकेश सिंह राणा, प्रचार मंत्री विरमल सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्राप्त करते काशीपुर डाकघर के पोस्टमास्टर।

काशीपुर डाकघर का सर्वाधिक खाते खोलने में दूसरा स्थान

काशीपुर : भारतीय डाक विभाग की वार्षिक समीक्षा बैठक में काशीपुर मुख्य डाकघर को सर्वाधिक खाते खोलने पर नैनीताल मंडल में दूसरा स्थान मिला है। इसके लिए पोस्ट मास्टर आरसी तिवारी को सम्मानित किया गया। बीते दिनों हल्द्वानी डाकघर में वर्ष 2023-24 की वार्षिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान काशीपुर मुख्य डाकघर को सर्वाधिक बचत बैंक खाते और सुकन्या समृद्धि खाते खोलने में नैनीताल मंडल में दूसरा स्थान मिला है। इसके लिए नैनीताल मंडल प्रवर अधीक्षक डाकघर जितेंद्र सिंह ने काशीपुर मुख्य डाकघर के पोस्टमास्टर आरसी तिवारी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

होली विजन पब्लिक स्कूल में आयुष्मान कार्ड बनवाते लोग। ● अमृत विचार

होली विजन स्कूल में बनाए गए आयुष्मान कार्ड

शक्तिफार्म : होली विजन पब्लिक स्कूल टैगोर नगर में शिविर लगाकर लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा गैस कनेक्शन धारकों का केवाईसी भी किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी रवि मजूमदार से बताया कि मंगलवार को होली विजन पब्लिक स्कूल टैगोर नगर में शिविर लगाकर शक्तिफार्म क्षेत्र के विभिन्न गांव तथा नगर पंचायत क्षेत्र के 107 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड रिनुअल कराए। 20 लोगों के नये आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में 23 लोगों के इंडेन गैस कनेक्शन का केवाईसी किया गया।

अपने अध्यापक व परिजन के साथ छात्रा अंकिता। ● अमृत विचार

अंकिता कांडपाल का राजीव गांधी नवोदय में चयन

काशीपुर : काशीपुर की छात्रा अंकिता कांडपाल का चयन राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में हुआ। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कटोराताल के सहायक अध्यापक हरिओम सिंह ने बताया कि छात्रा अंकिता कांडपाल का कक्षा 6 के लिए राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा में चयन हो गया है। छात्रा अंकिता ने इसका श्रेय अपने माता पिता व अपने कक्षा अध्यापक हरिओम सिंह व प्रधानाध्यापक रणवीर सिंह को दिया है।

हाईवे पर कार ने मारी बाइक सवार को टक्कर, घायल

बाजपुर : नेशनल हाईवे 74 पर मंगलवार को एक कार और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मौका देखकर चालक कार छोड़कर फरार हो गया। गोलू टांडा स्वार यूपी निवासी 50 वर्षीय जसवंत सिंह बाइक पर ग्राम महेशपुरा से अपने घर जा रहे थे। अचानक नेशनल हाईवे 74 नामधारी ढाबे के पास काशीपुर की तरफ से रुद्रपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार जसवंत सिंह को अपनी चपेट में ले लिया। इस टक्कर में जसवंत बुरी तरह से घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने घायल जसवंत को एक अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं चालक अपनी क्षतिग्रस्त कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। दोराहा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सिटी कान्वेंट स्कूल में आयोजित पूल पार्टी का लुत्फ उठाते बच्चे। ● अमृत विचार

सिटी कॉन्वेंट स्कूल में पूल पार्टी का बच्चों ने उठाया आनंद

खटीमा : भीषण गर्मी के बीच सिटी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित समर कैंप के चौथे दिन पूल एवं डांस पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों ने स्विमिंग पूल में पानी के बीच जमकर मौज मस्ती की और डांस कर खूब आनंद उठाया। विद्यालय के प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय ने स्वयं बच्चों के साथ मस्ती की। प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने गर्मी के मौसम में शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के उपाय बताए।

वुशू में 23 खिलाड़ी हुए चयनित

आयोजन

- एक जून से देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : गुरुनानक मॉडल स्कूल में एक दिवसीय 9वीं जिला स्तरीय वुशू प्रतीयोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर बालक व बालिका वर्ग में लगभग 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 23 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी देहरादून में एक जून से आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

चयनित खिलाड़ियों में सब जूनियर वर्ग में तनुज माधवन, विक्की, पिंकी, प्रिंस, सुशील, असद, लक्की, विवान, प्रभजोत कौर, हर्शिका, नवजीवन सिंह, जूनियर वर्ग में हितेश, मनरूप, संस्कार, यश, आंचल वर्मा, नंदनी दास, कार्तिक सागर, नीरज शर्मा, चेतन प्रजापति, तोहिदल, सीनियर वर्ग में सुची सिरोही, यश निषाद, बंटी कुमार शामिल रहे।

मेडल के साथ वुशू प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

जवाहरनगर में टूटने लगी सड़क

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गांव जवाहरनगर में करोड़ों की लागत से बनी सड़क ठेकेदार द्वारा पिचिंग नहीं करने के कारण टूटने लगी है। इसके कारण वहां पैदल यात्रियों एवं ओवरटेक करते दो पहिया वाहनों के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है।

किच्छा हल्द्वानी मार्ग पर गोलगेट स्थित रेलवे फाटक से जवाहरनगर होते हुए शांतिपुरी नंबर दो सत्संग आश्रम व बिन्दुखत्ता को जोड़ने वाला मार्ग करीब 10 महीने पहले ही हॉटमिक्स बनाया गया था। लेकिन संबंधित ठेकेदार ने सड़क डामरीकरण के बाद उसके किनारे पिचिंग का कार्य पूरा नहीं किया। इसके कारण यह सड़क दर्जनों स्थानों से उखड़ने लगी है। कई स्कूली बच्चों व दोपहिया वाहन चालकों को ओवरटेक करते समय वाहन गिरने अथवा फिसलने के कारण चोटें आ चुकी हैं। स्थानीय निवासी हेम सिंह नेगी, नरेन्द्र मनराल, चंदन बिष्ट, नरेश बिष्ट, मोहन चंद्र पांडे आदि ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क किनारे पिचिंग करने को लेकर बार-बार विभागीय अधिकारियों से कहा गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

जवाहरनगर गोलगेट पर टूटी नवनिर्मित सड़क। ● अमृत विचार

टेंडर में मिट्टी भरान नहीं था जिस कारण सड़क टूटने लग गई है। मैं जल्द ही निरीक्षण करा कर पिचिंग करवाने की कोशिश करूंगा। समस्या को हल किया जाएगा।
-प्रकाश लाल, एई लोक निर्माण विभाग।

ई-रिक्शा ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर

बाजपुर: ई-रिक्शा चालक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। इससे दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस ने ई-रिक्शा को कोतवाली में खड़ा कर लिया है।

ग्राम केशोवाला निवासी त्रिलोचन सिंह अपनी पत्नी कमलजीत कौर के साथ सोमवार को नगर में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार से खरीददारी कर बाइक पर घर लौट रहे थे। आरोप है कि इसी बीच रात करीब साढ़े आठ बजे रामराज रोड पर भोना-बिराहा मोड़ के नजदीक ई-रिक्शा चालक ने अचानक उसे दूसरी ओर को मोड़ दिया जिससे बाइक ई-रिक्शा की चपेट में आ गई। हादसे में दोनों पति-पत्नी के चोटें आई हैं। मौके पर जमा हुए लोगों ने ई-रिक्शा को पकड़ लिया जिसे बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

कार्यक्रम

वर्ष 2024 के मेधावियों को किया सम्मानित, रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने बांधा समां

कोलंबस स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

कोलंबस पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मॉडल कॉलोनी स्थित कोलंबस पब्लिक स्कूल ने अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांधा। वहीं वर्ष 2023-24 के मेधावियों को सम्मानित किया गया।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ डीआरडीओ से सेवानिवृत पूर्व एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. सतीश चंद्र पंत, टाटा मोटर्स मोटर्स के प्लांट हेड श्रीनाथ शर्मा, टाइटन कंपनी के ज्वैलरी डिवीजन के प्लांट हेड प्रियांक कुमार, स्टीलबर्ड इंटरनेशनल के प्लांट हेड जयंत सक्सेना और विद्यालय के डायरेक्टर मनोज खेड़ा ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से शुरू हुई। शिव तांडव नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

इस दौरान पिछले शैक्षिक सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के चेयरमैन केसर दास खेड़ा की ओर से 11-11 हजार रुपये का छात्रवृत्ति चेक दिया गया। वहीं वर्ष 2023-24 की सीबीएसई हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 21-21 हजार का चेक दिया गया। हाईस्कूल के विद्यार्थी जगजीवन सिंह गिल को गोस्वामी बांके लाल स्मृति विद्या रत्न अवार्ड से नवाजा गया। वार्षिकोत्सव में 104 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमलेश खेड़ा, ललित खेड़ा, श्वेता खेड़ा, अनिल ढ़ीगरा, हेम पंत, सरदार अजमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

मतगणना के लिए कराया कार्मिकों का रेंडमाइजेशन

अल्मोड़ा : लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना के लिए मंगलवार को मतगणना में लगे हुए कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में हुआ। यह रेंडमाइजेशन रिजर्व समेत 498 मतगणना कार्मिकों का हुआ, जिसमें 20 प्रतिशत कार्मिक आरक्षित हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना सफलतापूर्वक हो, इसके लिए पर्याप्त कार्मिकों की उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना में 192 कार्मिक तैनात किए गए हैं तथा ईवीएम की मतगणना हेतु कुल 306 कार्मिक तैनात किए गए हैं। जिनमे 90 मतगणना सुपरवाइजर, 96 मतगणना सहायक तथा 120 माइक्रो आब्जर्वर हैं। इस प्रकार कुल 498 मतगणना कार्मिक तैनात किए गए हैं।

अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

अल्मोड़ा : गर्मी की तपिश के बीच पहाड़ों में बिजली की कटौती ने उपभोक्ताओं को खासा परेशान किया हुआ है। पिछले दस दिनों से जिले ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान है। पहाड़ों में बारिश के बीच इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में बिजली कटौती लोगों की परेशानी को और बढ़ाने का काम कर रही है। जिले के भैंसियाछाना, धौलादेवी, सल्ट, मानिला, भिकियासैंण, चौखुटिया समेत अनेक स्थानों पर इन दिनों बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इन दिनों दिन में ही बिजली घंटों के लिए गुल हो जा रही है। जिस कारण सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों समेत व्यापारियों और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विहिप ने की युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील

अल्मोड़ा : ताकुला विकास खंड के सलानी गांव में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक हुई। इसमें सदस्यों ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। विहिप की बैठक की शुरूआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख प्रो. गोपाल सिंह नयाल ने कहा कि देश के वीर सैनिकों के कारण ही हम सभी खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। हिंदू समाज के लोगों को जागरूक और संगठित करने की जरूरत है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सदस्यों ने पुलिस और प्रशासन का सहयोग की बात कही। बैठक में कैलाश गिरी, डा. निर्मला रावत, कुंदन सिंह सतवाल, महेंद्र जोशी, आनंद सिंह डंगवाल, प्रमोद जोशी, देवेंद्र चंद्र पंत, उमेश चंद्र पंत, अर्जुन डंगवाल रहे।

डीएम और सीडीओ ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा : लोकसभा चुनावों की मतगणना के नजदीक आते ही जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीएम विनीत तोमर, सीडीओ आकांक्षा कोंडे और एसएसपी देवेंद्र पींचा ने मंगलवार को फलसीमा स्थित आईटीआई परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि मतगणना टेबल, एआरओ के बैठने की व्यवस्था, बिजली, सीसीटीवी कैमरे एवं आवश्यक उपकरण स्थापित करना सुनिश्चित करें। प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं के मोबाइल फोन रखने, उपस्थिति, सुरक्षा संबंधी कार्यों को भी समय से व्यवस्थित कर लिया जाए। इस दौरान एडीएम सीएस मर्तोलिया, एसडीएम जयवर्धन शर्मा आदि मौजूद रहे।

एसएसबी ने चलाया स्वच्छता अभियान

रानीखेत : सशस्त्र सीमा बल सीमान्त मुख्यालय रानीखेत में अमित कुमार महानिरीक्षक के निर्देशानुसार सशस्त्र सीमा बल, के जवानों व अधिकारियों द्वारा भारत सरकार के बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम मेरी लाइफ के अंतर्गत कार्यक्रमों की श्रंखला के क्रम में स्वच्छता अभियान एंव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जनसहभागिता की विशेष आवश्यकता को ध्यान रख कर सशस्त्र सीमा बल के जवानों व अधिकारियों द्वारा जन सम्पर्क व जन जागरण अभियान के अंतर्गत स्थानीय बाजार में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. एसएन सिंह, राम कुमार प्रसाद, अमित कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, कोमल चन्द्र जोशी मौजूद रहे।

मां पूर्णागिरि मेले में पानी को लेकर हाहाकार

मेले में हर रोज पहुंच रहे 20 हजार से अधिक श्रद्धालु, भीषण गर्मी में पानी व बिजली नहीं मिलने से हो रहे परेशान

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : भीषण गर्मी होने के बाद भी इस समय देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले में श्रद्धालुओं की आवाजाही में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हर रोज 20 हजार से भी अधिक श्रद्धालु इस समय मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस समय मेला क्षेत्र में पानी की दिक्कत होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है।

सरकारी तौर पर 26 मार्च से शुरू पूर्णागिरि धाम मेला 15 जून को संपन्न होगा। भीषण गर्मी और चढ़ते पारे से मेला क्षेत्र की व्यवस्थाएं चरमरा रही हैं, खासकर बिजली और पानी की। तमाम दावों के बावजूद प्रशासन मेला क्षेत्र में इन असुविधाओं से निजात नहीं दिला पा रहा है। मेला क्षेत्र में पानी की किल्लत और बिजली की आंख-मिचौली सबसे ज्यादा सिरदर्द बन रहा है। पूर्णागिरि धाम के लिए पिछले साल ही चार करोड़ रुपये की पेयजल योजना बनी थी, लेकिन इतनी रकम खर्च होने के बाद भी पानी का संकट कम नहीं हुआ है। इस वक्त भैरव मंदिर से मुख्य मंदिर तक के 276 उपभोक्ताओं को रोज बमुश्किल एक घंटा पानी मिल पा रहा है।

जल संस्थान इसकी वजह गर्मी में जल स्रोत में गिरावट बता रहा है। बताया जाता है कि कई जगह टंकी से कुछ लोगों को अतिरिक्त पानी देने से यह दिक्कत आ रही है।

पानी के अलावा बिजली की किल्लत से भी मेला क्षेत्र जूझ रहा है। धाम के पुजारियों और मेले के दुकानदारों का कहना है कि पिछले कई दिनों से तपती गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति एकदम अनियमित हो रही है। बिजली की आंख-मिचौली और वोल्टेज मुसीबत बन रहा है। इससे श्रद्धालुओं को दुश्वारी होने के साथ ही कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। इधर मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी का कहना है कि इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, लेकिन पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में पेयजल की जरूरत के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

इससे मेला क्षेत्र की व्यवस्था और कारोबार दोनों पर असर पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए मंदिर समिति ने कारोबारियों को घोड़े-खच्चरों से पानी ढोने की सशर्त अनुमति देने का निर्णय लिया है।

गर्मी और तपिश की वजह से जलकुनिया के स्रोत में 50 प्रतिशत पानी कम हुआ है। इस कारण पूर्णागिरि मेला क्षेत्र के 276 कनेक्शनधारियों को डेढ़ घंटे के बजाय एक घंटे ही पानी की आपूर्ति हो रही है। पेयजल वितरण में विसंगति रोकने के उपाय करने के साथ ही किसी भी तरह की अनियमितता को रोकने के लिए टंकी क्षेत्र में सुरक्षागत कारणों से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

-बिलाल यूनुस, अधिशासी अभियंता, जल संस्थान, चम्पावत

नगर क्षेत्र में पेयजल संकट से लोग बेहाल

रानीखेत, अमृत विचार : नगर क्षेत्र के लिए बनी तीन पेयजल योजना होने के बाद भी गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। एक दिन छोड़ कर पानी की सप्लाई हो रही है। जिसके चलते लोग प्राकृतिक स्रोतों से पानी ढोकर काम चलाने को मजबूर हैं। रानीखेत छावनी क्षेत्र को गगास ताड़ीखेत पंपिंग योजना, देवीढुंगा व रानीझील के पास स्थित बोरिंग से पानी की आपूर्ति होती है। गर्मी बढ़ते ही पेयजल का संकट भी बढ़ गया है। जिसके चलते स्थानीय लोग दूर दराज के पेयजल स्रोतों से पानी लाने को मजबूर है। वही एक वर्ग ऐसा भी है जो टुल्लू पंप लगाकर दूसरो के हिस्से का पानी भी अपने घरों में खींचने से बाज नहीं आ रहा है। ऐसे लोगों के लिए कैंट बोर्ड सख्त रुख इख्तियार करने जा रहा है। कैंट ऐसे लोगों पर जुर्माना लगाने की तैयारी में है। कैंट ने एक पत्र विद्युत विभाग को लिखा है कि सुबह जिस समय पानी खोला जाता है उस समय क्षेत्र की बिजली काट दी जाये। ताकि सभी के घरों तक पानी पहुंच सके। पेयजल संकट से होटल व्यवसायियों में मायूसी है।

नौकायन की अनुमति न मिलने से लोग नाराज

अल्मोड़ा : सीमांत जिले पिथौरागढ़ के जिला मुख्यालय पर स्थित थरकोट झील में स्थानीय लोगों को नौकायन की अनुमति न मिलने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी रीना जोशी से मुलाकात कर इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। मंगलवार को थरकोट के ग्रामीण जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोमल मेहता के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कहा कि थरकोट झील में प्रशिक्षित स्थानीय लोगों को नौकायन की अनुमति नहीं दी जा रही है। अनुमति मिलने से बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा। जिससे वह अपनी आजीविका को चला सकेंगे। इधर जिलाधिकारी रीना जोशी ने कहा है कि ठेकेदार के साथ एक वर्ष के लिए नौकायन का अनुबंध किया गया है। अनुबंध समाप्त होते ही प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय लोगों को नौकायन की अनुमति दी जाएगी।

याचिका वापस लेने के लिए दवाब बनाने का आरोप

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी ने तहसील रोड में होटल चला रहे विवेक होटल के स्वामी पर घर आकर उच्च न्यायालय में दायर याचिका वापस लेने के लिए दवाब बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर सौंपी है।

कोतवाली में दी तहरीर पर व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि उन्होंने लोनिवि की भूमि पर अतिक्रमण करके बनाए भवन के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका और फिर भी निर्माण होने पर अवमानना याचिका दायर की। आरोप लगाया कि बीते सोमवार की सायं भवन स्वामी विक्रम सिंह दानू उनके घर आया तथा याचिका वापस लेने की बात कही साथ ही इसके एवज में धन देने की पहल की। यह भी कहा कि यदि उसने मामला वापस नहीं लिया तो वह कवि जोशी पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर लेगा। उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

खस्ताहाल हो गया अग्नेरी-जौरासी मार्ग

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ शिकायत पर भी लोक निर्माण विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

अमृत विचार : जिले के विकास खंड चौखुटिया का अग्नेरी जौरासी मार्ग बीते दिनों हुए अतिवृष्टि के बाद खस्ता हालत में पहुंच गया है। लेकिन ग्रामीणों की मार्ग के सुधारीकरण की मांग के बाद भी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने इस मार्ग का शीघ्र सुधारीकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। चौखटिया विकास खंड के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को सड़क की सुविधा देने के उद्देश्य से कई सालों पहले यहां अग्नेरी जौरासी मोटर मार्ग का निर्माण किया गया। अग्नेरी से थनीगांव होते हुए यह मार्ग जौरासी में मिलता है। आएदिन सैंकड़ों ग्रामीण इस मार्ग पर आवाजाही कर अपने अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं।

लेकिन देखरेख के अभाव में यह मार्ग लंबे समय से खस्ता हालत में है। रही सही कसर बीते दिनों हुई बारिश ने पूरी कर दी है। बारिश के कारण यह मार्ग जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। सुरक्षा दीवारें टूट चुकी हैं जबकि पानी की निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण लंबे समय से इस मार्ग के सुधरीकरण और डामरीकरण की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन विभाग ने आज तक इस मार्ग की सुध नहीं ली।

खस्ता हालत में पहुंचा अग्नेरी जौरासी मोटर मार्ग। ● अमृत विचार

गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि अधिकारियों से इस मार्ग की दशा सुधारने की मांग किए जाने के बाद भी उनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में फिर से लोक निर्माण विभाग रानीखेत के अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता अल्मोड़ा को पत्र भेजा गया है। अगर इसके बाद भी मार्ग की दशा को सुधारने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के सहयोग से उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

14 चरणों में होगी मतगणना

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती की सभी तैयारियां 31 मई तक पूरी कर ली जाएंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने मंगलवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। दोनों विधानसभा में मतगणना 14 राउंड में संपन्न होगी। 185 बूथ वाली लोहाघाट सीट के लिए 14 मतगणना टेबल और 159 बूथ वाली चम्पावत सीट में 12 मतगणना टेबल तथा दोनों विधानसभा सीटों में एक-एक एआरओ टेबल लगाए जाएगी। चम्पावत गौरलचौड़ मैदान स्थित वन पंचायत भवन में लोहाघाट और चम्पावत नगर पालिका हॉल में चम्पावत सीट के वोटों की गिनती होगी। उन्होंने दोनों मतगणना हॉल में मतगणना टेबल, एआरओ टेबल लगाने के साथ ही बैरिकेडिंग, पिजन बॉक्स बनाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, दोनों विधानसभाओं के मतगणना हॉल में पोलिंग एजेंट की बैठने की व्यवस्था आदि करने के निर्देश दिए। मतगणना स्थल में कार्मिक, एजेंट सहित कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेगा। सभी मोबाइल फोन मतगणना स्थल के बाहर ही जमा कराए जाएंगे। मतगणना के लिए सैनिक विश्राम गृह में बनाए जा रहे मीडिया सेंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, लोहाघाट की एआरओ रिंकू बिष्ट, चम्पावत के एआरओ आकाश जोशी, ऊर्जा निगम ईई बेगराज सिंह, लोनिवि एई अनुपम राय मौजूद रहे।

मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम नवनीत पांडेय।

पूर्ति निरीक्षकों की तैनाती नहीं होने से काम हो रहा प्रभावित

अल्मोड़ा, अमृत विचार : जिले के पूर्ति विभाग में पूर्ति निरीक्षकों के रिक्त पदों पर सालों बाद भी तैनाती नहीं हो सकी है। जिस कारण तैनात कर्मचारियों के ऊपर काम का दबाव बना हुआ है और निरीक्षकों की कमी के कारण सरकारी दुकानों की व्यवस्थाओं को देखना भी मुश्किल हो रहा है। अल्मोड़ा जिले में जिला पूर्ति विभाग में पूर्ति निरीक्षकों के 26 पद सृजित हैं। जिनके सापेक्ष छह पद खाली हैं। पूर्ति निरीक्षकों पर ही कोटेदारों की जांच और कार्रवाई का प्रस्ताव देने की जिम्मेदारी है। निरीक्षकों की कमी से सरकारी राशन दुकानों पर खाद्यान्न वितरण की नियमित जांच के साथ ही जन समस्याओं का समय पर निस्तारण नहीं हो रहा। उपभोक्ताओं को समय पर राशन मिल रहा है या नहीं और उन्हें किस गुणवत्ता का राशन मिल रहा है, इसकी जानकारी जुटाना भी विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश कुमार का कहना है कि पूर्ति निरीक्षकों और कनिष्ठ सहायकों के रिक्त पदों की जानकारी निदेशालय को भेजी गई है।

अग्निशमन विभाग ने विशाल मेगा मार्ट को भेजा नोटिस

▸▸ नोटिस के बाद जागे मार्ट प्रबंधन ने एनओसी के लिए किया आवेदन

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : नगर में हाल में खुले विशाल मेगा मार्ट के संचालक को एसडीएम के निर्देश पर अग्निशमन विभाग ने नोटिस भेजकर अग्निसुरक्षा की जानकारी मांगी है। साथ ही नोटिस के बाद संचालक को मॉल खोलने के एक सप्ताह बाद जनसुरक्षा की याद आ गई है। प्रबंधक ने अग्निशमन विभाग की अनुमति के लिए आवेदन कर दिया है।

जनपद में होटल व मार्ट में अग्निसुरक्षा के उपाय न होने की खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सकते में आया है। एसडीएम मोनिका के आदेश के बाद अग्निशमन विभाग ने नगर में खुले विशाल मेगा मार्ट को नोटिस भेजा है तथा जानकारी मांगी है कि उनके द्वारा एक सप्ताह पूर्व मार्ट का संचालन कर दिया गया परंतु अब तक किसी प्रकार की अग्निशमन सुरक्षा उपाय नहीं किए हैं साथ ही इस संबंध में अग्निशमन विभाग की अनापत्ति नहीं ली है। इधर नोटिस मिलते ही मार्ट के प्रबंधक ने अनापत्ति के लिए आवेदन कर दिया है। अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने कहा कि जनता की सुरक्षा के लिए अग्निशमन सुरक्षा उपाय होना प्रत्येक व्यवसायिक केंद्र में आवश्यक है। यदि दुर्भाग्य से किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाय तो गंभीर मामला हो सकता है इसलिए किसी भी प्रकार की अग्निकांड की घटना को रोकना उनका कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जनपद के सभी व्यवसायिक केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा तथा वहां पर अग्नि सुरक्षा उपायों की जानकारी ली जाएगी।

कई व्यावसायिक संस्थान चल रहे बिना अनापत्ति के

बागेश्वर : जनपद में कई बड़े व्यवसायिक संस्थानों के पास अग्निशमन सुरक्षा उपकरण नहीं हैं। यदि किसी संस्थान के पास उपकरण हैं भी तो या तो उनकी रिफलिंग नहीं की गई है या फिर वे कालातीत भी हो चुके हैं। अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि शीघ्र ही इनकी चेकिंग की जाएगी।

वर्ग पहेली-84

बाएं से दाएं

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

ऊपर से नीचे

1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है।



वर्ग पहेली -83 का हल

1 श	रा	स	न	■	■	2 पु
■	■	■	■	3 बं	द	नी
■	■	4 ब	■	दा	■	ता
■	5 म	हा	ज	न	■	■
6 दं	दा	ना	■	7 वा	क	या
■	र	■	■	ज़	■	■
■	■	8 खा	टी	■	9 धे	री

सुडोकू -163

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4			
6								
	2							8
8				7				4
								9
	4				5			

सुडोकू -162 का हल

1	2	3	4	8	5	9	6	7
7	8	5	9	2	6	4	3	1
6	4	9	7	1	3	2	8	5
5	3	1	6	9	8	7	4	2
9	6	2	5	4	7	8	1	3
8	7	4	1	3	2	5	9	6
3	5	7	8	6	4	1	2	9
2	1	8	3	7	9	6	5	4
4	9	6	2	5	1	3	7	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मई बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पष्ठी 13 .39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 08 .38 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने को लेकर आप काफी प्रतिबद्ध रहेंगे। रक्तचाप के रोगी अपनी सेहत का ध्यान रखें। अधिकारी वर्ग की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है। यदि विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा।

वृष — आज धार्मिक कृत्यों का दिखावा करने से बचें। पिता को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। कृषि से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। स्थान-परिवर्तन की योजना बना सकते हैं। कारोबार में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

मिथुन — आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। पैर में चोट लगने की आशंका है। आपको नौकरी में बदलाव करने की जरूरत महसूस होगी, किन्तु यह समय किसी निर्णय लेने का नहीं है।

कर्क — आज व्यवसाय में बदलाव के लिए प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे हुए होंगे। बुजुर्ग लोगों की बातों का बुरा न मानें। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

सिंह — आज सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न करें। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन आप स्थितियों को अपने नियंत्रण में लाने में भी सफल रहेंगे।

कन्या — आज आपको प्रेम संबंधों में परेशानियों का अनुभव होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ कन्फ्यूज हो सकता है। जीवनसाथी आपसे प्रेम की अपेक्षा रखेगा। किन्तु आपकी व्यस्तता काफी ज्यादा होगी। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें।

तुला — आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे। परिस्थितियां आपके लिए कुछ कठिन रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारियों को लेकर आपके मन में रोष रहेगा। आय के दूसरे विकल्पों पर आप काम करेंगे। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

वृश्चिक — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उसकी तैयारी अच्छी रखें। आप जल्दबाजी में कुछ सामान भूल सकते हैं। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की सम्भावना है।

धनु — आज आपकी अपेक्षाओं पर लोग खरे नहीं उतरेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव होने की आशंका है। यदि आप धैर्यवान रहते हैं तो आप सम्पत्ति विवादों को सुलझा सकते हैं। ज्यादा धूप और गर्मी में निकलने से बचें। शरीर में पोषक तत्वों की कमी देखने को मिल सकती है।

मकर — आज शेयर मार्केट के माध्यम से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। मित्रों के सहयोग से आप कई रुके हुए कार्य करवा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारी आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है।

कुंभ — आज परिवार में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नशे जैसी गंदी आदतों से जितना हो सके दूर रहें। इससे आपकी छवि बुरी तरह से खराब हो सकती है। शान्तिपूर्वक समय निकालना बुद्धिमता होगी। शाम को आप मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे।

मीन — आज आप दिन भर आराम करना पसन्द करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप लोगों को काफी सहायता दे सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। भाई-बहनों को लेकर परेशानी दूर होगी। सन्तान के व्यवहार से आप प्रसन्न रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खिलाड़ी 1992 — सुबह : 11 .42
- बधाई हो बधाई — शाम : 06 .23

&pictures
- फुकरे रिटर्न्स — सुबह : 10 .50
- रश्मी रॉकेट — रात : 08 .00

SONY PIX
- बेबी ड्राइवर — सुबह : 08 .49
- हैनकॉक — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- अटैक 2016 — सुबह : 10 .25
- राम लखन — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- दोस्ताना — सुबह : 11 .57
- आंखे — रात : 08 .46

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मां - बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां - बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- "राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई ...इस गाने का क्या मतलब है?
मिंटू- इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

एआई पर अंतर्राष्ट्रीय संधि

हर क्षेत्र में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दायरा और हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। एआई से आने वाले वर्षों में मानव जीवन के लगभग हर पहलू के बदलने की उम्मीद है। पिछले दिनों एआई के उपयोग को नियंत्रित करने वाली कानूनी रूप से बाध्यकारी पहली अंतर्राष्ट्रीय संधि को मंजूरी दी गई। यूरोप परिषद का यह कदम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह संधि एआई तकनीक का ज़िम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किए जाने को प्रोत्साहित करती है। यानी यह संधि समानता, गैर-भेदभाव, निजता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सैद्धांतिक उद्देश्यों के मुताबिक एआई के उपयोग को बढ़ावा देती है। संधि गैर-यूरोपीय देशों के लिए भी खुली है और एक कानूनी ढांचा तैयार करती है जो एआई सिस्टम के पूरे जीवनचक्र को कवर करती है और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देते हुए उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले जोखिमों को संबोधित करती है। गौरतलब है कि एआई पर वैश्विक साझेदारी की जरूरत पर भारत हमेशा से बल देता रहा है।

वैश्विक साझेदारी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी के लिए एआई सबसे बड़ा वरदान बन सकता है तो यह 21वीं सदी को तबाह करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। इसलिए नैतिक मूल्यों पर आधारित एआई के लिए वैश्विक सहमति से फ्रेमवर्क बनाने की आवश्यकता है। देखा जाए तो यह संधि एआई के उपयोग को लेकर वैश्विक स्तर पर एक कानूनी मानक स्थापित करना चाहती है। लेकिन एआई को नियम-क़ानून के दायरे में बांधना बेहद मुश्किल है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि एआई का विस्तार बहुत व्यापक है, यानी एआई किसी खास क्षेत्र या प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न और न्यूरल नेटवर्क्स यानी एआई की एक विधि जो कंप्यूटर को मानव मस्तिष्क से प्रेरित होकर आंकड़ों का विश्लेषण करना सिखाती है, जैसी अत्याधुनिक और लगातार विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है। संधि की लचीली कार्यान्वयन रणनीति और स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र महत्वपूर्ण घटक हैं, फिर भी दायित्वों और देयताओं पर स्पष्ट दिशा निर्देशों की कमी व्यावहारिक लागू करने और प्रवर्तन में बाधा उत्पन्न करती है। वैसे भी अंतर्राष्ट्रीय संधि का मसौदा तैयार करने और विचार-विमर्श के दौरान सिर्फ यूरोपीय परिषद के सदस्य देश और कुछ अन्य देशों ने ही भाग लिया है, बाकी दुनिया के राष्ट्रों की इसमें कोई भागीदारी नहीं है। जाहिर है कि इससे इस संधि की वैधानिकता पर सवाल खड़े होते हैं और यह कहीं न कहीं इसे ज़मीनी स्तर पर लागू करने में रुकावटें पैदा कर सकता है।

मंडेला की एएनसी पर संकट, क्यों खफा भारतवंशी

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में बुधवार (29 मई) को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एससिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट कनफिल्कट रेज़लूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केंद्र है।

> दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक, एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम मंडेला के कारण था। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। तब उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है, देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी का संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी। पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, "भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।"

दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद करनी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

प्रसंगवश

सनातन धर्म का एक चेहरा

19 वीं सदी में हिंदू धर्म सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह और छुआछूत समाप्ति के बड़े सुधारों से गुजर रहा था। वह अपने नए आधुनिक गौरव की तरफ बढ़ रहा था, तभी 1885 में 'सनातन धर्म सभा' की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म में चल रहे सुधारों का विरोध करना था और संरक्षणवाद को फैलाना था। यह दयानंद सरस्वती के आर्य समाज के भी विरोध में था और दलितों को छुआछूत से मुक्त करने के उनके अभियान के पक्ष में नहीं था। सनातन धर्म सभा के मुख्य कर्ताधर्ता एक संपन्न ब्राह्मण पुरोहित दीन दयालु थे। इस संगठन ने आगे चलकर गांधी के अछूतोद्धार कार्यक्रम का भी विरोध किया, पर उस दौर में उन सबका विरोध आंधी में पतंग उड़ाने जैसा था।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिंदू धर्म में सुधारों का विरोध करने के उद्देश्य से ही 1902 में 'भारत धर्म महामंडल' की स्थापना की गई। ये सभी सनातनी संगठन उस दौर में विवेकानंद के विचारों के भी विरोधी थे। 1910 में छपी एक पुस्तिका 'भारत धर्म महामंडल रहस्य' में रूढ़िपोषक सनातन पंथियों की देशभक्ति का उदाहरण इस प्रकार है, 'परम दयालु परमेश्वर की कृपा से आर्य प्रजा को इस प्रकार की नीतिज्ञ और उदार गवर्नमेंट मिली है कि ऐसी गवर्नमेंट विदेशियों के हित के लिए विश्व भर में और कहीं देखने में नहीं आती।' रूढ़िपोषक सनातनपंथियों की एक बड़ी सीमा आर्यावर्त है, अर्थात उत्तर भारत को ही भारत समझने की है, जबकि भारत एक बड़ा देश है। निश्चय ही हिंदू धर्म सनातन धर्म से अधिक व्यापक है। हम अप्पर, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, सूर, मीरा, तुलसी, सहजोबाई, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, श्री अरविंद आदि को सनातनी नहीं कह सकते। स्पष्ट है कि सनातन धर्म के पुनरुत्थान में लगे लोग वस्तुतः जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के तो कट्टर समर्थक हैं ही, ये भारत के स्वभाव से ही अनजान हैं। हम प्राचीन काल से ही 'नवोन्मेषशील सनातन' और 'जड़ांध सनातन' की दो धाराएं स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए इस समय सनातन को लेकर बढ़ रहे हुंकार को देश पर एक बड़े खतरे की घंटी के रूप में देखना चाहिए।

पर्यावरण विनाश का कारण बनते घातक हथियार

डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं।

विज्ञान एवं तकनीकी युग में आज मनुष्य एक ओर तो प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहता है, कई वर्षों तक जीवित रहना चाहता है, बुढ़ापे को दूर भगाना चाहता है, जिंदगी को आराम दायक बनाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर अपनी बढ़ती महत्वाकांक्षा से चालित प्रकृति को जाने-अनजाने में तरह-तरह से हानि पहुंचा रहा है। साथ ही समय-समय पर विभिन्न देशों के मध्य होने वाले युद्ध, युद्धाभ्यास, आतंकी हमलों में प्रयुक्त घातक हथियार और उनकी टेस्टिंग जल (समुद्र), वायु, थल, नभ को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं, प्रदूषित कर रही है। आजकल जो युद्ध हो रहे हैं, वे इतिहास की किताबों में दर्ज परंपरागत युद्ध जैसे नहीं हैं, जिनमें तलवार, धनुष और तोपखाने का उपयोग किया जाता हो। उन्नीसवीं शताब्दी से युद्ध में उपयोग होने वाले हथियार और सामग्री में बहुत बदलाव आया है। कंप्यूटरीकरण प्रणाली तथा सूचना तंत्र का उपयोग हथियारों में बढ़ा है। युद्धक विमान, मिसाइल, राकेट लांचर, तोप, बम और उनमें उपयोग होने वाले तरह-तरह के विस्फोटक और उनकी सटीक मारक क्षमता ने युद्ध को मनुष्य और पर्यावरण के लिए पहले से ज्यादा घातक और नुकसान दायक बना दिया है। उदाहरण के लिए लगभग पिछले दो वर्ष से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध में तरह-तरह के घातक हथियारों का उपयोग हो रहा है यथा-विस्फोटक हथियार जो अपने विखंडन, विस्फोटक, आगजनी के प्रभाव से प्रकृति और मानव को बेतहाशा नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरे रासायनिक हथियार (क्लोरोपिक्रिन जैसे दम घुटने वाले ऐजेंट आदि) जो मनुष्य सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के फेफड़ों, आंखों, त्वचा में जलन पैदा करके तथा उल्टी, मतली, दस्त का कारण बन हथियार के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हर व्यक्ति और जीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं, इनका वनस्पतियों पर क्या प्रभाव पड़ा है, युद्ध समाप्ति पर होने वाले शोध से ही अवज्ञत हो सकेगा। कुछ हथियार ऐसे भी उपयोग में लाए जा रहे हैं जो आगजनी तथा धुआं फैला कर जन-धन को हानि पहुंचा रहे हैं (नेपान, थर्माइट, सफेद फास्फोरस आदि) तथा कुछ हथियार ऐसे हैं जिन्हें ईंधन वायु विस्फोटक (थर्मोबेरिक हथियार)कहा जाता है (एरोसोल बम या वैक्यूम बम) जो उच्च तापमान वाले विस्फोट को उत्पन्न करने के लिए हवा से आक्सीजन का उपयोग करते हैं। इन विस्फोटक से उत्पन्न गर्मी इंसान को झुलसा देती है। इसके घातक प्रभाव को देखते हुए इन हथियारों को गैर परमाणु हथियार में सबसे ख़तरनाक माना जाता है। परमाणु हथियार को अभी होल्ड पर रखा है जो बड़े क्षेत्र में सामुहिक विनाश का कारण बन सकता है। रुस-यूक्रेन युद्ध में इस विनाशक हथियार के उपयोग की आंशका बनी हुई है।

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं और युद्ध विराम के बाद भरपाई करने या यूं कहें युद्ध के पहले की स्थिति में लाने में वर्षों लग सकते हैं।

आज विश्व के देशों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देती है। एक तरफ रूस, चीन, उत्तरी कोरिया जैसे देशों का समूह है तो दूसरी तरफ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे नाटों देशों का समूह है तो तीसरी ओर भारत जैसे वे देश है जो अभी किसी गुट में नहीं है तथा विश्व शांति के पक्ष में है और उन्हें अपने देश में पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास की रफ्तार को तेज करना है, विकसित राष्ट्र बनना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है तथा अपने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। विश्व में कुछ ऐसे भी देश है जो सीधे तौर पर तो युद्ध में शामिल नहीं है पर युद्ध करने के लिए देशों को उकसा रहे हैं, उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं, शांति-वार्ता को किसी परिणामदायक स्थिति में पहुंचने से अप्रत्यक्ष रूप से रोक रहे हैं। वास्तव में युद्ध विराम न होना या यूं कहें युद्ध का लंबा खिंचना वर्तमान में चल रहे युद्ध और उससे उपजे पर्यावरणीय संकट की स्थिति को और भयावह बना रहा है, परमाणु हमले की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ऐसा लगता है जिन देशों के मध्य युद्ध (ईजराइल-हमास,रुस-यूक्रेन आदि) जारी है वे शांति, युद्ध विराम जैसे शब्द अपने शब्दकोश से मिटा चुके हैं, उन्हें कराहती मानवता की आवाज सुनाई ही नहीं देती। जबकि युद्ध में संलग्न देशों को भलीभांति ज्ञात है कि आधुनिक घातक अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों (पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षी तथा मानव आदि) को बेतहाशा नुकसान पहुंचता है।

सोशल फोरम

कृत्रिमता का परिणाम

फ्लैटों ने हमें सुविधा तो दी है लेकिन हमारा बहुत कुछ छीन भी लिया है। न ऊपर आसमान अपना न नीचे धरती। वो बड़े बड़े आंगन, बरामदे और दालान वाले घर तो अब सपना हो गए। अब तो लोग खुले में सोते भी नजर नहीं आते। आधुनिक सुविधा के लालच ने इंसान को दड़बों तक सीमित कर दिया। अब पूरा जीवन दो से तीन कमरों के बीच सिमट कर रह जाता है। अब तक कि नौकरी पेशा जिंदगी भाड़े के घरों में कट गई। जहां अपनी मर्जी संभव नहीं थी। बचपन मे घर के आंगन में या ऊपर छत पर सोने का आनन्द लगभग भूल चुका था। सयुंक्त परिवारों में छत पर बिस्तर लगा रात को गप्पें मारने का भी एक अलग सुख होता था। पास पड़ोस के साथ उम्र के हिसाब से अलग अलग टोलियां बन जाती थी। आज कृत्रिम सुविधाओं की आदि देह भी अब ये सारे आनन्द भूल चुकी है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

16 साल पहले सासाराम में गर्मी में हम बाहर ही सोया करते थे। क्योंकि बिजली केवल 6-7 घंटे के लिए ही आती थी। इस कष्ट के बावजूद एक सुख भी था। प्रदूषण कम होने के कारण आकाश तारों से भरा दिखता था और पूर्णिमा की चांदनी तो ऐसी थी जैसे किसी ने छोटा बल्ब जला रखा हो। हम अक्सर रात का खाना मून लाइट में ही खाया करते थे।

इतने सालों में बढ़े प्रदूषण और शहर की जगमगाती लाइटों ने आकाश से तारों को ही गायब कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम रोशनी के बढ़ते उपयोग से पशुओं के स्वभाविक जीवन पर असर होता है और मानव शरीर को भी अनिद्रा, मधुमेह, मोटापा, डिप्रेशन, कैंसर और दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन डी के लिए अब हम सूरज के बजाय टैबलेटों की शरण में जाते हैं। जीवन में बढ़ती कृत्रिमता का परिणाम तो हमें भोगना ही होगा।

अलग किस्म के सुख और दुख हमारे चारों तरफ बिखरे पड़े हैं। अब ये हमारा चुनाव है कि अपनी मानसिकता अनुसार हम किसे दुख समझे और किसे सुख। देखा जाए तो हमारी पृथ्वी से अंधेरा भाग रहा है लेकिन ये हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि दुख की बात है। खुशी की बात तब होती जब हमारे दिलों दिमाग पर छाया अंधेरा भागता।

-फेसबुक वॉल से

आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे चौधरी चरण सिंह

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

> 1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया।

देश की आजादी के शुरूआती दशकों में जनसंचार माध्यमों के पर्याप्त अभाव के बाद भी किसानों की लड़ाई लड़ने वाले नेता की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर किसान मसीहा के रुप में स्थापित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह समकालीन पीढ़ी के लिए उस दौर के अचंभित करने वाले नेता के तौर पर ही पहचाने जाते हैं। आज भी सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसानों के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में लोगों की जुबान पर बरबस चौधरी साहब का नाम सहज ही आ जाता है। उनके किसान हितैषी व्यक्तित्व का ही प्रभाव रहा कि मौजूदा भारत सरकार को चुनावी वर्ष में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उस महान धारा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना पड़ी।

चौधरी चरण सिंह आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में पहली बार उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में खेतिहर और ग्रामीणों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की बात की। खेती-किसानी और नौजवानों के रोजगार को ही मुद्दा बनाते रहे। जहां एक ओर उन्होंने राजनीतिक भ्रष्टाचार से खुद को आजीवन बचाए रखा, वहीं दूसरी ओर अपने से जुड़े लोगों की शुचिता और साख के मजबूत बने रहने के लिए विशेष अनुशासन के नियम को बनाए रखा। चौधरी साहब के लेखन को पढ़ने और समझने से एक दृष्टि पैदा होती है कि कैसे राजनीति में रहते हुए चकाचौंध से दूर रह कर आमजन के हित का काम पूरी ईमानदारी से किया जा सकता है।

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया। इसी तरह 1964 में सुचेता कृपलानी की सरकार में बतौर कृषि मंत्री उन्होंने 'कृषक समाज' की स्थापना के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकि से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। जिसे आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री बनने के बाद 'चकबंदी कानून' को अतिरिक्त मजबूत करते हुए किसान हित का ध्यान रखा।

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाए गई रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गांवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गांव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया, जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुई है। "मेरे सपनों के भारत" विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पांच बिंदुओं पर अपनी बात कही थी कि प्राथमिक आवश्यकताएं सब की पूरी हो, ऐशो-आराम की चीजें नहीं। दूसरे सब को रोजगार मुहैया हो, तीसरे अमीरों और गरीबों में अंतर कम से कम होता जाए। चौथे यह कि हर आदमी ईमानदार हो अर्थात देश में भ्रष्टाचार ना हो और हर आदमी रोटी कमाने के काम में स्वतंत्र रहे, अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करता रहे। पांचवें यह कि हर आदमी अपने मुल्क को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाने का स्वप्न देखे और एक यह भी कि भारत में ऊंच-नीच का भेदभाव बिल्कुल ना रहे। इसके साथ ही चौधरी साहब ने एक ठोस आर्थिक नीति का मॉडल प्रस्तुत किया जिससे देश की गरीबी और बदहाली को दूर करने का रास्ता सुझाया जा सके।

गांधीवादी परंपरा के चौधरी चरण सिंह अपने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत संपत्ति के आग्रह से पूरी तरह दूर रहे। चौधरी साहब के प्रिय शिष्य 1974 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दो नौजवान छात्रनेता सतपाल मलिक और राजेंद्र चौधरी आज भी उस धारा के प्रकाश बिंदु के रूप में क्रमशः पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उस वैचारिकी को जीवंत बनाए हुए हैं। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह किसानों के मुद्दों और उनका दखल एक दबाव समूह के रूप में उभरा है उसे चौधरी साहब की नीतियों के आधार पर समाजवादी विचार परंपरा के वाहक अखिलेश यादव राजनीति के केंद्र में बनाए हुए है। आज जब राजनीति व्यवसाय, विचारहीनता और पदलोलुपता के मकड़जाल में उलझता चला जा रहा है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह की याद बेपटरी हो चुकी राजनीति में एक प्रकाशपुंज की भांति प्रतीत होती है जिनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समृद्धि और समरसता कायम की जा सकती है। चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर सबसे सच्ची श्रद्धांजलि उनके किसानोंन्मुख छवि पर आम जनता में विमर्श करते हुए किसानों की मूलभूत समस्याओं के विषय में मौलिक एवं सहज समाधान प्राप्त करने के माध्यम से किया जा सकता है।

विश्व में भुखमरी की स्थिति

> 2022में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023,में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ लोगों को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है।

विश्व में भूख दिवस यानी हंगर डे हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2011 में की गई थी और उद्देश्य था भुखमरी को दूर करना। ताकि हर व्यक्ति को दो समय की रोटी मिल सके। उद्देश्य यह भी था कि आगामी 2030 तक विश्व पटल से भूखमरी समाप्त की जा सके किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार 820 मिलियन लोग अभी भी भूख, बीमारी और कुपोषण से ग्रस्त बने हुए हैं। मध्य अफ्रीकी देश और मेडागास्कर इस सूची में सबसे प्रभावित देशों में रखे गए हैं, इस विषय में हमारे देश की स्थिति बिल्कुल भी अच्छी नहीं। 2022 में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023, में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ गरीब जनता को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है। इस इंडेक्स के अनुसार पड़ोसी छोटे देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल भी बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि भारत सरकार हंगर इंडेक्स के इन आंकड़ों को सही नही मान रही। परंतु यह एक विचारणीय विषय है कि इस स्थिति में सुधार कैसे किया जा सके। अब देखना है कि आने वाले दिनों में हमारे देश की स्थिति में कैसे सुधार होगा, देश की बड़ी आबादी को भुखमरी और कुपोषण की संख्या से निकालने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है ताकि देश हंगर इंडेक्स में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कमजोर संगठन के साथ बसपा के दांव से मुश्किल में कांग्रेस

देवरिया में चार दशक का सूखा खत्म करने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार । महान संत देवरहा बाबा की धरती देवरिया में चुनावी घमासान अब जीत-हार के दावों के बीच जातीय गुणा-भाग में बदल गया है। भाजपा के पास इस बार देवरिया लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस के सामने 40 साल से बना सूखा समाप्त करने का मौका है। कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 1984 में जीत मिली थी। पार्टी कई चुनावों में चौथे नंबर पर पिछड़ती रही है। ऐसे में कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर ही टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव जाति के प्रत्याशी द्वारा की जा रही सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है।

देवरिया में सबसे बड़ा मुद्दा समस्या चीनी मिलों को चालू करना और बेरोजगारी है। बातचीत में लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं बताने के साथ बाढ़ से छुटकारा दिलाने के उपाय करने और रिंग रोड बनाए जाने की जरूरत बताते हैं। इसी तरह जनता के एजेंडे में नया जिला अस्पताल, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने जैसी मांगें भी हैं। पिछले दो चुनावों से यहां भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, शायद लोगों की इसी नाराजगी को भांपकर भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां अपने पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भले ही पहला चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनका परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है। शशांक के दादा विधान परिषद सदस्य और उनके चाचा विधायक रहे हैं, तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त होने के बाद दो बार भाजपा से सांसद चुने जा चुके हैं। शशांक मणि पिछले काफी समय से क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए सक्रिय हैं। वह युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार दिलाने में आगे रहे हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्ष 2012 में बांसगांव की रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। लेकिन उनके द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी संदेश यादव जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं, जिस तरह सजातीय मतों में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उससे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप की मुसीबत बढ़ रही है। देवरिया सीट से 2019 के चुनाव में भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,80,644 मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से मैदान में उतरे बसपा के बिनोद कुमार जयसवाल ने 3,30,713 वोट पाए थे। कांग्रेस के नियाज अहमद खान को 51,056 वोट मिले थे। देवरिया लोकसभा सीट पर 17.54 लाख मतदाता हैं। इनमें इस सीट ब्राह्मण, राजपूत और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 51 फीसदी ओबीसी वोटर हैं। करीब 13 फीसदी मुस्लिम वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जाति के वोटर 14 फीसदी से कुछ अधिक और अनुसूचित जनजाति के करीब तीन फीसदी वोटर गिने जाते हैं। सामान्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 19% के आसपास है।


शशांक मणि त्रिपाठी।


अखिलेश प्रताप सिंह।

- भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के सामने फंसे नजर आ रहे कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप

सभी पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था कमल

देवरिया लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें कुशीनगर जिले की तमकुही राज और फाजिल नगर भी शामिल है। देवरिया जिले की पथरदेवा, रामपुर कारखाना और देवरिया सीट हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

2014 में 51% वोट पाकर जीते थे कलराज

- 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता कलराज मिश्रा ने जीत हासिल की थी। उन्हें 4,96,500 (51.1%) वोट मिले थे। कलराज ने बसपा प्रत्याशी नियाज अहमद 2,65,386 (27.3%) मत को हराया था। तीसरे स्थान पर सपा के बलेश्वर यादव 1,50,852 (15.5%) वोट थे। कांग्रेस प्रत्याशी चौथे स्थान था।

सपा के सहारे भगवा गढ़ में जातीय घेरेबंदी

महाराजगंज लोकसभा सीट

अमृत विचार। गोरखपुर मंडल में आने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट से मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। इस बार उनका मुकाबला करने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फरेंदा से जीते अपने विधायक वीरेंद्र चौधरी को उतारा है। महाराजगंज सीट से पंकज चौधरी भाजपा से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं और राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी माने जाते हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें पहली बार यहां से टिकट दिया था, इसके बाद से पार्टी अब तक नौ बार उन पर भरोसा जता चुकी है, जिसमें आधा दर्जन बार पंकज चौधरी ने कमल खिलाया है। साल 2014 को चुनाव में पंकज चौधरी को 44.65 और 2019 में 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। ऐसे में यहां चर्चाओं में भाजपा को एक बार फिर भारी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस इस सीट को हल्के में नहीं ले रही है। वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा महासचिव शिवपाल सिंह मौजूद रहे थे।

पंकज चौधरी।

वीरेंद्र चौधरी।

- अब तक छह चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनौती दे पाएंगे कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी
- बसपा से किस्मत आजमा रहे मोहम्मद मौसमे आलम सपा-कांग्रेस गठबंधन की बढ़ा रहे मुश्किल

18% वोटों के अंतर से भाजपा ने पिछली बार सपा-बसपा का गठबंधन होने पर जीती थी सीट

चार विधानसभा सीटें भाजपा के पास

महाराजगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से चार पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है तो एक सीट कांग्रेस के पास है।

2019 का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	पंकज चौधरी	7,26,349	59.20
सपा	अखिलेश सिंह	3,85,925	31.45
कांग्रेस	सुप्रिया श्रीनेत	72,516	5.91
-	-	-	-

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	पंकज चौधरी	4,71,542	44.65
बसपा	काशी नाथ शुक्ल	2,31,084	21.88
सपा	अखिलेश सिंह	2,13,974	20.26
कांग्रेस	हर्ष वर्धन	57,193	5.42

दो चौधरी, असमंजस में कुर्मी वोटर

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की बहुलता है, जिनका एकमुश्त समर्थन पंकज चौधरी को मिलता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी के चुनाव लड़ने के कारण कुर्मी मतों में बंटवारा होना तय माना जा रहा है। वीरेंद्र चौधरी अब तक पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण क्षेत्र में पहचान और प्रभाव रखते हैं। 2017 के चुनाव में वह मात्र दो हजार वोट से हार गए थे। इसके चलते इलाके में कुछ लोग इसे दो चौधरियों की जंग भी बता रहे हैं।

लेकिन इस लड़ाई में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद मौसमे आलम पर दांव लगाकर इंडिया गठबंधन की चुनौती को कमजोर करने का प्रयास किया है। देवरिया सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 25% मतदाता हैं, इनमें कुर्मी वोटर 10% और यादव 9% गिने जाते हैं। अनसूचित जाति के 18% और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं की संख्या 17% है।

ब्राह्मण लगभग 8%, वैश्य और निषाद मतदाता 7-7 % तथा क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या लगभग 3% है। भाजपा और कांग्रेस दोनों तरफ से जातीय समीकरण साधने का प्रयास हो रहा है।

हिमाचल में दो मोर्चों पर छिड़ा चुनावी घमासान

सरकार का संघर्ष

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। यहां सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आ रहा है। भाजपा ने साल 2014 और 2019 के चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था, पार्टी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी कमल खिलाने की पुरजोर कोशिश में लगी है, ताकि राज्य में कांग्रेस की सुक्खू सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटें हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटें जीती थीं, लेकिन साल 2021 में मंडी सीट से भाजपा के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जीत का परचम लहरा दिया था। इस बार प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का मुकाबला कर रहे हैं। मंडी सीट को राज्य की सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां अपनी प्रतिष्ठा लगा रखी है। बसपा ने मंडी में डॉ. प्रकाश चंद भारद्वाज को उतारा है। लेकिन सीधा और दिलचस्प संघर्ष भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही हो रहा है।

शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा के सुरेश कुमार कश्यप के सामने कांग्रेस से विनोद सुल्तानपुरी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां बसपा से अनिल कुमार मंगेट प्रत्याशी हैं। हमीरपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को कांग्रेस से सतपाल रायजादा चुनौती दे रहे हैं। यहां बसपा से हेमराज चुनावी मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक यहां अनुराग ठाकुर को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त मानी जा रही है। राज्य की कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज को दिग्गज कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। देर से टिकट घोषित होने के कारण पूरे क्षेत्र में प्रचार नहीं कर पाए हैं। यहां बसपा ने रेखा चौधरी पर दांव लगा रखा है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।

भाजपा नेता जयराम ठाकुर।

मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।

मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

- 2014 और 2019 में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में
- मंडी सीट पर कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह और भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले पर सभी की नजर

कांग्रेस के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी

- हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेताओं की लोकसभा चुनाव से ज्यादा दिलचस्पी छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर दिख रही है। इसकी वजह यह है कि इन छह सीटों के परिणाम राज्य में सत्ता परिवर्तन या मौजूदा सरकार का भविष्य तय करेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की बगावत की वजह से सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार संकट में फंस गई थी। प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के कारण राज्यसभा पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे और भाजपा के हर्ष महाजन को जीत मिली थी। बाद में विधानसभा के स्पीकर ने इन छह बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसी कारण इन न सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस के सभी बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने इन्हें टिकट देकर कमल निशान से चुनावी मैदान में उतार रखा है। ऐसे में उपचुनाव वाली सभी सीटों पर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है, ताकि जीत हासिल करके सरकार पर आने वाला संकट टला जा सके।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

सलेमपुर में बसपा की चुनौती से बना त्रिकोणीय संघर्ष

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। सलेमपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को मैदान में उतार कर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से है। रमाशंकर राजभर साल 2009 में बीएसपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन बसपा ने यहां भीम राजभर को चुनावी मैदान में उतार कर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर लोकसभा सीट पर पिछड़ी जातियों का दबदबा है। इसमें 32 प्रतिशत माने जाने वाले कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। यहां 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 15 फीसदी हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के रवींद्र कुशवाहा ने 4.67 लाख वोट पाकर बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार और कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार मिश्रा को 27 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। सलेमपुर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा तथा समाजवादी पार्टी और सुभासपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।

दीदी का रोड मार्च पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोलकता में सड़क मार्च करके टीएमसी समर्थकों में जीत का जोश भरा।

हम में है दम बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जनसभा करके वोट मांगे।

ओडिशा में सरकार बनाने के दावों से साधी दिल्ली की लड़ाई

6 सीटों का रण

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। ओडिशा में सातवें और अंतिम चरण में छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर के साथ इनसे संबंधित 42 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस बार राज्य में बीजद और भाजपा दोनों ने सरकार बनाने के दावे के साथ सरकार गठन के शपथ ग्रहण के दिन की घोषणा भी कर रखी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजद की सीटों की संख्या घटकर 12 रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में बीजद ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा एक ही सीट जीत पाई थी। सामान्यतया लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होने पर अधिकांश मौकों पर मतदाता एक ही पार्टी को चुनते रहे हैं, शायद यही वजह है कि भाजपा और बीजद लोकसभा चुनाव का प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन असली लड़ाई का मोर्चा विधानसभा चुनाव में खोल रखा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और उनके करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर भाजपा खासी हमलावर है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर चुनाव प्रचार में भाजपा का हर बड़ा नेता ओडिशा के गौरव और सम्मान का सवाल उठाकर यह आरोप लगाता रहा है कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहे हैं। एक तमिल व्यक्ति ओडिशा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर युवा उड़िया भाषी को मुख्यमंत्री बनाएगी।

- भाजपा और बीजद दोनों ने राज्य में सरकार के शपथ ग्रहण के दिन की कर रखी है घोषणा
- साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की आठ और बीजद ने जीती थीं 12 सीटें

बालासोर में इस बार फिर हो रहा है त्रिकोणीय मुकाबला

- बालासोर में इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। यहां भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत कुमार जेना कर रहे हैं। यहां बीजद ने भाजपा से आईं लेखाश्री सामंतसिंघर पर दांव लगाया है। 2014 के चुनाव में बीजद उम्मीदवार ने 41.33 प्रतिशत वोट हासिल करेक भाजपा उम्मीदवार को हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 41.79 प्रतिशत वोट पाकर बीजद को हराया था।

राष्ट्रपति मुर्मू के मयूरभंज में फिर जीतेगी भाजपा ?

- आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का गृहनगर होने के नाते इस सीट पर हर किसी की नजर है। वर्तमान में यहां भाजपा सांसद बिश्वेश्वर टुडू हैं। लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर से विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। बीजद ने मयूरभंज सीट पर सुदाम मारंडी को उतारा है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन एक बार फिर किस्मत आजमा रही हैं। अंजिल 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं।

जाजपुर में बीजद और भाजपा का संघर्ष

- जाजपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने रवींद्र नारायण बेहरा और कांग्रेस ने आंचल दास को मैदान में उतारा है। 2019 में बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने 1,01,693 वोटों से सीट जीती थी। शर्मिष्ठा सेठी को 5,44,020 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के अमियकांता मलिक को हराया था।

ओडिशा वोट शेयर 2019 पार्टी	सीट	वोट %
बीजद	12	42.8
भाजपा	8	38.4
कांग्रेस	01	13.8

भद्रक में फिर से रोमांचक मुकाबले की तस्वीर

- भद्रक लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भद्रक से बीजद को जीत मिली थी। बीजद की मंजूलता मंडल ने भाजपा प्रत्याशी अविमन्यू सेठी को 28,803 मतों के अंतर से हरा दिया था। मंजूलता को 5,12,305 तो अविमन्यू सेठी को 4,83,502 वोट मिले थे। कांग्रेस की मधुमिता सेठी ने 2,07,811 वोट हासिल किए थे। भाजपा ने इस बार भी यहां बीजद सांसद मंजूलता मंडल के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजद नेता अर्जुन चरण सेठी के बेटे अविमन्यु सेठी को ही मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस बार वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनंत प्रसाद सेठी को मौका दिया है।

जगतसिंहपुर में भाजपा को पहली जीत की तलाश

- जगतसिंह पुर आरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद बिभू प्रसाद तराई, कांग्रेस के रवीन्द्र कुमार सेठी का मुकाबला बीजद की सांसद डॉ. राजश्री मल्लिक से हो रहा है। यहां भाजपा को अपनी पहली जीत की तलाश है। बीजद की राजश्री मल्लिक ने 2019 में चुनाव भाजपा के विभु प्रसाद तराई को हराया था। बीजद और भाजपा को क्रमशः 50.44% और 28.34% वोट मिले थे। 2014 में बीजद प्रत्याशी कुलमणि सामल इस सीट से जीते थे। उन्होंने तब कांग्रेस में रहे बिभू प्रसाद तराई को हराया था। कांग्रेस यहां 1998 से जीत के लिए तरस रही है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2080, राज श्री 1410, फॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1675, राग गोल्ड 1650, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2050, **किराना-(प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल, 7475-7900, मलका छांटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12100, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान: एसबीआई

बैंक ने रिपोर्ट में समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के 8 प्रतिशत रहने की जताई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री डॉ.सौम्य कांति घोष ने आज जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। उसने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि आरबीआई इसके सात प्रतिशत रहने की बात पहले की कह चुकी है। उसने कहा है कि 30 उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित एसबीआई आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (एएनएन) मॉडल चौथी तिमाही जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का संकेत दे रहा है। प्रमुख संकेतक शहरी/ग्रामीण परिदृश्य में निरपेक्ष विकास की प्रवृत्ति दिखाते हैं, हालांकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई है। जनवरी 24 से संकेतकों का प्रतिशत 80 से ऊपर बना हुआ है, शहरी संकेतकों ने हाल के महीनों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।

भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत

भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाओं के जोखिमों के बावजूद आशावाद आगे चलकर अशांत प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल सकता है। इसके अलावा, अच्छे दिनों के अग्रदूत के रूप में, सामान्य से ऊपर मानसून दालों, तिलहन और अनाज की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2024 के मानसून सीजन के उत्तरार्ध के दौरान ला नीना विकसित होने की उम्मीद है, जबकि हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) सकारात्मक होने की उम्मीद है, जो दोनों ही अच्छे मानसून का संकेत देते हैं। कॉर्पोरेट भारत ने मजबूत आंकड़े दर्ज करना जारी रखा, हालांकि बैलेंस शीट की मजबूती के लंबे तिमाही दौर के बाद लाभप्रदता पर कुछ दबाव सामने आया।

वर्ष 2024-25 में बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर 14 प्रतिशत रह जाएगी

मुंबई। देश की बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दो प्रतिशत घटकर 14 प्रतिशत हो सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, इस मंदी से वित्त वर्ष 2024-25 में (सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि दर भी घटकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने कहा कि धीमी जमा अभिवृद्धि ऋण वृद्धि पर नियंत्रण रख सकती है। हालांकि एजेंसी ने माना कि पिछले वर्ष जमा और ऋण वृद्धि के बीच का अंतर कम हुआ है। एजेंसी ने कहा-इस राजकोषीय वृद्धि को उच्च आधार प्रभाव, जोखिम भार में संशोधन और कुछ हद तक कम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि से नियंत्रित किया जाएगा।

केएएल एयरवेज, कलानिधि के किए गए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **स्पाइसजेट ने नुकसान के दावे को बताया निराधार**

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे।

स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा-इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं। स्पाइसजेट ने कहा-केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	95,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,125
गिन्नी (प्रति नग)	55,250-55,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,500
चांदी तैयार	90,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,700
सोना जेवरात गिन्नी	71,700
चांदी पक्की	900 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,800
चांदी आभूषण	89,800।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 75 मसूरी 55 अंगूरी 65 बासमती 95, **दाल दलहन**-काला चना 115-125 साबुत चना दाल 70-87 मूंग साबुत 95 राजमा 160 दाल उड़द 125 साबुत मसूर दाल 64 मसूर दाल 71-75 उड़द साबुत 107-120 काबुली चना 65 अरहर दाल 155-160 लोबिया/करमानी 77- 83 सोयाबीन 41 मूंगफली 74-80 मटर (सूखी) 50 मक्का- 16-18 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये, उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुमूंग धोआ : 104 -106 मूंग छिलका : 95 से 105 मूंग साबुत : 90से 105 चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये।

भारत-अमेरिका सीईओ फोरम ने शुरू किया ज्ञान साझा करने वाला मंच

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्यमिता, समावेशी विकास और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने पर भारत-अमेरिका सीईओ फोरम के एक कार्यसमूह ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई एवं स्टार्टअप के एकीकरण के लिए ज्ञान साझा करने वाला एक मंच शुरू किया है। यह मंच यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टिट्यूट (यूएसआई) और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। फोरम ने मंगलवार को एक बयान में ज्ञान साझा करने वाले इस मंच के गठन की जानकारी दी।

फोरम ने कहा-भारत-अमेरिका सीईओ मंच के कार्यसमूह-7 (डब्ल्यूजी7) ने यूएसआई और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 27 मई को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ज्ञान-साझाकरण मंच पेश किया है। इस कार्यसमूह की शेरपा सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि यह मंच भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा और उनके बीच व्यापार की संभावनाएं पैदा करेगा। यह स्टार्टअप को सशक्त बनाकर और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई का एकीकरण कर समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

चांदी के दाम में 3,100 और सोने में 130 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई। सोमवार को चांदी 92,850 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोना 130 रुपये मजबूत होकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,346 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-कमजोर अमेरिकी डॉलर की मदद से मंगलवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोना मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा-व्यापारी अब महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो इस बात पर प्रकाश डाल सकता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व कितनी जल्दी ब्याज दरों में कमी कर सकता है। इससे आगे सोने की कीमतों को दिशा मिलेगी। विदेशी बाजारों में चांदी भी बढ़कर 31.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की कीमतें बढ़कर 31 डॉलर के स्तर को पार कर गईं, जो नरमी के दौर के अंत का संकेत है।

- **करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई चांदी की कीमत**

राष्ट्रीय

एक नजर

अदालत ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। अदालत ने जेल प्राधिकारियों से जैन का रिकॉर्ड भी मांगा और मामले पर अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है।

सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं।

जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक धार्मिक जुलूस के दौरान मामूली मुद्दे पर दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात भिवंडी के सरावली गांव में हुई घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक धार्मिक जुलूस के दौरान गुलाल फेंकने को लेकर समूहों में झड़प हो गई। अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में 25 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

भाजपा 200 सीट के आंकड़े को भी नहीं कर पाएगी पार: खरगे

शाह के नौकरी गंवा देने वाले तंज पर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया जवाब

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के दावे को बकवास करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। खरगे ने अमृतसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव की तुलना में भाजपा की सीट घट रही हैं जबकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बढ़त बना रहे हैं। जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दावा कर रहा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

भाजपा के इस दावे से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए खरगे ने कहा-जब आपकी (सीट) घट रही हैं और हमारी बढ़ रही हैं। 400 पार भूल जाओ, यह बकवास है। वे सरकार भी नहीं बना सकते और 200 सीट से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। खरगे ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में अस्तित्वहीन है और कर्नाटक में मजबूत नहीं है। उन्होंने सवाल किया, आप महाराष्ट्र में कमजोर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक लड़ाई है। आपको 400 सीट कैसे मिल रही हैं? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद खरगे अपनी नौकरी गंवा देंगे। खरगे ने कहा-मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में हूं, अब मुझे उतने ही साल हो गए हैं जितनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्र है। खरगे ने कहा-उन्हें चार जून के बाद अपनी नौकरी के बारे में सोचना चाहिए।

कांग्रेस प्रमुख खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि ऋण माफी और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी पर पार्टी के चुनावी वादों को दोहराया। उन्होंने साथ ही बेरोजगारी के मुद्दे और अग्निपथ योजना पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा।

चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री कहलाएंगे नवीन पटनायक : अमित शाह



भद्रक/जाजपुर (ओडिशा)। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुटकी लेते हुए कहा कि नवीन पटनायक चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हो जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 147 सदस्यीय विधानसभा में 75 से अधिक सीट हासिल कर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। शाह ने भद्रक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदबाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि भाजपा ओडिशा की 21 लोकसभा सीट में से 17 सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा-चार जून को नवीन बाबू मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, वह पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएंगे...भाजपा ओडिशा में 17 लोकसभा सीट और 75 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि अगला मुख्यमंत्री उड़िया भाषा में पारंगत हो और राज्य की भाषा, संस्कृति तथा परंपरा को समझता हो। स्पष्ट रूप से पटनायक के करीबी सहयोगी एवं बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन के संदर्भ में शाह ने कहा-क्या तमिल बाबू को पर्दे के पीछे से सरकार चलानी चाहिए... कमल के निशान पर अपना वोट देकर एक अधिकारी की जगह राज्य पर शासन करने के लिए एक जनसेवक को लाएं।

पूर्व विधायक बिधूड़ी के खिलाफ अपहरण एवं मारपीट का मामला दर्ज

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाने में तीन साल पहले के चर्चित अपहरण एवं मारपीट के मामले में इस्तगासे के जरिये पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि भीलवाड़ा निवासी सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूरन सिंह भाटी ने न्यायालय से जारी इस्तगासे के आधार पर मंगलवार को मामला दर्ज करवाते हुये कहा कि 21 अगस्त 2021 को गंगरार स्थित भीलवाड़ा के उद्योगपति मानसिंहका ग्रुप की बंद पड़ी काटन मिल पर वह ग्रुप के सुरक्षा अधिकारी के तौर पर चारदीवारी करवा रहे थे, इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा उन्हें जबरन गंगरार थाने पर ले जाया गया जहां बिधूड़ी ने उनसे मारपीट करते हुए उक्त जमीन पर काम बंद करने की चेतावनी दी।

हैदराबाद में उपमुख्यमंत्री के घर पर बम विस्फोट की धमकी

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार को कथित तौर पर फोन कर बताया कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम. बी. विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन पर बम विस्फोट होने वाला है, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर आगाह किया कि हैदराबाद शहर में प्रजा भवन में बम फटने वाला है। पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते की मदद से परिसर की तलाशी शुरू कर दी। तेलंगाना की पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डी. अनसूया प्रजा भवन पहुंचीं और अधिकारियों व उपमुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर मामले पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्री ने अधिकारियों को आगंतुकों की गहन जांच करने और प्रजा भवन में सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। प्रजा भवन के एक हिस्से का उपयोग प्रजा वाणी कार्यक्रम के लिए किया जाता है, सप्ताह में दो बार शिकायत निवारण सभा आयोजित की जाती है।

बम निरोधक टीम ने बम की धमकी मिलने के बाद तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन के परिसर की जांच की। ● एजेंसी

- **जानकारी पर हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया**

भोजन के बाद हालत बिगड़ने से तीन की मौत

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान में उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम में भोजन के बाद अचानक हालत बिगड़ने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सावन क्यारा गांव में सोमवार को एक कार्यक्रम में करीब 80 लोग शामिल हुए थे। उनके अनुसार रात को भोजन के कुछ देर बाद कई लोगों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया जहां एक महिला और दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बाबू गमार (30), मसरू गमार (28) और अमिया पारगी (35) के रूप में की गई है। कोटड़ा के ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकरलाल चव्हाण ने बताया कि सावन क्यारा में एक कार्यक्रम में खाने में बकरे का मटन, मिक्स वेज, बैंगन, टमाटर, मक्के का दलिया, दाल गुड़ आदि का भोजन के साथ लोगों को देशी और अंग्रेजी शराब भी परोसी गई थी। उन्होंने बताया कि भोजन करने और शराब का सेवन के कुछ देर बाद लोगों की तबीयत खराब हो गई थी।

- **उदयपुर जिले में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे 80 लोग**

दो आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थानीय दो आतंकवादी आकाओं की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया। दोनों आतंकवादी आका पाकिस्तान में रह कर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों हैंडलर वर्तमान में पाकिस्तान में हैं, जहां से वे घाटी में आतंकवादी समूहों और आतंकी मॉड्यूल को संचालित करते हैं।

छठे चरण में सात करोड़ से अधिक मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- **निर्वाचन आयोग ने बताया 63.37 प्रतिशत हुआ मतदान**

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों में 58 सीट पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को 11.13 करोड़ योग्य मतदाताओं में से 7.05 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

आम चुनाव में अब तक हुए छह चरणों के मतदान में, 87.54 करोड़ निर्वाचकों में से लगभग 57.77 करोड़ ने वोट दिया। विश्व में सर्वाधिक संख्या में 96.88 करोड़ निर्वाचक भारत में हैं। निर्वाचक नामावली में शामिल नागरिकों को निर्वाचक माना जाता है जबकि मतदान करने वालों को मतदाता कहा जाता है। मौजूदा लोकसभा चुनाव के अब तक के छह चरणों में, चौथे चरण में सर्वाधिक मतदान हुआ जबकि पांचवें चरण में सबसे कम वोट पड़े। निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, पूर्व में आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब तक हुए छह चरणों के चुनाव में सर्वाधिक है।

यौन उत्पीड़न के वीडियो वितरित करने को लेकर दो व्यक्ति गिरफ्तार

बेंगलुरु। हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे एसआईटी ने मंगलवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन दोनों व्यक्तियों ने जनता दल (सेक्युलर) नेता द्वारा कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण किए जाने के वीडियो वाले पेन ड्राइव वितरित किए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे उच्च न्यायालय पहुंचे। एसआईटी अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए। इन दोनों व्यक्तियों ने कथित तौर पर वे पेन ड्राइव वितरित किये थे।

कविता बहुत ही ताकतवर और गवाहों को कर सकती हैं प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी घोटाला

- **सीबीआई और ईडी ने कविता की जमानत याचिका का उच्च न्यायालय में किया विरोध**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में गिरफ्तार बीआरएस की नेता के.कविता की ओर से दायर जमानत याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में मंगलवार को विरोध किया। केंद्रीय एजेंसियों ने अदालत से कहा कि वे बहुत ही प्रभावशाली और ताकतवर हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। कविता की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह महिला हैं और उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

कोर्ट में जांच एजेंसियों ने कहा कि उन्होंने घोटाले की साजिश में अहम भूमिका निभाई और वह सक्रिय नेता एवं तेलंगाना विधानसभा की सदस्य होने के नाते कमजोर महिला होने का दावा कर जमानत नहीं मांग सकती हैं। ईडी, सीबीआई और कविता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बीआरएस नेता की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता केवल महिला नहीं हैं बल्कि प्रभावशाली महिला हैं और गवाहों को प्रभावित करने के मामले में काफी ताकतवर हैं, गवाहों में शामिल एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उन्होंने उसको धमकी दी थी। ईडी के वकील ने भी दलील की दी कि कविता आबकारी घोटाले की सह साजिशकर्ता और लाभार्थी हैं और अपराध की कड़ी सीधे तौर पर उनसे जुड़ती है। वकील ने दावा किया कि बीआरएस नेता सफेदपोश अपराध की आरोपी हैं और सबूतों को नष्ट करने और अपने बयानों से लोगों को धमकाने में संलिप्त हैं। ईडी ने कविता की जमानत अर्जी पर दिए जवाब में दावा किया कि उनको रिहा करने से आगे की जांच पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जो गहरी और बहु स्तरीय साजिश का पता लगाने के लिए की जा रही है।

जांच एजेंसी ने जवाबी हलफनामा में कहा-के.कविता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिया रची और लाभ पहुंचाने के बदले 100 करोड़ रुपये के भुगतान में संलिप्त थीं और उन्होंने अपने लोगों के जरिये धनशोधन की पारिस्थितिकी बनाई जो एम/एस इंडोस्प्रीट है और अपराध से 192.8 करोड़ रुपये की कमाई की।

विश्वकप में गेंदबाजों का पलड़ा भारी

आईपीएल के विपरीत अमेरिका-वेस्टइंडीज की पिचों पर बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं स्पिनर

01 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की जमीं पर शुरू होगा टी-20 विश्वकप का घमासान।

बेंगलुरु, एजेंसी

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपेक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद उस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था यहां (आईपीएल में) इंपेक्ट खिलाड़ी नियम है और टी-20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आपको अपने ऑलराउंडरों पर अधिक भरोसा करना होगा। आप अपने बल्लेबाजी ऑलराउंडर को आठवें नंबर पर नहीं रख सकते जैसा कि आपने आईपीएल किया था। मुझे नहीं लगता कि टी-20 विश्व कप में आप इस तरह के बड़े स्कोर देखेंगे क्योंकि वहां एक बल्लेबाज कम होगा।

आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था। दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और नाइट राइडर्स के खिलाफ कुछ मैच विजेता पारियां खेलीं, लेकिन विश्व कप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और पहली पसंद बने हुए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी है हालांकि यह कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। बल्लेबाजों को उन पिचों से भी निपटना होगा जो आईपीएल में इस्तेमाल की गई पिचों से बहुत अलग होंगी।

एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं हैं जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से। क्यूरेटर ने कहा भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया है। यह शायद वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति के कारण था। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम वहां 250 का स्कोर देख पाएंगे। अमेरिका में केवल फ्लोरिडा के पास हाई प्रोफाइल क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का पूर्व अनुभव है। न्यूयॉर्क और टेक्सास पहली बार इस खेल की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं। तो क्या इससे रन बनाने की दर पर असर पड़ेगा? क्यूरेटर ने कहा हां, ऐसा हो सकता है कि शुरुआत में टीमें पिच और अन्य परिस्थितियों का आकलन करना चाहेंगी। इनमें से कुछ स्थानों पर उपयोग की जा रही ड्रॉप इन पिचें प्राकृतिक पिचों की तुलना में बेहतर होंगी इसलिए हम उस दौर में कुछ बड़े स्कोर वाले मैच देख सकते हैं।

वेस्टइंडीज में अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अपार अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इससे सहमति व्यक्त की। वार्नर ने कहा कैरेबिया में पिचें सूखी होने के कारण गेंद खुरदरी हो जाएगी और स्पिन करने लगेगी। आईपीएल में गेंद की ऊपरी परत लंबे समय तक रहती है और इसलिए गेंद कम टर्न करती है। मैंने वहां काफी क्रिकेट खेला है और सीपीएल (कैरिबियाई प्रीमियर लीग) में भी खेला हूं। विकेट धीमे और कम उछाल वाले होते जाते हैं। आईपीएल 2024 में औसत रन रेट 9.56 था जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। इसके अलावा औसत स्कोर 180 से ऊपर रहा। हैदराबाद में पहली पारी का औसत स्कोर 230 रन के आसपास था।हालांकि जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं। एंटीगा में औसत टी-20 स्कोर 123 रन है और बारबडोस में यह 138 रन है। गयाना में यह 124 तो त्रिनिदाद में केवल 115 रन है। सेंट विन्सेंट में औसत टी-20 स्कोर 118 जबकि ग्रॉस आइलेट में सर्वाधिक 139 है। इन आंकड़ों को देखते हुए गेंदबाजों के कम से कम एक महीने के लिए टी-20 में दबदबा बनाने की उम्मीद है।

चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी-20 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गहराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं। विकल्पों की अधिकता के कारण भारत शुभमन गिल और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल नहीं कर पाया। अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो एकमात्र फैसला जो अलग होता वह यह होता कि मैं यशस्वी जायसवाल पर शुभमन गिल को तरजीह देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है। भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से उसने आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।



आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।

आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी-20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी के मुताबिक अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा भारत-ए

मेलबर्न। भारत-ए इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।

नामीबिया, ओमान और कनाडा ने जीते अपने-अपने अभ्यास मैच

तरौबा/डलास, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की।

नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में युगांडा की टीम 18.5ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वहीं कनाडा बनाम नेपाल के अभ्यास मैच में कनाडा ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए नेपाल को 63 रनों से हराया। कनाडा ने सात विकेट पर 183 रनों का स्कोर खडा किया। जवाब में नेपाल की पूरी टीम 19.3 ओवर में 120 रन पर ढ़ेर हो गई। तीसरा मैच पापुआ न्यू गिनी बनाम ओमान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ओमान ने 19.1ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

छक्कों के मामले में अभिषेक चौकों के लिए हेड रहे अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2024



आईपीएल 2024 में चौके और छक्कों के मामले में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के दो धाकड़ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 42 छक्कों तथा ट्रैविस हेड 64 चौकों के साथ अव्वल रहे।

छक्कों और चौकों की बात की जाये दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन का नाम आता है। विराट इस बार 38 छक्के और 62 चौके जड़े हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने भी 38 छक्के जड़े है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 36 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर आते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार, कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 33-33 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदरबाद के ट्रैविस हेड 32 छक्के लगाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं अगर चौकों की बात की जाये तो चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 58 चौकों के साथ तीसरे स्थान रहे। चौथे नंबर पर है 54 चौकों के साथ राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल है। केकेआर के सुनील नारायण और फिल साल्ट ने 50- 50 चौके जड़े। दोनों संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

सऊदी प्रो लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड

रियाद। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

वेतन न मिलने पर तीन महिला खिलाड़ियों ने छोड़ी अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम

ब्यूनस आयर्स। अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं। क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।

खेल डायरी

भारत ने जीता द. एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

नई दिल्ली। भारत की अंडर-19 लड़कियों की टीम और अंडर-15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने बताया कि अंडर-19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3-0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को, प्रिथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-15 वर्ग के फाइनल में भी भारत की दिव्यांशी बोमिक ने श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को हराया, इसके बाद सिंड्रेला दास ने शान्या मुथुली को हराया। अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भारत के सार्थक आर्य ने अपने दोनों एकल मुकाबलों में जीत दर्ज की।

निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया

बैंकॉक। भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए। पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63 .5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5-0 से जीत गया।

नॉर्वे शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को दी मात

स्टेवेंगर (नॉर्वे)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरि की फाबियानो करूआना को हराया।

कोच पर बंदूक से छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली। एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच पर कुछ निशानेबाजों के अभिभावकों ने उनकी राइफलों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है जिसका राष्ट्रीय महासंघ ने खंडन किया है। कथित तौर पर प्रभावित एक निशानेबाज के अभिभावक ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि कोच ने उनके बेटे की राइफल से छेड़छाड़ कर दी थी जिसके कारण उन्हें नए उपकरण खरीदने पड़े। उन्होंने हालांकि कोच की पहचान बताने से भी इंकार कर दिया। इस निशानेबाज के पिता ने कहा कोच ने मेरे बेटे की बंदूक को खराब कर दिया, इस कारण हमें नई बंदूक खरीदनी पड़ी। विश्व कप से एक दिन पहले निशानेबाज की अनुमति के बिना कोच बंदूक में इस तरह के बदलाव कैसे कर सकता है। यह पिछले साल भोपाल में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान हुआ था। यह कोच जब भी टीम के साथ विदेश जाता है तब ऐसा होता है। कोच का तर्क होता है कि आपको प्रयोग करने की जरूरत है लेकिन विश्व कप से एक दिन पहले आप किस तरह के प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई निशानेबाज इस संबंध में एनआरएआई को भी सूचित कर चुके हैं। एनआरएआई के महासचिव राजीव भाटिया ने हालांकि इन आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना का पता नहीं है।

बॉलीवुड हलचल

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की वेब सीरीज कॉल मी बे ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर को रिलीज होगी। अनन्या अपना वेब सीरीज डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अनन्या कॉल मी बे सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते साल हुई थी। धर्माटिक प्रोडक्शन ने एक पोस्टर शेयर कर इस सीरीज को लेकर अपडेट दिया है। धर्माटिक प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉल मी बे का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हम अपने खास को, हर किसी का खास बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित ''कॉल मी बे'' धर्माटिक एंटरटेनमेंट का प्रोडक्शन है। यह सीरीज इसी साल 6 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अनन्या पांडे के अलावा इस सीरीज में वीर दास, गुरफतेह परिजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

14 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी महाराज

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज हो सकती है। आमिर खान के लाडले जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म महाराज में दिखाई देने वाले हैं। जुनैद ने बीते साल ही वाईआरएफ की फिल्म महाराज की शूटिंग पूरी कर ली थी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म का ट्रेलर अगले महीने 5 जून को रिलीज हो सकता है। इस फिल्म में जुनैद खान के साथ जयदीप अहलावत, शरवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाली हैं। महाराज सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून, 2024 को रिलीज हो सकती है।

सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

कल्लांग, एजेंसी

भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई।

फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक ज़रूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत भी प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारतीय शटलर को हांगकांग के ली चेऊक यू से शिकस्त मिली। वहीं, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय बुधवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

पुलिस ने भेष बदलकर मारा पब-बार पर छापा

पुणे कार दुर्घटना

नागपुर, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना के मद्देनजर महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस अधिकारियों ने पहचान छिपाकर शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले पब और बार पर छापा मारा।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नागपुर पुलिस की विशेष टीम ने पब, बार और क्लब पर छापा मारा और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों का पता लगाया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने बताया कि अधिकारियों के निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट दर्ज होगी और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत उल्लंघन के लिए पब और क्लबों के प्रबंधन को नोटिस जारी किये जाएंगे। अन्य अधिकारी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त सहित कम से कम 13 वरिष्ठ अधिकारी ग्राहक बनकर पब में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रविवार रात कुल 13 जगहों पर छापा मारा और कई स्थानों पर भीड़भाड़ और कम उम्र के ग्राहकों को शराब परोसने जैसे नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया। अधिकारी ने बताया कि पब के कुछ हिस्सों को निगरानी मुक्त रखने के लिए कुछ स्थानों पर बेहद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि कानून के मुताबिक, जिन पब या फिर बार में शराब परोसी जाती है वहां मार्शल को तैनात करना जरूरी होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक शराब पीकर गाड़ी न चलाएं लेकिन कोई भी पब और बार इस नियम का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

- सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पहुंचे ग्राहक बनकर
- नियमों के उल्लंघन पर पब और क्लबों के प्रबंधन को जारी किए जाएंगे नोटिस

गिरफ्तार डॉक्टर के लिए विधायक का सिफारिश पत्र सामने आया

पुणे। पोर्श कार दुर्घटना मामले में ससून जनरल अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र के विधायक सुनील टिंगरे का 2023 का वह पत्र सामने आया है जिसमें उन्होंने डॉ. तावड़े को चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार देने की सिफारिश की थी। पुलिस ने सरकारी अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय तावड़े, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और डॉ. तावड़े के अधीन काम करने वाले अतुल घाटकाम्बले को इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुणे में 19 मई की सुबह पोर्श कार की टक्कर से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। यह कार 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा है। जिस समय हादसा हुआ, उस समय किशोर नशे में था। किशोर को किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे दुर्घटनाओं पर निबंध लिखने को कहा था लेकिन आलोचना और पुलिस द्वारा पुनरीक्षण याचिका के बाद उसे 5 जून तक हिरासत केंद्र में भेज दिया गया।

चालक के अपहरण में नाबालिग का पिता पुलिस हिरासत में

पुणे। पुणे की अदालत ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के पिता को परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष पेश किया गया। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

बांग्लादेश सांसद हत्याकांड

कोलकाता फ्लैट में मिले खून का डीएनए परीक्षण करा सकती है पुलिस

कोलकाता। बांग्लादेश पुलिस यहां के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पाए गए रक्त के नमूने का डीएनए परीक्षण कराएगी और बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के किसी रिश्तेदार के रक्त के नमूने से उसका मिलान करेगी ताकि यह पुष्टि हो सके कि राजनेता की हत्या की गई थी।

आशंका है कि एक पखवाड़े से लापता अनार की उसी फ्लैट में हत्या कर दी गयी और शव के टुकड़े नहर में फेंक दिये गये। जांच के सिलसिले में कोलकाता आए ढाका पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यदि अवामी लीग के सांसद के शरीर के अंग नहीं मिल सके तो अंतिम विकल्प के रूप में डीएनए परीक्षण किया जाएगा। यदि शरीर के अंग नहीं मिलते हैं, तो हम डीएनए परीक्षण कराएंगे और अनार के परिवार में से किसी एक के डीएनए के साथ इसका मिलान करेंगे और इसके अनुसार मामले में जांच आगे बढ़ेगी।

भारत दे रहा महंगी बीमारियों का सस्ता इलाज

भारत को फार्मा की राजधानी कहा जाता है और यह सस्ते चिकित्सा उपायों की उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत कई महंगी कैंसर की दवाओं का उत्पादन करता है और उन्हें विदेशी बाजारों में सस्ती कीमत पर बेचता है। भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियां जेनरिक दवाओं का उत्पादन करती हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख महंगी कैंसर की दवाओं और उनके जेनरिक संस्करणों के बारे में....

भारत सबसे बड़ा जेनेरिक का उत्पादक

भारत 20% वैश्विक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक बन गया है। ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाएं 30-80% तक सस्ती होती हैं।

देश में निर्मित कैंसर की दवाएं

- **ग्लिवेक :** नोवार्टिस द्वारा निर्मित भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, डॉक्टर रेड्डीज, सन फार्मा, और लुपिन सोरेलिक
- **नेक्सावर :** बायर द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, ग्लेनमार्क, और डॉक्टर रेड्डीज, ट्रास्टुज़ुमैब
- **हेरसेप्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : बायोकॉन,
- **बेवासिजुमैब अवास्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता बायोकॉन, सिप्ला लेनालिडोमाइड
- **रेवलेमिड :** सेल्जीन द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : नेटको फार्मा, हेटेरो एर्बिटुक्स

स्रोत और आंकड़े

- **भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस :** यह संगठन भारत में फार्मा उद्योग के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन :** भारत जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। विभिन्न फार्मा मैगजीन और रिपोर्ट्स में भारत के फार्मा उद्योग और सस्ते चिकित्सा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। इन सबके माध्यम से भारत दुनिया भर के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है।

एक नजर

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पूरक आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।

तीन खनिक अवैध खदान में तीसरे दिन भी फंसे रहे

डिब्रूगढ़ (असम)। असम के तिनसुकिया जिले में अवैध खदान में तीन खनिक तीसरे दिन मंगलवार को भी फंसे रहे और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। तिनसुकिया के आयुक्त स्वप्निल पॉल ने कहा कि अधिकारियों के अलावा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ खनिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव के अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन कोयला खनिक अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और स्थानीय बचाव कर्मी लापता खनिकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

पाकिस्तान में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार देर रात एक जीप के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। क्षेत्र के जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना के शांगला जिले में तब हुई, जब एक मोड़ पर जीप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में तीन बच्चे, चार महिलाएं और चालक शामिल है। श्री खान ने कहा कि बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये निकटवर्ती अस्पताल ले गए। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ।

बाकिर कालीबाफ फिर बने ईरान की संसद के अध्यक्ष

दुबई। ईरान की संसद ने मंगलवार को एक बार फिर मोहम्मद बाकिर कालीबाफ को अध्यक्ष चुना। संसद में कुल 287 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 198 ने कालीबाफ को पद पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट दिया। कालीबाफ 2021 में संसद के अध्यक्ष चुने गए थे। राष्ट्रपति चुनावों में मिली असफलताओं के बाद वह संसद के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह ईरान की राजधानी तेहरान के मुखिया थे। कालीबाफ को 1999 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का जनरल रहते हुए ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

अमेरिका में आए तूफान से 22 लोगों की मौत

ह्यूस्टन (अमेरिका)। मध्य और दक्षिणी अमेरिका में गत सप्ताहांत में एक के बाद एक आए शक्तिशाली तूफानों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी, बड़ी संख्या में मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटकी में विनाशकारी तूफानों के कारण लोगों ने अपनी जान गंवाई। दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक तेज गर्मी और लू ने नया रिकॉर्ड बनाया। मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार के बाद ईस्ट कोस्ट में मौसम खराब हो सकता है और छुट्टियां मनाने गए लोगों से वहां से लौटने की सलाह दी गई है।

फिलिस्तीन को राष्ट्र बनाने के पक्ष में स्पेन : प्रधानमंत्री सांचेज

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच लिया गया फैसला

मैड्रिड, एजेंसी

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि उनके देश का मंत्रिमंडल मंगलवार को बैठक में फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा। आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में फिलिस्तीन राष्ट्र को आधिकारिक तौर पर मान्यता देंगे। दर्जनों देशों ने फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है।

सांचेज ने प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य इजराइल और फिलिस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है। सांचेज के इस भाषण का टेलीविजन पर प्रसारण किया गया। समाजवादी नेता सांचेज ने पिछले सप्ताह संसद के समक्ष अपने देश के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम और मान्यता के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से यूरोपीय और पश्चिम एशियाई देशों का दौरा किया था। यूरोपीय संघ के सदस्य आयरलैंड और स्पेन द्वारा फलस्तीन राष्ट्र को राजनयिक मान्यता देने की पूर्व संध्या पर यूरोपीय संघ और इजराइल के आपसी संबंध सोमवार को रसातल में पहुंच गए। दक्षिणी गाजा शहर राफा में लगातार हमलों के लिए इजराइल के खिलाफ प्रतिबंधों पर विचार किया जाना चाहिए।

इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फिलिस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का पुरजोर समर्थन किया है जिसके अभियोजक इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और हमास के नेताओं सहित अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध कर रहे हैं। नॉर्वे ने फिलिस्तीन राष्ट्र को औपचारिक मान्यता देने से पहले सप्ताहांत में फिलिस्तीन सरकार को राजनयिक दस्तावेज़ सौंपे।

सांचेज ने कहा कि फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने का निर्णय इजराइल समेत किसी के भी खिलाफ नहीं है। उन्होंने गाजा में स्थायी संघर्ष विराम, मानवीय सहायता सामग्री की आपूर्ति बढ़ाने और पिछले साल 7 अक्टूबर को हमला करने के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा किए जाने का आह्वान किया। सांचेज ने फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा शासित एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की जो वेस्ट बैंक और गाजा को पूर्वी यरुशलम से जोड़े।

- आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में देंगे मान्यता, किसी बड़े पश्चिमी देश ने नहीं किया ऐसा
- राफा में हो रहे हमलों पर इजराइल के खिलाफ प्रतिबंध पर होना चाहिए विचार : सांचेज

बंदूकधारियों के हमले में सात की मौत, 150 लोगों का अपहरण

अबुजा। नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में चार स्थानीय सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। नाइजीरियाई मीडिया के अनुसार मुन्या सरकारी क्षेत्र के कुची समुदाय में हुई घटना के दौरान भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने 150 से अधिक निवासियों का अपहरण कर लिया था। ब्लूप्रिंट समाचार पत्र ने मुन्या सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अमीनू नाजूम ने बताया कि बंदूकधारियों ने भारी बारिश के दौरान समुदाय पर धावा बोल दिया और घर-घर जाकर लोगों को अगवा किया। भागने का प्रयास करने वाले तीन ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुठभेड़ में सरकार समर्थित सुरक्षा टास्क फोर्स के चार सदस्य भी मारे गए। उन्होंने मुन्या पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और सरकार से निवासियों को आतंकित करने वाले डाकुओं के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। पुलिस ने अभी तक नवीनतम घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

- नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में हुआ हमला

इजराइल के साथ युद्धविराम को लेकर बातचीत नहीं होगी: हमास

गाजा, एजेंसी

हमास ने कहा है कि रविवार की रात दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजराइल के हमले के बाद वह गाजा पट्टी में युद्धविराम या कैदी विनिमय समझौते के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमास ने यह निर्णय इजराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया है, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के संबंध में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक राफा शहर के पास विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में कहा कि मध्यस्थों को प्रस्तुत की गई हमारी शर्तों को छोड़कर इजराइल को कभी उसके नागरिक वापिस नहीं मिलेंगे। स्थायी युद्धविराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

- इजराइली के राफा में विस्थापितों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया फैसला

इजराइली हमले में 16 की मौत

दीर अल बलाह। इजराइल ने गाजा के राफा शहर पर हमले किए हैं जिसमें कम से कम 16 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा और फिलिस्तीनी रेड क्रीसेंट ने यह जानकारी दी। दोनों के मुताबिक, रात में किए हमलों में उत्तर पश्चिम राफा के तेल अल-सुल्तान इलाके में 16 लोगों की मौत हो गई। इजराइल का कहना है कि वह गाजा-मिस्र सीमा के पास पूर्वी राफा में सीमित अभियान चला रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि राफा के पश्चिमी हिस्सों में रातभर बमबारी हुई है।

राफा में हल्के बम का प्रयोग, आग अन्य विस्फोट से लगी: इजराइली सेना

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर के शिविर में घातक आग लगने की घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग हवाई हमले में इस्तेमाल बम से नहीं, बल्कि अन्य विस्फोट से लगी थी। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने मंगलवार को कहा कि हमास के दो उग्रवादियों के ठिकाने पर केवल 17 किग्रा का बम दागा गया था। इतने छोटे बम से आग लगने की आशंका नहीं है और सेना इसकी पड़ताल कर रही है कि संबंधित क्षेत्र में हथियार एवं गोला-बारूद का भंडार रखा था। फिलिस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, रविवार को हमले में 45 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इस हमले को लेकर इजराइल के करीबी सहयोगियों सहित व्यापक तौर पर आक्रोश देखा गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे दुखद हादसा बताया।

संदेशखालि: शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ के किए हमले के संबंध में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच पर आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले में एजेंसी का पहला आरोपपत्र सोमवार को बशीरहाट विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में शेख के घर पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला किया था। टीम शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी क्योंकि घोटाले में जांच के घेरे में आए, गिरफ्तार पूर्व राज्य खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ उसके कथित संबंध थे। आरोप पत्र में सात लोगों के नाम हैं, जिनमें शेख, उसका भाई आलमगीर और सहयोगी जियाउद्दीन मुल्ला, मफुजर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश और हत्या का प्रयास के अलावा दंगा समेत कई आरोप लगाए हैं।

- सीबीआई ने ईडी की टीम पर हमले के संबंध में की कार्रवाई

इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत



ज्येष्ठ की तपती गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। सभी इससे राहत पाने के लिए कई प्रकार के उपाय कर रहे हैं। वहीं कुल लोग इस गर्मी में पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में गर्मी से हाथी को निजात दिलाने की कोशिश करता चिड़ियाघर संचालक। जो हाथी को पानी के बौछार से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। ● एजेंसी

जापान में पहली बार कोविड-19 एंटीबॉडीज दर हुई 60 प्रतिशत

टोक्यो, एजेंसी

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से किए गए दो हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार यहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी पाए जाने की दर पहली बार 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

मंत्रालय ने मार्च में किए दो सर्वेक्षणों के नतीजे विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने पेश किए। सभी आयु समूहों को कवर करने वाले सर्वेक्षण में एंटीबॉडी कब्जे की दर 60.7 प्रतिशत थी, जबकि देश भर में 16 से 69 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं को लक्षित करने वाले एक अन्य सर्वेक्षण में, दर 64.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। सर्वेक्षण में सभी आयु समूहों को शामिल करते हुए 22 प्रान्तों में 3,947 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पांच से 19 वर्ष की आयु वालों के लिए, एंटीबॉडी दर 85 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए यह दर 30 प्रतिशत की सीमा में थी। दूसरे सर्वेक्षण में जापान के सभी प्रान्तों में 18,048 रक्त दाताओं को लक्षित किया। होक्काइडो और टोक्यो के उत्तरी प्रान्त सहित कुल 38 प्रान्तों में एंटीबॉडी दर 60 प्रतिशत से अधिक है। उच्चतम दर ओकिनावा के दक्षिणी प्रान्त में 77.6 और सबसे कम अकिता प्रान्त में 50 प्रतिशत देखी गई।

- स्वास्थ्य मंत्रालय के किए गए दो सर्वेक्षणों से हुआ खुलासा

खगोलशास्त्र हमारे सौर मंडल के नौवें ग्रह के अस्तित्व के साक्ष्य मिले

पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमय ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : रहस्यमय ढंग से छिपे हमारे सौर मंडल के नौवे ग्रह की मौजूदगी के साक्ष्य खगोल वैज्ञानियों ने खोज निकाले हैं। इस ग्रह के अस्तित्व के सबूत क्षुद्रग्रहों से मिले हैं, जो नौवे ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से बंधे हैं। खगोलविदों को उम्मीद है कि इसे जल्द खोज लिया जाएगा।

प्रथम दृष्टया प्लैनेट 9 नेप्च्यून के आकार का है, जो हमारे सौर मंडल के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। कैलटेक यूनिवर्सिटी और साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने शोध के जरिए साक्ष्य जुटाए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ग्रह 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण नेपच्यून से परे छोटे पिंडों का एक समूह एक साथ जुड़ जाता है। ये सुदूर सौर मंडल के पिंड क्षुद्रग्रह बेल्ट के चट्टानी पत्थर अपनी कक्षा में प्लैनेट 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण समान रूप से फैले हुए नहीं हैं। ज्ञातब्य हो कि इसी तरह आठवें ग्रह नेपच्यून की खोज की गई थी।

इस तरह का हो सकता है नौवां ग्रह। (काल्पनिक चित्र)

नेपच्यून यूरेनस की कक्षा में घूम था। गणितीय आधार पर नेप्च्यून की खोज हुई थी। हैरानी की बात है कि इसकी मौजूदगी का पता चलने के सौ साल बाद इसे देखा गया। प्लैनेट 9 भी इसी तरह खोजा जा सकता है। इसके नजदीकी क्षुद्रग्रहों की गति व कक्षा की निगरानी शुरू करने की तैयारी हो रही है। संभव है कि यहीं से प्लैनेट 9 की पुष्टि हो सकेगी। शोधकर्ताओं के अनुसार यह ग्रह पांच पृथ्वियों के आकार का होगा (नेप्च्यून के बराबर) और पृथ्वी की तुलना में सूर्य से 400 से 800 गुना अधिक दूर होगा। इस खोज को एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स ने प्रकाशन के लिए पेपर स्वीकार कर लिया है।

रुबिन वेधशाला टेलेस्कोप से होगी खोज

वेरा रुबिन वेधशाला दूरबीन नौवें ग्रह की खोज में लगाई जाएगी। इस दूरबीन को अगले वर्ष स्थापित किया जाएगा। इस दूरबीन को खासकर हमारे सौर मंडल के छोटे ब्लैक होल की खोज के लिए ईजाद किया जा रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लैनेट 9 की खोज में यह दूरबीन कारगर साबित होगी। प्लैनेट 9 के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा होते रही हैं। इस ग्रह को प्लैनेट एक्स नाम भी दिया गया है। इसे सौर मंडल का बेहद रहस्यमय ग्रह माना जाता है।

बांग्लादेश में रेमल के कहर से पांच और लोगों की मौत

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी।

ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। ढाका से 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। बांग्लादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। देश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने सोमवार को कहा कि चक्रवाती तूफान रेमल के बांग्लादेश के समुद्र तट से टकराने और बाद में इसके कमजोर पड़ने के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी।

- तेज हवाओं से पेड़ उखड़े और बिजली के खंभे गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

गिरफ्तार श्रीलंकाइयों का 46 वर्षीय शख्स हो सकता है आका

कोलंबो। श्रीलंका के सुरक्षा बलों को शक है कि एक 46 वर्षीय शख्स उन चार श्रीलंकाइयों का आका है जिन्हें पिछले हफ्ते भारत के अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आईएसआईएस के साथ कथित संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

न्यूज़फर्स्ट समाचार पोर्टल के मुताबिक, श्रीलंका पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उस्मानद जेर्राड डेमाटागोडा का निवासी है और अक्सर हुलिया बदलता रहता है। पोर्टल ने मंगलवार को कहा कि माना जाता है कि जेर्राड श्रीलंका के संदिग्ध नागरिकों की भारत आने जाने में मदद करता है। पुलिस ने संदिग्ध के ठिकाने की विश्वस्त सूचना देने पर हाल में 20 लाख रुका इनाम घोषित किया था।